■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित

www.navbihartime.com

■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 308
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, शनिवार
12 अप्रैल 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1927 :** ब्रिटिश कैबिनेट ने 21 वर्ष की महिलाओं को मतदान करने का अधिकार देने का समर्थन किया।
**1946 :** सीरिया पर फ्रांस का कब्जा समाप्त हुआ।
**1992 :** हैदराबाद के हुसैन सागर झील में विशालकाय बुद्ध प्रतिमा स्थापित की गई।
**2007 :** पाकिस्तान ने ईरान गैस पाइनलाइन पर भारत को मंजूरी दी।
**2013 :** फ्रांस की सीनेट ने समलैंगिक विवाह को मान्यता दी।

**सफल और असफल लोग अपनी क्षमता में बहुत भिन्न नहीं होते हैं। वे अपनी क्षमता तक पहुंचने के लिए अपनी इच्छाओं में भिन्न होते हैं।**

# 40 दिनों में बिहार में 17 नक्सली एवं 137 इनामी अपराधी गिरफ्तार

## अपराध एवं अपराधियों के खात्मे को लेकर बिहार पुलिस सजग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य की विधि-व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाए रखने के लिए अपराधियों खासकर कुख्यात और इनामी अपराधियों के खिलाफ पुलिस के स्तर से निरंतर कार्रवाई जारी है। पिछले 40 दिनों में बिहार में 1 लाख का इनामी समेत 17 नक्सली, 137 इनामी अपराधी और विभिन्न जिलों के टॉप-10 अपराधियों की सूची में शुमार 17 कुख्यात अपराधियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। यह जानकारी एडीजी (विधि-व्यवस्था) पंकज कुमार दराद ने शुक्रवार को दी। पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में एडीजी ने कहा कि इस अवधि में पकड़े गए अपराधियों एवं नक्सलियों के




पास से 1 एके-47, 3 एसएलआर, 4 रेगुलर रायफल, 986 कारतूस समेत अन्य चीजें बरामद हुई हैं। एडीजी ने बताया कि पिछले 40 दिनों में नक्सलियों एवं अपराधियों के साथ 4 बार मुठभेड़ हो चुकी है। गया के इमामगंज में 4 अप्रैल को जमुई के कटोरिया थाना क्षेत्र में हुई छापेमारी में 4 नक्सली गिरफ्तार किए गए हैं। इनके पास से 4 रेगुलर रायफल और 527 कारतूस बरामद किए गए हैं। एसटीएफ ने रोहतास के उदवंतनगर में छापेमारी के दौरान 1 एके-47 और 43 गोली बरामद की गई है। उन्होंने कहा कि एके-47 बरामदगी मामले की जांच की जाएगी। इसके लिंक कहां तक जुड़े हुए है, इसकी पूरी गंभीरता से तफ्तीश होगी।नेता

### प्रतिपक्ष की बताई अधिकांश घटनाएं आधारहीन : एडीजी

एडीजी दराद ने कहा कि हाल में नेता प्रतिपक्ष ने बिहार में हुई दर्जनों घटनाओं का उल्लेख करते हुए विधि-व्यवस्था पर सवाल उठाये थे। इन सभी घटनाओं की मुख्यालय के स्तर से जांच कराई गई, तो महज 46 घटनाओं की ही पहचान हो पायी है। शेष घटनाओं के बारे में की सूचना नहीं मिली है। उन्होंने अपने एक्स पोस्ट पर इन घटनाओं से संबंधित न तो किसी स्थान का उल्लेख किया है और न ही इससे जुड़ा कोई अन्य विवरण ही दिया है। गौरतलब है कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने अपने एक्स पोस्ट पर 117 घटनाओं का उल्लेख किया है। इसमें अधिकंाश घटनाओं के बारे में कोई सटीक जानकारी नहीं है। जिन 46 घटनाओं का जिक्र है, वे अधिकंाश आपसी रंजिश, छोटे-मोटे लेनदेन या विवाद, प्रेम प्रसंग समेत ऐसी अन्य घटनाएं शामिल हैं।

# एनडीए सरकार के साथ लालू के जंगल राज पर निशाना साधा प्रशांत ने

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने शुक्रवार को कहा कि अगले छह महीने में बिहार की सरकार को बदल देंगे और यहां अपनी सरकार बनायेंगे। प्रशांत किशोर ने पटना के गांधी मैदान में पार्टी की बदलो बिहार रैली को संबोधित करते हुए लालू यादव के जंगल राज पर भी निशाना साधा। उन्होंने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को भी आड़े हाथों लिया। लेकिन, सबसे अधिक उनके निशाने पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रहे। प्रशांत किशोर ने बिहार सरकार पर जन सुराज के लोगों को पटना में प्रवेश नहीं करने देने का आरोप लगाया और रैली में अपेक्षा के अनुरूप भीड़ की उपस्थित नहीं हो पाने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि यहां 5 लाख लोगों को आना था, लेकिन 2 लाख लोगों को पटना से बाहर ही रोक लिया गया। वे पटना के आसपास ही फंसे रह गए। उन्होंने कहा कि अगर 2015 में हम नहीं होते तो आज नीतीश कुमार संन्यास ले लिए होते। प्रशांत किशोर एक कहावत भी कही कि जो शादी करवाता है वही श्राद्ध भी करवाता है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के अफसरों के जंगल राज को खत्म करना जरूरी है। प्रशांत किशोर ने प्रशासन को नकारा बताते हुए कहा कि हमने प्रशासन के सभी आला अधिकारियों को सूचना दी थी, लेकिन उनकी तरफ से हमारी कोई मदद नहीं की गई। प्रशांत किशोर ने लोगों से पूछा कि जंगल राज नहीं चाहिए, तो लोगों ने कहा नहीं चाहिए। लालू नीतीश का राज नहीं चाहिए, तो लोगों ने कहा नहीं चाहिए। प्रशांत किशोर ने लोगों से जय बिहार, जय जय बिहार का नारा भी लगवाया। उल्लेखनीय है कि बिहार में सियासी जमीन तलाश रहे प्रशांत किशोर को एक बार फिर से फजीहत का सामना करना पड़ा है। प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज ने 11 अप्रैल को पटना के गांधी मैदान में



बदलाव रैली का आयोजन किया था। दावा किया गया था कि रैली में लाखों की संख्या में लोग पहुंचेंगे हालांकि सारे दावे हवा हवाई साबित हो गए। दरअसल, देशभर की राजनीतिक पार्टियों के लिए रणनीति तय करने वाले प्रशांत किशोर ने बड़े ही अरमानों के साथ सियासत में कदम रखा था। शुरुआत के दिनों में तो उन्होंने पार्टी बनाने की बात को खारिज कर दिया था लेकिन जब पदयात्रा के दौरान उन्हे लोगों का समर्थन मिला तो आखिरकार उन्होंने राजनीति में उतरने का एलान कर दिया। प्रशांत किशोर ने दावा किया था कि वह बिहार की पूरी व्यवस्था को ठीक कर देंगे। पीके ने बिहार विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारने का एलान किया था हालांकि इस बीच राज्य में हुए उपचुनावों में ही उन्होंने अपने उम्मीदवार उतार दिए। इन उपचुनावों में वह अपना जलवा तो नहीं दिखा सके लेकिन वोटकटवा की भूमिका में जरूर आ गए।

# तालाब में डूबने से चार लड़कियों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गढ़वा।** गढ़वा जिले के गढ़वा थाना क्षेत्र के हरैया गांव स्थित नदी आरा टोला में शुक्रवार को तालाब में डूबने से चार युवतियों की जान चली गयी। मृतकों में हरैया गांव निवासी चंदन सिंह की 10 वर्षीय पुत्री लाडो सिंह, जितेंद्र सिंह की 22 वर्षीय पुत्री अंकिता सिंह, पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के पगार निवासी विशिष्ट सिंह की 18 वर्षीय पुत्री रोमा सिंह और लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के पूर्णाडीह निवासी अभिषेक सिंह की 15 वर्षीय पुत्री मीठी सिंह शामिल हैं। घटना के तुरंत बाद परिजनों ने सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। मीठी और रोमा छठी के कार्यक्रम में शामिल होने अपने रिश्तेदार के घर आई थीं। शुक्रवार को लाडो, अंकिता, मीठी, रोमा और मीठी का भाई पास के तालाब में स्नान करने गए थे। बताया जा रहा है कि गहरे पानी में एक-एक कर चारों लड़कियां डूबने लगीं। परिजनों को इसकी सूचना दी गई, लेकिन जब तक मदद पहुंचती, तब तक देर हो चुकी थी।

# सात दिनों के भीतर शिक्षकों को बकाया वेतन का मिलेगा भुगतान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए बड़ी राहत की खबर है। लंबे समय से मार्च समेत बकाया वेतन का इंतजार कर रहे सभी कोटि के शिक्षकों को अब एक हफ्ते के भीतर भुगतान मिल जाएगा। शिक्षा विभाग ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि सात दिनों के भीतर सभी शिक्षकों को वेतन और बकाया का भुगतान हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। गुरुवार को शिक्षा विभाग के उप सचिव अमित कुमार पुष्पक के हस्ताक्षर से यह आदेश जारी हुआ। इसमें साफ कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत जिलों में कार्यरत सभी शिक्षक– चाहे वे स्थायी हों या नियोजित– उन्हें मार्च के वेतन के साथ उनके लंबित बकाया का भुगतान नियमानुसार किया जाए। जिला शिक्षा पदाधिकारियों को यह भी कहा गया है कि भुगतान पूरा होने के बाद इसकी जानकारी विभाग को तत्काल भेजी जाए। राज्य में ऐसे करीब 32 हजार शिक्षक हैं, जिन्होंने सक्षमता परीक्षा पास कर नियोजित से 'विशिष्ट शिक्षक' का दर्जा तो पा लिया, लेकिन तीन महीने से वेतन के इंतजार में हैं। इनमें बड़ी संख्या में ऐसे शिक्षक भी हैं जिनका प्रान नंबर अब तक जेनरेट नहीं हो सका है, जबकि कुछ का प्रान नंबर बन चुका है, फिर भी वे वेतन से वंचित हैं।



# भारतीय खाद्य निगम ने सुनिश्चित किया दो घंटे में किसानों को भुगतान : डा. अजीत

## कोलकाता और नार्थ ईस्ट कार्यकारी निदेशकों ने किया क्रय केन्द्रों का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/ कोलकाता/ पटना।** भारतीय खाद्य निगम द्वारा गेहूं अधिप्राप्ति में पारदर्शिता और तीव्रता को बढ़ावा देते हुए बिहार के विभिन्न जिलों में गेहूं खरीद के बाद मात्र दो घंटे में किसानों को भुगतान सुनिश्चित किया गया। इससे किसानों में उत्साह का माहौल है और वे सरकारी क्रय केंद्रों की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। भारतीय खाद्य निगम मुख्यालय, नई दिल्ली के कार्यकारी निदेशक (सुरक्षा, भंडारण एवं अनुबंध) अजीत



कुमार सिन्हा ने भोजपुर जिले के पीरो/ जगदीशपुर स्थित गेहूं क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया और वहीं गेहूं खरीद की प्रक्रिया संपन्न कराई। उन्होंने सुनिश्चित किया कि किसानों को दो घंटे के भीतर भुगतान मिल जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से बातचीत कर न्यूनतम समर्थन मूल्य और सरकारी केंद्रों से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। साथ ही किसानों को सरकारी क्रय केंद्रों पर ही अनाज बेचने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने पिरो, जगदीशपुर और हरिगांव स्थित पैक्स केंद्रों का भी दौरा किया। इस दौरान एफसीआई के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। भारतीय खाद्य निगम, आंचलिक कार्यालय, कोलकाता के कार्यकारी निदेशक (पूर्वी अंचल) मनोज कुमार गोगोई ने गया जिले के गुरारू स्थित गेहूं क्रय केंद्र पर गेहूं खरीद की प्रक्रिया करवाई और दो घंटे में भुगतान सुनिश्चित करवाया। उन्होंने किसानों से संवाद कर उनका फीडबैक लिया और उन्हें गमछा देकर सम्मानित किया। इसके अलावा उन्होंने एक समीक्षा बैठक भी की, जिसमें बिहार क्षेत्र के महाप्रबंधक अमित भूषण एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। उधर, नॉर्थ ईस्ट जोन के कार्यकारी निदेशक दिव्य प्रकाश शुक्ला ने पश्चिम चंपारण जिले के मैनाटांड़ स्थित गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण किया और किसानों से फीडबैक लिया। उन्होंने गेहूं खरीद प्रक्रिया संपन्न कराई और दो घंटे में किसानों को भुगतान सुनिश्चित करवाया। उन्होंने अथरी पैक्स भवन में किसानों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। बिहार राज्य में भारतीय खाद्य निगम द्वारा कुल 151 केंद्रों पर गेहूं अधिप्राप्ति की जा रही है। खरीद से लेकर भुगतान तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन और पूर्ण पारदर्शिता के साथ की जा रही है। 11 अप्रैल 2025 तक राज्य में कुल 3789 मीट्रिक टन गेहूं की अधिप्राप्ति की जा चुकी है। सरकारी तंत्र द्वारा किसानों को त्वरित भुगतान और न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी दिए जाने से वे बेहद उत्साहित हैं और बड़ी संख्या में सरकारी केंद्रों का रुख कर रहे हैं।

## एक नजर

### 13 अप्रैल से आकाशवाणी के हिंदी और उर्दू बुलेटिन के प्रसारण समय में बदलाव

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आकाशवाणी, पटना के श्रोताओं के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना है। प्रादेशिक समाचार एकांश द्वारा प्रस्तुत दोपहर के हिंदी और उर्दू समाचार बुलेटिन के प्रसारण समय में परिवर्तन किया गया है। यह नया समय 13 अप्रैल, रविवार से लागू होगा। आकाशवाणी, पटना द्वारा जारी सूचना के अनुसार, हिंदी का प्रादेशिक समाचार बुलेटिन अब प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे प्रसारित किया जाएगा। वहीं, उर्दू भाषा में प्रसारित होने वाला प्रादेशिक समाचार बुलेटिन 2:05 बजे से श्रोताओं को उपलब्ध होगा। प्रादेशिक समाचार एकांश के प्रमुख अजय कुमार ने बताया कि यह बदलाव श्रोताओं की सुविधा और कार्यक्रम के समय-संयोजन को ध्यान में रखते हुए किया गया है। समाचार बुलेटिनों का उद्देश्य राज्य से संबंधित ताज़ा समाचारों को शीघ्र और सटीक रूप में श्रोताओं तक पहुँचाना है। श्रोता अपने रेडियो सेट या डिजिटल माध्यमों के जरिए निर्धारित नये समय पर समाचार बुलेटिन का लाभ उठा सकते हैं। सुबह और शाम के समाचार बुलेटिन पूर्ववत समय पर प्रसारित होते रहेंगे।

### अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर निकाला विरोध मार्च

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लहसूना थाना के उसमानचक गांव के रजनीश हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग और फांसी देने की मांग को लेकर बहुजन समाज पार्टी के बैनर तले सैकडों की संख्या में शहर में जुलूस निकाल कर विरोध मार्च किया। कर्पूरी चौक से अनुमंडल चौराहा तक यह विरोध मार्च निकाला गया, जहां सैकड़ो की संख्या में हाथों में झंडा लिए लोग विरोध प्रदर्शन करते दिखे। दरअसल आंदोलनकारीयों ने बताया कि बीते 31 मार्च को लहसुना में एक युवक रजनीश कुमार पिता अजीत कुमार को करंट लगाकर उसकी हत्या कर बेरहमी से मार कर फेंक दिया था। आज तक उसके हत्यारे को पता पुलिस नहीं लगा पाई है पुलिस अपराधियों से मिल चुकी है। जल्द ही उन अपराधियों को चिन्हित करके गिरफ्तार कर उन्हें फांसी की सजा दिलाई जाए, मृतक के परिजनों को 20 लाख रुपया और एक सरकारी नौकरी दिया जाए। मौके पर राज कुमार राम, अलख निरंजन पाल (प्रदेश सचिव), गंगा विष्णु दास राजु दास चितरंजन कुमार,सत्येन्द्र कुमार धर्मवीर कुमार कृष्णा दास, सिद्धिव्रत चौधरी आदी शामिल रहे।

### मसौढ़ी धनरूआ में कुल 18 बिजली पोल गिरे

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गुरुवार की शाम तेज आये आंधी पानी में तबाही का मंजर देखने को मिला है।और इस तबाही में सबसे ज्यादा नुकसान बिजली बिभाग को हुई है।दरअसल तेज आंधी मे सडको के किनारे तकरीबन 15 से अधिक जगहो पर पेड उखड कर कहीं बिजली के तार पर गिरे तो कही ट्रांसफार्मर पर गिरे एवं कई जगहों पर सडको पर ही बिजली पोल मिट्टी गिला होते ही गिर गये।ऐसे मे मसौढ़ी एवं धनरूआ मे प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 जगहों पर बिजली पोल गिर गये जिसके कारण मसौढी के धनौती, भखरा,देवरिया फिडर से जुडे सभी गांव इसके अलावा धनरूआ मे भी दर्जनों गांव प्रभावित है और पिछले 14 घंटों से बिजली बाधित है जिससे आम जनमानस बेहाल.हो चुकी है।

# वीआईपी पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और निषाद समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने थामा कांग्रेस का दामन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** निषाद समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष और वीआईपी पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेश मुखिया बिंद ने आज अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कंग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। यह कार्यक्रम 'पलायन रोको, नौकरी दो यात्रा' के मंच पर आयोजित किया गया, जहां कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार, और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में उन्हें पार्टी में शामिल किया गया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने इस अवसर पर कहा कि ''बिहार का पिछड़ा, अति पिछड़ा और दलित समाज अब मुख्यधारा से जुड़ना चाहता है, और कंाग्रेस पार्टी इसके लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सुरेश मुखिया बिंद जैसे जमीनी नेता के पार्टी में आने से संगठन को निश्चित ही मजबूती मिलेगी।''

इसके साथ ही समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर प्रखंड से निर्वाचित जिला परिषद सदस्य रवि रौशन भी कंाग्रेस में शामिल हुए। कार्यक्रम में कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चीव, समेत कई अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। सुरेश मुखिया बिंद अति पिछड़ा वर्ग में एक चर्चित नाम हैं और लंबे समय तक वीआईपी पार्टी में नेतृत्वकारी भूमिका में रहे हैं। अब कंाग्रेस में शामिल होकर उन्होंने सामाजिक न्याय और राजनीतिक परिवर्तन के लिए काम करने की बात कही है।

# भाजपा नेता प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने राज्यपाल से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन

## अति पिछड़ा वर्ग को एससी/एसटी अत्याचार अधिनियम में शामिल करने की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने शुक्रवार को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से राजभवन में मुलाकात कर अति पिछड़ा वर्ग (एबीसी) के लिए सामाजिक न्याय की दिशा में कई मांगें रखीं। उन्होंने अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम में संशोधन कर अति पिछड़ा वर्ग को भी शामिल करने की मांग की, जिससे उन्हें भी सामाजिक उत्पीड़न से राहत मिल सके। चंद्रवंशी ने कहा कि बिहार का अति पिछड़ा समाज आज भी सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक और राजनीतिक रूप से पिछड़ा हुआ है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकारों ने इस



दिशा में कई कदम उठाए हैं, जिससे स्थिति में आंशिक सुधार आया है। उन्होंने जातिगत जनगणना के आधार पर आरक्षण का दायरा बढ़ाने, पंचायती राज और नगर निकायों में आरक्षण के जरिए सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में हो रहे प्रयासों की सराहना की। राज्यपाल को सौंपे ज्ञापन में चंद्रवंशी ने पाँच प्रमुख मांगें रखीं, जिनमें रोहिणी आयोग की सिफारिशों को लागू करना, बिहार के अति पिछड़ा वर्ग आयोग को वैधानिक दर्जा देना, अति पिछड़ा वर्ग के युवाओं को स्वरोजगार और उद्योग से जोड़ने के लिए अति पिछड़ा वित्त विकास निगम का गठन, तथा भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर के सम्मान में एक सामाजिक-आर्थिक शोध संस्थान की स्थापना शामिल है। उन्होंने बताया कि राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने मुलाकात के दौरान सकारात्मक रुख अपनाते हुए प्रधानमंत्री को जस्टिस रोहिणी आयोग की रिपोर्ट लागू करने के संदर्भ में पत्र लिखने का आश्वासन दिया। साथ ही शेष चार मांगों पर राज्य सरकार को आवश्यक निर्देश देने की बात कही। इस अवसर पर भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के बिहार सह संयोजक पवन ठाकुर भी मौजूद थे।

# कस्तूरबा गांधी जयंती पर एसडीएम ने छात्राओं के साथ काटे केक, सामाजिक उत्थान का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मसौढी।** मसौढी स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय -4, में शुक्रवार को धूमधाम से कस्तूरबा जयंती मनाया गया। जहाँ छात्राओं के बीच एसडीएम अमित कुमार पटेल केक काटे। मौके श्रीमती गिरिजा कुंवर हाई स्कूल के कई शिक्षक सब इंस्पेक्टर जय कुमारी, दीपक शर्मा, संचालिका पम्मी कुमारी, पप्पू सिंह शामिल रहे।सबों ने कस्तुरबा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया। छात्राओं ने रंगोली, चित्रांकन आदि कार्यक्रम कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर



दिया। इस अवसर पर छात्राओं ने संकल्प लेते हुए कहा हम लोग समाज में व्याप्त बाल विवाह, दहेज प्रथा व नशा का विरोध करूंगी। साथ ही साथ इन सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन हेतु अपने परिवार व समाज में जागृति लाने का प्रयास करूंगी। साथ ही यह भी संकल्प लेती हूं कि कस्तूरबा विद्यालय से शिक्षा ग्रहण के उपरांत आगे की शिक्षा जारी रखेंगे। एसडीएम ने विद्यालय के छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कस्तूरबा गांधी के जीवनी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होने कहा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पत्नी कस्तूरबा गांधी का जीवन गांधीजी के संघर्षों और विचारों में गहराई से जुड़ा हुआ था क्योंकि वह सिर्फ उनकी पत्नी नहीं बल्कि उनकी सच्ची साथी, सहारा और प्रेरणा थीं।

# ठनका से 80 की मौत, परिजनों को मिलेगा चार-चार लाख का मुआवजा

## फसलों को नुकसान पहुंचने पर किसानों को भी मिलेगी सहायता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य के आपदा प्रबंधन मंत्री विजय कुमार मंडल ने शुक्रवार को जानकारी दी कि पिछले 48 घंटे में आंधी, बारिश और आकाशीय बिजली गिरने से बिहार में 80 लोगों की मौत हुई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी मृतकों के आश्रितों को चार-चार लाख रुपये मुआवजे की घोषणा की है। इसके साथ ही जिन किसानों की फसलें क्षतिग्रस्त हुई हैं, उन्हें भी सरकार की ओर से आर्थिक सहायता दी जाएगी। मंत्री ने बताया कि खराब मौसम के कारण कई जिलों में पेड़ और दीवारें गिर गईं, झोपड़ियां उखड़ गईं और जनहानि के साथ-साथ संपत्ति का भी नुकसान हुआ है। नालंदा जिले में सबसे ज्यादा 23 लोगों की मौत हुई है, जबकि भोजपुर में 5, गया में 3, और गोपालगंज, पटना, जहानाबाद, अरवल और मुजफ्फरपुर में 1-1 व्यक्ति की जान गई है। इस बीच, भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि 12 अप्रैल तक बिहार के कई हिस्सों में तेज बारिश, बिजली गिरने और गरज के साथ बारिश की संभावना बनी हुई है। कुछ जिलों में ओलावृष्टि और तेज हवाएं चलने की भी आशंका जताई गई है। मौसम विभाग ने बताया कि यह खराब मौसम पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती परिसंचरण के कारण हो रहा है, जिससे पूरे राज्य में गंभीर मौसम पैटर्न बन गया है। विभाग ने आगामी पांच दिनों के लिए अलर्ट जारी किया है और संवेदनशील जिलों के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। सरकार ने जिला प्रशासन को राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाने और मौसम के मद्देनजर किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए हैं।

# कांग्रेस बताए अपने शासित राज्यों में कितनी नौकरियां दीं : राजीव रंजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने शुक्रवार को कांग्रेस की 'पलायन रोको, नौकरी दो' यात्रा पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि कांग्रेस को पहले अपने शासित राज्यों–हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक–में दी गई नौकरियों और रोजगार के वास्तविक आंकड़े सार्वजनिक करने चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में 10 लाख से अधिक नौकरियां और 28 लाख रोजगार दिए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि मौजूदा विधानसभा कार्यकाल के अंत तक सरकार का लक्ष्य 12 लाख



नौकरियां और 38 लाख रोजगार सृजित करने का है। कहा कि 2005 के पहले लालू-राबड़ी शासनकाल में बिहार बदहाली के दौर से गुजर रहा था। न नौकरियां थीं और न ही कोई अवसर। अवसरों की तलाश और जान बचाने के लिए लोग बड़े पैमाने पर पलायन कर रहे थे लेकिन नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार इस अंधकार से उबर चुका है। कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हाल ही में एक दिन में बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के टीआरई-3 परीक्षा में चयनित 51,389 विद्यालय शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इसके अलावा, जातीय सर्वे के आधार पर आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों के प्रत्येक एक सदस्य को छोटे उद्यमों के लिए दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। राजीव रंजन ने कांग्रेस को नसीहत दी कि केवल पदयात्राएं और बयानबाजी करने से युवाओं को रोजगार नहीं मिलेगा, बल्कि इसके लिए जमीनी स्तर पर प्रयास और ठोस योजनाओं की जरूरत होती है।

# बिहार का मुख्यमंत्री चुनाव परिणाम के बाद तय होगा : सचिन पायलट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने शुक्रवार को कहा कि बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद ही मुख्यमंत्री पद को लेकर निर्णय लिया जाएगा। पटना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पायलट ने स्पष्ट किया कि 'पहले चुनाव लड़ा जाएगा, बहुमत मिलने के बाद मुख्यमंत्री के नाम पर फैसला होगा।' वह कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार की 'पलायन रोको, नौकरी दो यात्रा' के अंतिम दिन पटना में आयोजित मुख्यमंत्री आवास मार्च में भाग लेने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार





और केंद्र की भाजपा सरकार पर बेरोजगारी व पलायन को लेकर गंभीर आरोप लगाए। सचिन पायलट ने कहा कि 'बिहार के नौजवानों में जबरदस्त प्रतिभा है, लेकिन उन्हें मजबूरी में अपना राज्य छोड़ना पड़ता है।' उन्होंने कहा कि आज भी बीए, एमए पास युवा दो वक्त की रोटी के लिए दिल्ली, पंजाब, मुंबई, गुजरात जैसे राज्यों में मजदूरी करने को मजबूर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 'बिहार में वर्षों से शासन कर रहे नेताओं ने युवाओं की अनदेखी की। पेपर लीक, भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी जैसी घटनाओं ने युवाओं का सरकारी व्यवस्था से भरोसा छीन लिया है।' पायलट ने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार दिया जाएगा और राज्य में निवेश को प्रोत्साहित किया जाएगा। सचिन पायलट ने नीतीश कुमार द्वारा 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को समर्थन देने पर निशाना साधते हुए कहा, 'कम से कम 10-20 लाख नौकरियों की बात ही कर लेते।' उन्होंने एनएसयूआई द्वारा चलाई गई इस यात्रा को युवाओं को जागरूक करने का एक अहम कदम बताया। वहीं, कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि 'बिहार की 13 करोड़ की आबादी में 8 करोड़ युवा 25 वर्ष से कम उम्र के हैं। लेकिन 20 वर्षों के शासन के बाद भी नीतीश कुमार रोजगार नहीं दे सके, इसलिए आज बिहार का युवा पलायन कर रहा है।' इस बीच सचिन पायलट के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि महागठबंधन में तेजस्वी यादव ही मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार हैं। उन्होंने कहा, '2020 में भी चेहरा तेजस्वी यादव थे और 2025 में भी वही रहेंगे। किसी को इस बात को लेकर भ्रम नहीं होना चाहिए।' तिवारी ने यह भी जोड़ा कि राजद महागठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी है और तेजस्वी यादव ही ड्राइविंग सीट पर हैं। कंाग्रेस में कोई क्या बोल रहा है, इसका फर्क नहीं पड़ता। हमारा नेतृत्व तय है।

# आंधी पानी में एक हजार मुर्गियां मरी

**मसौढी।** तेज आए आंधी पानी में मसौढी धनरूआ के इलाकों में भारी तबाही मचाई है ऐसे में कई जान माल का नुकसान हुआ है। ऐसे में धनरूआ प्रखंड के विजयपुरा पंचायत में दोस्त मोहम्मदपुर गांव में एक पोल्ट्री फार्म में तकरीबन 1000 मुर्गियां इस आफत की आंधी पानी में मर गई है। पीड़ित संजीव कुमार पिता धर्मदेव कुमार ने बताया कि हमारे पोल्ट्री फार्म के बगल में नल जल का एक पानी टंकी लगाई गई थी और वह तेज आए हुए आंधी पानी में पानी टंकी हमारी पोल्ट्री फार्म पर ही आकर गिर गई। जिसे पोल्ट्री फार्म में तकरीबन 1000 मुर्गियां उससे दब कर मर गई और बचा हुआ कुछ आंधी पानी में ऊपर के करकट उजड़ने से जिसमें उसे मौत हो गई।

# जनता के दिल से उतर चुकी कांग्रेस को बिहार में नहीं मिलने वाला है मौका : मंगल पांडेय

## कन्हैया को बिहार भेजकर कांग्रेस ने तेजस्वी को बताया औकात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री श्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि बिहार में 15 वर्षों तक जंगल राज की सहभागी रही कंाग्रेस को आंदोलन से पहले प्रायश्चित कर बिहारवासियों से माफी मांगनी चाहिए। पटना की सड़कों पर आंदोलन करने वाली वही कांग्रेस है जो बिहार को बर्बाद और मजाक का पात्र बनाने वाले लालू प्रसाद की सत्ता की हिस्सेदार रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को वर्तमान एनडीए सरकार पर आरोप लगाने व बिहार के युवाओं को बरगलाने से पहले उन दिनों को याद कर लेना चाहिए जब बिहार में फिरौती के लिए अपहरण को उद्योग का दर्ज़ा मिल गया था। हजारों डॉक्टर और इंजीनियरों के साथ कारोबारियों को बिहार से पलायन करने के लिए विवश होना पड़ा था। अपराधियों के भय से शाम होने के पहले ही लोग घरों में दुबक जाते थे।

श्री पाण्डेय ने कहा कि रोजगार और पलायन को मुद्दा बना कर घड़ियाली आंसू बहाने वाली कांग्रेस को पहले बिहार को बर्बाद करने वाले राजद से सवाल पूछना चाहिए। उन्होंने कहा कि दरअसल अस्तित्व संकट के दौर से गुजर रही मुद्दाविहीन कांग्रेस बिहार में कन्हैया कुमार को भेज कर राजद और उसके युवराज को औकात दिखाना चाहती है।

श्री पांडेय कहा कि जनता की चित्त से उतर चुकी कांग्रेस चाहे जितना ढोंग कर लें उस को बिहार के लोग दुबारा मौका देने वाले नहीं है। बिहार के लोग एनडीए की डबल इंजन की सरकार में चतुर्दिक विकास का स्वाद चख चुके हैं, अब वे कांग्रेस के झांसे में आने वाले नहीं है।

# मानसिक स्वास्थ्य ठीक रखने में एक्युप्रेशर कारगर : डॉ. सर्वदेव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मानसिक स्वास्थ्य को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को बिस्कोमान कॉलोनी गोलंबर स्थित बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज परिसर में एक्युप्रेशर गुरु दिवस के अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य विषयक संगोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए एक्युप्रेशर महागुरु डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य एक ऐसी स्थिति है जो व्यक्ति को जीवन में तनाव से निपटने, अपनी क्षमताओं को पहचानने, सीखने, काम करने तथा समाज में सकारात्मक योगदान देने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि मानसिक तनाव, अवसाद एवं चिंता



मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं। इसके पीछे गरीबी, पेशा, शिक्षा, बचपन की प्रतिकूलता, सामाजिक भय, जैविक कारण आदि प्रमुख कारक हैं। उन्होंने बताया कि महिलाओं में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी लक्षण पुरुषों की तुलना में चार गुना अधिक पाए जाते हैं। डॉ. गुप्त ने बताया कि अमेरिका जैसे विकसित देशों में मानसिक रोग अत्यधिक देखे जा रहे हैं, और भारत भी उसी दिशा में बढ़ रहा है। इससे बचाव के लिए अच्छी नींद, संतुलित आहार, प्राणायाम और नियमित व्यायाम के साथ-साथ एक्युप्रेशर चिकित्सा अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे कॉलेज के सचिव डॉ. अजय प्रकाश ने बताया कि सिजोफ्रेनिया, अवसाद, नशे की लत, बुढ़ापे से जुड़ी मानसिक समस्याएं, मिर्गी, अनिद्रा और हिस्टीरिया जैसी स्थितियों में एक्युप्रेशर से लाभ होता है। पूर्व सिविल सर्जन एवं एनाटॉमी विभाग के एचओडी डॉ. एलपी सिंह ने मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी को कोषाध्यक्ष वीणा प्रकाश, उपेंद्र नायक समेत कई वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जितेंद्र कुमार सर्व प्रकाश, डॉ. रंजना, डॉ. नेयाज, डॉ. विकाश कुमार, डॉ. सुनील कुमार सुमन, डॉ. हरेंद्र कुमार सिंह, विजय कुमार, डॉ. उपेंद्र नायक, डॉ. प्रीति पोद्दार, डॉ. मानसी, डॉ. काजल, डॉ. सुशांत, डॉ. अंजली, डॉ. राघवेंद्र नारायण गर्ग, अभव्या प्रकाश, श्रुति कुमारी, आदित्य प्रकाश, शशि भूषण, सोनी देवी आदि का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# 35 पुलिस अधिकारी और पांच नागरिक आज होंगे सम्मानित

## बेहतर कार्य के लिए किया जायेगा सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डिहरी ऑन सोन।** शाहबाद पुलिस प्रक्षेत्र के चारों जिलों रोहतास, भोजपुर, बक्सर व कैमूर में बेहतर कार्य करने वाले 35 पुलिस कर्मियों समेत पांच नागरिकों को शनिवार को सम्मानित किया जाएगा। डीआईजी डॉ सत्य प्रकाश के अनुसार मुख्यालय के निर्देशानुसार सम्मानित होने वाले पुलिस अधिकारियों में रोहतास जिला बल के 12, बक्सर के 10 कैमूर जिला बल के 13 पुलिसकर्मीयो को घटना के उद्भेदन में बेहतर कार्य करने के लिए सम्मानित किया जाएगा।वहीं बक्सर जिले के दो नागरिकों भी भोजपुर जिले के तीन नागरिकों को भी पुलिस के सहयोग के लिए सम्मानित किया जाएगा।

डीआईजी ने बताया कि शनिवार को डीआईजी कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में चारों जिलों के एसपी मौजूद रहेंगे।

# स्वच्छ रहें स्वस्थ रहें के उदघोष के साथ महापरिवर्तन आंदोलन ने चलाया जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**जहानाबाद।** महापरिवर्तन आंदोलन के हुलासगंज प्रखंड शिष्टमण्डल के अगुआई में प्रखंड मुख्यालय में जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सभी दुकानदारों और विक्रेताओं से अपील की गई कि दुकान के सामने स्वछता बनायें रखें। अभियान में शामिल प्रबुद्ध लोग रास्ते पर पड़ा कूड़ा- कचरा को उठाकर डस्टबिन में डालते जा रहे थे। इस अभियान में हुलासगंज इंजीनियरिंग कॉलेज के सैंकड़ो छात्र छात्राओं समेत कॉलेज के प्रोफ़ेसर भी शामिल थे। अभियान की अगुआई शिष्टमण्डल समिति के संयोजक नंदकिशोर कुमार, परमात्मा शर्मा के साथ-साथ हुलासगंज प्रखंड के कार्यकारिणी समिति के संयोजक रौशन कुमार कर रहे थे। गौरतलब है कि महापरिवर्तन आंदोलन के प्रेरणास्रोत विनय कुमार सिंह गंदगी और वाद-विवाद मुक्त परिवेश के लिए पिछले कई वर्ष से प्रयासरत हैं। आज के इस अभियान में रणधीर कुमार, मन्ना जी, कॉलेज के प्रोफ़ेसर पुरुषोत्तम कुमार, नवनीत कुमार, शशि कुमार के अलावा सतीश कुमार, अंकित गुप्ता समेत दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

# बलात्कारियों को फांसी की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डिहरी ऑन सोन।** एंटी करप्शन इन्वेस्टिगेशन कैंप कार्यालय डेहरी डालमियानगर से राष्ट्रीय मुख्य सचिव मनीष कुमार शरण में राष्ट्रीय महिला आयोग नई दिल्ली को वाराणसी उत्तर प्रदेश में 31 मार्च 2025 से 6 अप्रैल 2025 तक 18 वर्षीय एक लड़की को 7 दिनों तक 23 लड़कों के द्वारा सामूहिक बलात्कार की सूचना के साथ फास्ट ट्रैक कोर्ट में केस चला कर फांसी की सजा मुकर्रर करने की निवेदन की गई है। उन्होंने कहा कि आज के नया पीढ़ी की जिस तरह से मानसिकता भ्रष्ट हो रही है, उससे इस सभ्य समाज में एक डर का माहौल पैदा हो रहा है। इस डर को समाप्त करने का दो ही विकल्प हैं। पहला विकल्प में युवाओं को सामाजिक तौर पर एक बेहतर प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए जिससे वह समझ सके समाज में रहना कैसे हैं। दूसरा विकल्प है गलत कार्य करने वाले को बिना विलंब किए यथा शीघ्र न्यायालय के द्वारा कड़ी से कड़ी सजा मुकर्रम की जाए। समाज के परिवेश में जिस तरह से भय का माहौल व्याप्त हो रहा है इससे आने वाले दिन में भारत का भविष्य खतरे में दिखता है।

# हड्डी से जुड़ी समस्या के निराकरण के लिए कार्यशाला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डिहरी ऑन सोन।** वरिष्ठ नागरिकों को बढ़ती उम्र के कारण आए दिन हड्डियों से संबंधित शारीरिक समस्याओं को केंद्र में रखकर बिहार ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के तत्वावधान में आगामी 13 अप्रैल 2025 को एकदिवसीय आउटरीच कार्यक्रम के तहत सेमिनार एवं कार्यशाला का आयोजन गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सह पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल नारायण सिंह होंगे। कार्यक्रम के जिला समन्वयक सह आयोजन सचिव प्रो. डॉ. कुमार अंशुमान, विभाग अध्यक्ष अस्थि रोग विभाग नारायण मेडिकल कॉलेज ने उपरोक्त जानकारी देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में बिहार के सभी जिलों के अस्थि रोग विशेषज्ञों सहित भारतीय चिकित्सा संघ औरंगाबाद, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं बिक्रमगंज के अध्यक्ष, सचिव एवं प्रमुख पदाधिकारी शामिल होंगे । डा. अंशुमान ने बताया वरिष्ठ जनों की समस्याओं पर फोकस करते हुए हड्डी से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए यह कार्यक्रम मिल का पत्थर साबित होगा। संगठन के राज्य अध्यक्ष डॉ उपेंद्र प्रसाद, सचिव डॉ प्रवीण साहू एवं समन्वयक डॉ. विकास कुमार के नेतृत्व में यह आयोजन किया जा रहा है।

# 13 आरोपित गिरफ्तार

**डिहरी ऑन सोन (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अपराधियो व शराब तस्करों के के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कंडो के 13आरोपितों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में चोरी, शराब तस्कर, वारंटी शामिल है।25लीटर देशी शराब,स्कूटी,एक मोबाइल बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में 68 हजार500 रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

# प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखण्ड के कुर्था बाजार स्थित स्वामी विवेकानंद इंग्लिश स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बिहार बोर्ड द्वारा आयोजित दसवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट पर्दर्शन करने वाले छात्राओं को सम्मानित किया गया। मौके मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक सतीश कुमार, और जिला पार्षद संगीता देवी मौजूद रहे। इस संबंध मे जानकारी देते हुए विधायक के संचालक मुकेश कुमार ने बताया कि इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को उनके हौसला आफजाई करने के लिए सम्मान समारोह का आयोजन उनके विद्यालय द्वारा किया गया है जिसे लेकर बच्चों के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। मौके पर स्थानीय विधायक सतीश कुमार ने कहा कि इस तरह के कार्य से बच्चों का मनोबल बढ़ता है साथ ही बच्चों को और बेहतर करने की लालसा बढ़ती है। मौके पर मैट्रिक परीक्षा में जिले में पांचवा स्थान लाने वाली सोहानी कुमारी, सुमित कुमार, सुजल कुमार, शशांक कुमार, सोनाली कुमारी, राज कमल कुमार, रोविन कुमार, सूरज कुमार सहित करीब 60 से अधिक बच्चों को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर शिक्षक संतोष कुमार, मणिकांत कुमार, गौरव कुमार वर्षा कुमारी, श्वेता कुमारी, कशिश कुमारी, सूरज कुमार नेहा कुमारी, समाजिक कारेकर्ता झूलन यादव, श्याम यादव, जोगेंद्र दास, अनिता कुमारी, शत्रुघ्न प्रसाद, रमेश प्रसाद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# अधिवक्ता के निधन पर शोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डिहरी ऑन सोन।** विधिज्ञ संघ डेहरी के वरीय अधिवक्ता संतोष कुमार सिंह सह नोटरी मजिस्ट्रेट का निधन उनके घर मीरगंज में हो गई है, जिसमें डेहरी विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष उमाशंकर पांडे एवं सचिव रितेश कुमार एवं संघ के द्वारा एक बैठक संघ के कार्यालय में किया गया, जिसमे संघ के वरीय अधिवक्ता संतोष कुमार सिंह की आत्मा की शांति के लिए एक शोक सभा का आयोजन किया गया। अनुमंडलीय न्यायालय परिसर मे करने पर विचार विमर्श किया गया, जिसमे न्यायिक दण्डाधिकारी रजतदीप प्रथम न्यायिक दण्डाधिकारी प्रवीण कुमार ऋचा कश्यप अर्चना कुमारी एवं डेहरी विधिज्ञ संघ के सभी अधिवक्ता इस दुःख की घड़ी में उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया, एवं संघ के सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से पूरे दिन विरक्त रहें। मौके पर संघ के अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय सचिव रितेश कुमार सहायक सचिव अमरनाथ सिह, उपाध्यक्ष काशीनाथ गुप्ता, मिथिलेश सिन्हा, बिनोद पाल, बैरिस्टर सिहं, गोपाल राम, राजेन्द्र कुमार, रविन्द्र कुमार प्रणय, चन्दन कपिल मुनी सिंह, अनुप राय, प्रभात सिंह सुरेन्द्र सिंह, बिजय यादव, राजेश कुमार, फिरोज अहमद खुर्शीद आलम मुकेश कुमार मनोज सिन्हा कमल सिन्हा कुणाल यादव मीना कुमारी. सुनिल कुशवाहा, विभा कुमारी मनीषा दुबे, मनोज, कुमार रवि कुमार, हरिद्वार सिंह आदि थे।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नासरीगंज (रोहतास)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अमियावर पेट्रोल पंप के समीप ट्रक में टक्कर लगने से एक मोटरसाइकिल चालक की मौत हो गई। घटना शुक्रवार की सुबह चार बजे के आसपास की बताई जा रही है। मृतक अरवल जिले के करपी थाना क्षेत्र के पिरहो गांव निवासी रमेश सिंह (65 वर्ष) बताये जाते हैं। वहीं घटना की सूचना मिलते ही एएसआई राम कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे जहां मृतक को लेकर पीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि मृतक किसी निजी कार्य से जा रहे थे तभी अमियावर पेट्रोल पंप के समीप अनियंत्रित होकर ट्रक में टक्कर मार दिए। जिससे उनके हेलमेट से उनके कान के पास गम्भीर चोट लग गयी। जिससे उनको गम्भीर चोट लग गयी। उनको इलाज के लिए पीएचसी ले जाया गया। लेकिन रास्ते मे ही उनकी मौत हो

# एसएसबी महानिदेशक का दो दिवसीय बिहार दौरा, सीमा प्रबंधन को लेकर हुई उच्चस्तरीय बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के महानिदेशक अमृत मोहन प्रसाद अपने दो दिवसीय दौरे पर सीमांत मुख्यालय, पटना पहुंचे। दौरे के पहले दिन उन्होंने बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, अपर मुख्य सचिव अरविन्द कुमार चौधरी, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा और नियंत्रण की मौजूदा स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही सीमा प्रबंधन को और बेहतर बनाने के लिए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। इस दौरान एसएसबी सीमांत मुख्यालय पटना के महानिरीक्षक रत्न संजय और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। अपने दौरे के दौरान महानिदेशक ने छपरा में 40वीं वाहिनी एसएसबी के लिए हाल में अधिग्रहित भूमि का भी निरीक्षण किया। इसके बाद पटना स्थित 40वीं वाहिनी कार्यालय में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने बल के जवानों से सीधे संवाद किया। इस संवाद के दौरान जवानों ने अपनी समस्याएं और सुझाव साझा किए, जिनके समाधान का आश्वासन दिया गया। महानिदेशक ने बल के कार्यकुशलता, समर्पण और मनोबल की प्रशंसा करते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं। दौरा समाप्त होने के बाद उन्होंने दिल्ली स्थित बल मुख्यालय के लिए प्रस्थान किया।

## एक नजर

### बाबा साहब की मनेगी जयंती

**डिहरी ऑन सोन (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना 24 स्टैंड रोड पार्टी कैम्प कार्यालय में राष्ट्रीय लोक मोर्चा, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ बिहार के प्रदेश अध्यक्ष अशोक राम ने बिहार प्रदेश के सभी जिला अध्यक्षों एवं प्रदेश पदाधिकारीगण से तैयारी की जानकारी ली। अशोक राम ने कहा राष्ट्रीय लोक मोर्चा, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ बिहार द्वारा विश्व रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी का जयंती 14 अप्रैल को 11 बजे दिन से जगजीवन राम ससंदीय अध्ययन एवं राजनितिक शोध संस्थान सभागार पटना में होगी। समारोह का उद्घाटन रालोमो सुप्रीमों पूर्व केंद्रीय मंत्री सह वर्तमान राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा करेंगे। समारोह में प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी एवं सम्मानित पार्टी के राष्ट्रीय ,प्रदेश एवं जिला के नेतागण सभी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्षगण को निमंत्रण दिया जा रहा है बिहार के सभी जिला से पार्टी के कार्यकर्त्ता हजारों के संख्या मे भाग लेने आ रहे है।

### विकास सिंह बने प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष

**डिहरी ऑन सोन (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** डेहरी प्रखंड 20 सूत्री के अध्यक्ष के रूप में भाजपा के नगर अध्यक्ष अशोक सोनी को मनोनीत किया गया है ।वहीं उपाध्यक्ष के पद पर जदयू के प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार सिंह को मनोनीत किया गया है। मंत्रिमंडल सचिवालय द्वारा सदस्य के पद पर आनंद पांडेय,सुनीता कुमारी, उदय कुशवाहा, कन्हैया राम, सुदेश्वर राम ,निरंजन कुमार प्रिंस कुमार ,चौधरी महाराणा प्रताप सिंह, विष्णु प्रसाद ,रविशंकर सिंह, मुमताज अंसारी ,गुड़िया कुमारी, उपेंद्र गुप्ता मनोनीत किए गए हैं। प्रखंड स्तरीय समिति गठित होने पर पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह भाजपा नेता अजय ओझा आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### बिजली चोरी की प्राथमिकी

**डिहरी ऑन सोन (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** डेहरी मुफस्सिल थाना के अजूबा बिगहा में शुक्रवार को विद्युत धावा दल ने दो ग्रामीणों को विद्युत चोरी करते पकड़ा। पुलिस के अनुसार जेई सुजीत कुमार ने पुना राम को टोका लगा विद्युत चोरी करते पकड़ा। 8306 रुपए की ऊर्जा चोरी की प्राथमिकी किया है।उसी गांव के सत्यदेव भगत पर भी 8280रुपए के ऊर्जा चोरी की प्राथमिकी किया गया है।

### फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**नसीरगंज (रोहतास) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** काराकाट थाना क्षेत्र के शहरी गांव में मारपीट के मामले में फरार चल रहे एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया . गिरफ्तार अभियुक्त शहरी गांव निवासी गोलू उपाध्याय पिता स्व. बैजनाथ उपाध्यक्ष बताया जाता है। थानाध्यक्ष भागीरथ कुमार ने बताया कि कांड संख्या - 307 /24 के तहत मारपीट के मामले में अभियुक्त था .अभियुक्त फरार चल रहा था। गुप्त सूचना पर शहरी गांव में छापेमारी कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

### प्रखंड स्तरीय बीस सूत्री गठन

**रामपुर (कैमूर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला स्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति गठन के बाद सरकार द्वारा प्रखंडस्तरीय बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति का गठन किया गया है। सरकार द्वारा प्रखंडस्तरीय 15 सदस्यी कार्यान्वयन समिति में भभुआ जदयू प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार पटेल को उपाध्यक्ष बनाया गया है वही रामपुर प्रखंड में सुरेंद्र सिंह त्यागी को बीस सूत्री सदस्य बनाया गया है। जिसे लेकर स्थानीय कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। स्थानीय स्तर पर एनडीए के सभी दलों के कार्यकर्ताओं को इसके माध्यम से सत्ता में भागीदारी दी गई है हर प्रखंड की 20 सूत्री कमिटी में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित 15 सदस्यों को शामिल किया गया है।अतुल पटेल, मनीष कुमार पटेल, सुशील जयसवाल, उपेंद्र कुमार आदि ने इसके लिए मुख्यमंत्री नितीश कुमार, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, बिहार युवा प्रभारी वशिष्ठ सिंह एवं जिलाध्यक्ष अजय कुमार पटेल को अभार प्रकट करते हुए साधुवाद दी है। उन्होंने कहा कि बीस सूत्री गठन होने से सरकार के विकास कार्यो को गति मिलेगी।

### भभुआ और मोहनिया कोर्ट 16 से मार्निंग

**भभुआ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सिविल कोर्ट भभुआ कैमूर एवं मोहनिया अनुमंडल सिविल कोर्ट प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कैमूर अनुराग के आदेश से 16 अप्रैल 2025 से 30 जून 2025 तक मॉर्निंग कोर्ट चलेगा सुबह 7:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक कोर्ट चलेगा। बीच में 10:00 बजे दिन से 10:30 बजे दिन के बीच लंच रहेगा। प्रेस को जारी बयान में महासचिव मंटू पाण्डेय ने बताया कि जिलाअधिवक्ता संघ भभुआ कैमूर के माध्यम से मेरे द्वारा दिनांक 28 मार्च 2025 को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कैमूर भभुआ को मॉर्निंग को करने के लिए आवेदन दिया गया था। उसी के आलोक में 16 अप्रैल 2025 से 30 जून 2025 तक मॉर्निंग कोर्ट चलाने का पत्र संघ को प्राप्त हुआ है। दिनांक 1 जुलाई 2025 से पुनः 1 जुलाई 2025 से डे कोर्ट चालू हो जाएगा। जिला जज के आदेश की प्रति जिलाअधिवक्ता संघ भभुआ कैमूर, अनुमंडल अधिवक्ता संघ मोहनिया, जिला पदाधिकारी कैमूर, पुलिस अधीक्षक कैमूर आदि विभागों के पदाधिकारी को पत्र निर्गत किया जा चुका है।

# पटना में 22 और 23 अप्रैल को होगा वायुसेना का विशेष एयर शो, सूर्य किरण टीम दिखाएगी करतब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राजधानी पटना में पहली बार भारतीय वायुसेना का भव्य एयर शो आयोजित होने जा रहा है। यह आयोजन 22 और 23 अप्रैल को होगा, जिसमें वायुसेना की मशहूर सूर्य किरण एरोबेटिक टीम और आकाशगंगा टीम अपने हैरतअंगेज हवाई करतबों का प्रदर्शन करेंगी। इस ऐतिहासिक आयोजन को राजकीय समारोह का दर्ज़ा दिया गया है और इसकी तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। सरकारी सूत्रों के अनुसार, मुख्य कार्यक्रम 23 अप्रैल को आयोजित होगा, जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे। आयोजन की पहल भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी के आग्रह पर हुई, जिसे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की स्वीकृति के बाद अंतिम रूप मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बिहार सरकार पूरी तरह से जुटी हुई है। यह एयर शो वीर कुंवर सिंह जयंती के उपलक्ष्य में हो रहा है। इन तीनों दिन एयर स्पेस भारतीय वायुसेना के लिए आरक्षित रहेगा। इसके चलते 22 अप्रैल को विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है, ताकि छात्र-छात्राएं भी इस भव्य आयोजन का आनंद उठा सकें। गंगा पथ और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे। चिड़ियों की मौजूदगी से संभावित खतरे को देखते हुए खाद्य दुकानों पर अस्थायी रोक भी लगाई जाएगी। मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई उच्चस्तरीय बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई। पटना, सारण समेत आसपास के जिलों के डीएम को सुरक्षा और व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# शक्तिधाम में धूमधाम से मनाई जाएगी हनुमान जयंती, लगेगा सवा मन लड्डू का भोग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** शक्तिधाम सेवा समिति, पटना की ओर से शनिवार 12 अप्रैल को हनुमान जयंती का भव्य आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया जाएगा। शक्तिधाम के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने शुक्रवार को तैयारियों की समीक्षा बैठक के बाद यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि हनुमान जयंती के अवसर पर प्रातः 9:45 बजे शक्तिधाम स्थित हनुमान मंदिर में विशेष पूजन, श्रृंगार और आरती का आयोजन होगा। इस दौरान सवा मन लड्डू का भोग श्री हनुमान जी को अर्पित किया जाएगा। शाम 4:30 बजे से श्री मोहित शर्मा के नेतृत्व में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद हनुमान चालीसा, भजन संध्या और विशेष आरती की जाएगी। आयोजन के विशेष आकर्षण में शक्तिधाम महिला मंडल की सैकड़ों महिलाएं शामिल होंगी, जो सामूहिक रूप से सुंदरकांड पाठ और भजन-कीर्तन करेंगी। अमर अग्रवाल ने बताया कि पाठ समापन के बाद सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि चैत्र माह की पूर्णिमा को हनुमान जयंती मनाई जाती है और इस दिन हनुमान जी की भक्ति पूर्वक आराधना करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने यह भी बताया कि महाभारत काल में महावीर हनुमान अर्जुन के रथ के ध्वज पर विराजमान थे, जिससे रथ कभी पीछे नहीं हटा। यह हनुमान जी की शक्ति और आशीर्वाद का प्रतीक है।

इस बैठक में अमर अग्रवाल के साथ रमेश मोदी, निर्मल अग्रवाल, शंकर शर्मा सहित कई अन्य श्रद्धालु व समिति सदस्य उपस्थित थे।

पूर्व रेलवे

**ई-निविदा सूचना सं.: ओ-एसी-टी-04 -25-26 (खुली), दिनांक 08.04.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **केस सं.** : ओ-एसी-टी-04-25-26, **कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/2/आसनसोल के अधीन मधुपुर में रेलवे कॉलोनी के समुन्नयन एवं सिमुलतला में 2 अदद टाइप-II क्वार्टर और 6 अदद टाइप-III क्वार्टर के निर्माण के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य** : रु. 3,95,67,426.61, **बयाना राशि** : रु. 3,47,800/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **बंद होने की तिथि और समय:** 02.05.2025 को 12.00 बजे । संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-14/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# मेदांता पटना में सेल और जीन थैरेपी पर वैज्ञानिक सम्मेलन आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटना स्थित कैंसर संस्थान में शुक्रवार को ल्लसेल और जीन थैरेपी ऽ सटीक ऑन्कोलॉजी के युग में विषय पर एक दिवसीय उच्चस्तरीय वैज्ञानिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में देशभर के जाने-माने चिकित्सक, वैज्ञानिक और फार्मा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ शामिल हुए और कैंसर के आधुनिक उपचार पद्धतियों पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन मेदांता ग्रुप के चेयरमैन डॉ. नरेश त्रेहन ने किया। संरक्षक प्रमुख के रूप में श्री पंकज साहनी तथा संरक्षक मंडल में डॉ. रवि शंकर सिंह, डॉ. दीपक सिंह और डॉ. सैयद आसिफ रहमान उपस्थित रहे। सम्मेलन की संकल्पना एवं समन्वय डॉ. अमरेंद्र अमर ने किया।

दोपहर 2 बजे शुरू हुए इस सम्मेलन में जीन और कोशिका आधारित उपचार, रक्त कैंसर, बाल रोगों में जीन थैरेपी तथा एइट-ट्ठ सेल तकनीक जैसे उभरते हुए विषयों पर विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए। सत्रों के दौरान नई चिकित्सा तकनीकों की जानकारी साझा की गई और उनके नैदानिक उपयोगों को विस्तार से समझाया गया।

सम्मेलन में डॉ. राजीव रंजन प्रसाद, डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. सरिता कुमारी, डॉ. अमित कुमार, डॉ. अंशुल गुप्ता, डॉ. अभिनीति श्रीवास्तव और डॉ. चंटू एस. कुमार जैसे प्रख्यात वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। विभिन्न सत्रों की अध्यक्षता डॉ. मनीषा सिंह, डॉ. ऋषु विद्यार्थी और डॉ. अम्लान गुप्ता ने की।

कार्यक्रम के समापन सत्र में पैनल चर्चा का आयोजन हुआ, जिसमें विशेषज्ञों ने जीन थैरेपी के व्यवहारिक अनुभव, संभावनाएं और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम का उद्घाटन एवं स्वागत भाषण मेदांता पटना के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. रवि शंकर सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि ल्लमेदांता पटना अब बिहार ही नहीं, बल्कि पूर्वी भारत में भी सेल और जीन थैरेपी जैसी अत्याधुनिक चिकित्सा पद्धतियों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक सम्मेलन चिकित्सकों को नई तकनीकों से जोड़ने के साथ-साथ मरीजों तक आधुनिक इलाज पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

सम्मेलन में बड़ी संख्या में चिकित्सकों की उपस्थिति रही, जिससे यह आयोजन बिहार में प्रिसिशन ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित हुआ।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा रेवन्त इंजीनियर्स अशोक (जे0भी0), हरमू, राँची को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा PMGSY पैकेज सं0– **JH-P3-22-23-GAR-01-FDR** अन्तर्गत पड़ने वाले पथों का निर्माण कार्य का आपके द्वारा एकरारनामा किया गया था, एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ कि तिथि 13.10.2023 तथा कार्य पूर्णता की तिथि 12.06.2025 है, परन्तु आपके द्वारा उक्त पैकेज में पड़ने वाले एक भी पथ का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कराये जाने के कारण इस कार्यालय का पत्र पत्रांक 513 दिनांक 18.03.2025 द्वारा सूचना देने के बावजूद भी प्रगति संतोशजनक नहीं है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि अवशेश कार्य को ससमय पूर्ण कराना सूनिश्चित करे, अन्यथा आपके द्वारा कराये गये कार्य को अंतिम मापी कराते हुए एकरारनामा में निहित प्रावधान के अनुरूप आपको Debar करने एवं आपका निबन्धन को काली सूची में दर्ज करने हेतु उच्चाधिकारीयों को सूचित करना अधोहस्ताक्षरी की वाध्यता होगी। तथा इसकी पूर्ण जवाबदेही आपकी होगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0का0वि0,कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 350115 Rural Development(25-26)#D

# जनता दरबार में समस्याओं का त्वरित समाधान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** नवादा के जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में स्थानीय नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया। जनता दरबार में कुल 43 मामले प्रस्तुत किए गए, जिनमें से कई मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष आवेदनों को संबंधित पदाधिकारियों को भेज दिया गया। जनता दरबार में नागरिकों ने सड़कों की स्थिति, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य सेवाएँ, संपत्ति विवाद और सरकारी योजनाओं में देरी जैसी विभिन्न समस्याएँ रखीं। नारदीगंज प्रखंड के पड़रिया ग्राम के नीरज कुमार ने चापाकल मरम्मत, मेसकौर के शैलेंद्र कुमार ने मजदूरी भुगतान, अकबरपुर के कलौंदा ग्रामवासियों ने पेयजल सुविधा, हिसुआ के उपेंद्र कुमार ने जमीन पर जबरन बाउंड्री वॉल निर्माण और अकबरपुर की सुनीता कुमारी ने जन्मतिथि सुधार जैसे मामलों को उठाया।

जिला पदाधिकारी ने जनता की शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना और उनके समाधान हेतु त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर प्राप्त शिकायतों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी डॉ. राजकुमार सिन्हा, आपदा शाखा प्रभारी मनोज कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। नागरिकों ने सरकार की इस पहल की सराहना की।

## रजौली में प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रजौली।** रजौली प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को बीडीओ संजीव झा और मनरेगा पीओ नीरज कुमार त्रिवेदी ने आवास सहायकों और पीआरएस के साथ बैठक की। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के सफल क्रियान्वयन पर चर्चा की गई और ज़रूरी निर्देश दिए गए। बीडीओ संजीव झा ने बताया कि आवास योजना के तहत लाभुकों को 90 दिनों की मजदूरी मनरेगा के तहत दी जाएगी, जिसके लिए नए नियम बनाए गए हैं। उन्होंने सभी कर्मियों को इन नियमों का पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी बताया कि लाभुकों को आवास निर्माण के लिए पहली किस्त के रूप में 40,000 रुपये दिए जा रहे हैं, और इसके अलावा 255 रुपये प्रति मजदूर की दर से 90 दिनों की मजदूरी भी दी जाएगी। मनरेगा पीओ नीरज कुमार त्रिवेदी ने बताया कि मजदूरी भुगतान के लिए पीआरएस को मास्टर रोल, आधार और अकाउंट अपडेशन करना होगा। उन्होंने कहा कि बिना मास्टर रोल निकाले मजदूरी भुगतान संभव नहीं है, इसलिए इस कार्य में तेज़ी लाने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि पहली किस्त के भुगतान के साथ ही रोजगार सेवक मैनडेट जेनरेट करना शुरू करेंगे और सभी लाभुकों के लिए अलग-अलग मास्टर रोल निकालना होगा। बैठक में कर्मियों ने अपनी समस्याओं से भी अधिकारियों को अवगत कराया। अधिकारियों ने आवास योजना के सर्वे के दौरान ज़रूरतमंद लोगों के नाम जोड़ने का निर्देश दिया।

## एंटी करप्शन एंड ह्यूमन राइट्स की बैठक, कमेटी गठित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिले के नारदीगंज प्रखंड स्थित पेंशनर समाज भवन में बिहार प्रदेश के एंटी क्राइम एंड ह्यूमन राइट्स प्रोटेक्शन काउंसिल ऑफ इंडिया की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद मिश्रा ने की। बैठक में बिहार बुलेटिन के पत्रकार पंकज कुमार को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। साथ ही नारदीगंज प्रखंड के विकास कुमार को संयोजक और प्रशांत कुमार को सह-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में आगामी 25 अप्रैल को नारदीगंज के पेंशनर समाज भवन में एक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अरविंद मिश्रा, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी (नवादा) बुंदेल मांझी, समाजसेवी अर्जुन यादव, विकास कुमार, डॉ. पंकज कुमार, प्रशांत तिवारी, बबलू वर्मा, बबलू कुमार, लालबाबू साहू सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## बाइक सवार बदमाशों ने बुजुर्ग की गोली मारकर की हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** शुक्रवार को हिलसा थाना क्षेत्र के सूर्य मंदिर तालाब के पश्चिमी छोर पर बाइक सवार बदमाशों ने एक बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान परवलपुर थाना क्षेत्र के मिल्कीपर तारा बिगहा निवासी स्व. सरयुग प्रसाद के 60 वर्षीय पुत्र भूषण यादव के रूप में हुई है। मृतक के पुत्र अजब लाल ने बताया कि उनके पिता खाना खाकर हिलसा कोर्ट में तारीख के सिलसिले में जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में पहले से घात लगाए बाइक सवार बदमाशों ने उन पर दो गोलियां दागीं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि उनके पिता पिछले पांच वर्षों से हिलसा शहर के बस स्टैंड के पास किराए के मकान में रह रहे थे। अजब लाल ने हत्या के पीछे भूमि विवाद को कारण बताया। उनके अनुसार, उनके पिता ने गांव की जमीन बेचकर हिलसा के पटेल मार्केट में सुजीत शर्मा से सात धुर जमीन 40 लाख रुपये में खरीदी थी, जो विवादित थी।

घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी सुमित कुमार और हिलसा थाना प्रभारी दीपक कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। मौके पर फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया। डीएसपी सुमित कुमार ने बताया कि हत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। मृतक का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है।

# डॉ. अनुज सिंह की जनसंपर्क यात्रा: सिसवां और नेया में मिला अपार जनसमर्थन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**नवादा।** नवादा के विकास के लिए समर्पित जन जागृति फाउंडेशन के तत्वावधान में जनसंपर्क अभियान जोर-शोर से जारी है। इसी कड़ी में जिले के प्रतिष्ठित शिक्षाविद् और समाजसेवी डॉ. अनुज सिंह ने भगवानपुर पंचायत के नेया और महुली पंचायत के सिसवां गांव में जनसंपर्क यात्रा आयोजित की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें भविष्य में समाधान का आश्वासन दिया।

जनसभा को संबोधित करते हुए डॉ. अनुज सिंह ने कहा, ''यह अभियान नवादा के जनकल्याण के लिए समर्पित है। हम इस यात्रा के माध्यम से आपकी समस्याओं को समझ रहे हैं। यदि आगामी विधानसभा चुनाव में आपका सहयोग मिला, तो इसका सार्थक परिणाम सभी को देखने को मिलेगा। हमारा उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सुरक्षा को बढ़ावा देना तथा नवादा का सर्वांगीण विकास करना है।''

उन्होंने ग्रामीणों से आगामी विधानसभा चुनाव में समर्थन की अपील करते हुए कहा, ''हम नवादा को राष्ट्रीय स्तर पर एक विकसित जिला के रूप में देखना चाहते हैं। यह तभी संभव होगा, जब आपका सहयोग प्राप्त होगा। हमारा काम जाति और धर्म से ऊपर उठकर होगा। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपके सहयोग से मैं आपके विश्वास पर खरा उतरूंगा।''

इस अवसर पर समाजसेवी अनिल कुमार सिंह ने कहा, ''हम सभी बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं से अपील करते हैं कि आगामी चुनाव में डॉ. अनुज सिंह को पूरे तन-मन से समर्थन दें, ताकि क्षेत्र का समुचित विकास हो सके।'' ग्रामीणों ने एक स्वर में आगामी विधानसभा चुनाव में सहयोग का आश्वासन दिया। सिसवां गांव में डॉ. अनुज सिंह और उनके कार्यकर्ताओं का महुली पंचायत की पूर्व मुखिया व वर्तमान पैक्स अध्यक्षा कृष्णमणि कुमारी ने भव्य स्वागत किया। मंच संचालन ज्योति शंकर ने किया। ग्रामीण सुखदेव प्रसाद सिंह ने कहा, ''वर्तमान समय की मांग है कि डॉ. अनुज विधानसभा चुनाव में नवादा का प्रतिनिधित्व करें। हम सभी उनका पूर्ण समर्थन करेंगे।''

हर्निया गांव में पूर्व मुखिया रणजीत चौहान, रामनंदन सिंह, राजन कुमार, सोनू कुमार, भोला सिंह, मनीष रविदास सहित ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कोसला पंचायत के पूर्व मुखिया रविंद्र सिंह, भगवानपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रणजीत चौहान, नारदीडीह के प्रवीण कुमार, पड़रिया के सुबोध कुमार, रामाधीन सिंह, मनोज कुमार, नंदपुर के विकास कुमार, पसई के अधिवक्ता अनिल कुमार, समाजसेवी अनिल कुमार सिंह, राजकुमार सिंह सहित हजारों समर्थक मौजूद रहे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में संगठन मजबूती पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** शुक्रवार को पकरीबरावां प्रखंड मुख्यालय के डाकबंगला परिसर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ मंटन सिंह और जिला पर्यवेक्षक राजीव प्यासी ने शिरकत की। प्रखंड अध्यक्ष नवलेश कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में संगठन को मजबूत करने और बूथ निर्माण पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि हर घर में कांग्रेस का झंडा लहराना चाहिए। संगठन की मजबूती पर विशेष ध्यान देते हुए कार्यकर्ताओं से पूरी मेहनत के साथ कार्य करने और पार्टी के उम्मीदवार को विजयी बनाने का आग्रह किया गया।

## बाइक चोर गिरफ्तार, पुलिस दूसरे की तलाश में जुटी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पहवाचक गांव में पुलिस ने एक चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक चोर को गिरफ्तार किया है। इस मामले में दूसरे साथी की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। रजौली क्षेत्र में हाल के दिनों में अनुमंडलीय अस्पताल, प्रखंड परिसर, इंटर विद्यालय और बैंकों के आसपास से कई मोटरसाइकिलें चोरी होने की घटनाएं सामने आई हैं। बाइक चोरों के बढ़ते आतंक से लोग अपने वाहनों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं और कार्यालय परिसरों में बाइक खड़ी करने में डर महसूस कर रहे हैं। पुलिस बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश करने के लिए सक्रियता से कार्रवाई कर रही है। कुछ दिन पहले प्रखंड परिसर से चोरी हुई एक बाइक को चोरों ने पुलिस की सख्ती के चलते रात के अंधेरे में अस्पताल के पास छोड़कर भाग गए थे, जिसे पुलिस ने जब्त कर थाने ले गई थी। सूत्रों के अनुसार, बाइक चोर गिरोह दूरदराज के क्षेत्रों से चोरी की गई बाइकों को रजौली में बेचता है और रजौली से चोरी की बाइकों को अन्य क्षेत्रों में बेचने का काम करता है। इन चोरी की बाइकों का उपयोग गैरकानूनी गतिविधियों के लिए भी किया जाता है।

थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि बाइक चोरी और चोर गिरोह के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। बीते गुरुवार रात को गुप्त सूचना के आधार पर चोरी की एक बाइक के बारे में जानकारी मिली। सूचना के सत्यापन और कानूनी कार्रवाई के लिए पीएसआई सचिन कुमार को सशस्त्र पुलिस बल के साथ भेजा गया। छापेमारी के दौरान पहवाचक गांव निवासी गुड्डू कुमार के पुत्र दीपक कुमार के घर से एक चोरी की काले रंग की होंडा शाइन बाइक बरामद की गई। इस दौरान दीपक कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में दीपक ने खुलासा किया कि उसने अपने साथी, जोगनी गांव निवासी भोला रविदास के पुत्र नीतीश कुमार, के साथ मिलकर 2 फरवरी को पटना के मरीन ड्राइव गोलंबर के पास से यह बाइक चोरी की थी। चोरी के बाद से वह बाइक को बेचने के लिए अपने घर पर रखे हुए था। थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद बाइक और गिरफ्तार चोर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। दीपक कुमार को शुक्रवार को अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस अब फरार चोर नीतीश कुमार की तलाश में छापेमारी कर रही है।

# बिहार खेल विश्वविद्यालय की वेबसाइट का लोकार्पण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बिहारशरीफ।** बिहार खेल विश्वविद्यालय राजगीर की आधिकारिक का लोकार्पण शुक्रवार को बिहार खेल विश्वविद्यालय राजगीर के प्रशासनिक भवन में स्थित सम्मेलन कक्ष में श्रवण कुमार मंत्री ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा सम्पन्न किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बिहार सरकार ने बिहार में खेल के क्षेत्र में जो कार्य किया है वह कार्य अद्भुत एवं स्मरणीय है। पूरे बिहार में 6 हजार 8 सौ खेल मैदान का शिलान्यास बिहार के विकास पुरुष नीतीश कुमार के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि बिहार खेल विश्वविद्यालय राजगीर पूरे विश्व में अत्याधुनिक खेल विश्वविद्यालय के रुप में होगा। इस मौके पर सांसद कौशलेन्द्र कुमार मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि बिहार सरकार खेल क्षेत्र में ही नहीं अन्य क्षेत्रों में भी जो विकास कार्य कर दिखाया है। यह पूरे देश के लिए अनोखा व अद्भुत कार्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार खेल विश्वविद्यालय के कुलपति शिशिर सिन्हा, भाप्रसे (से. नि) ने की। विश्वविद्यालय के कुलसचिव रजनी कान्त भाप्र से (से. नि), निशिकान्त तिवारी परीक्षा नियंत्रक-सह-संकायाध्यक्ष एवं मुकेश सम्राट वित्त पदाधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे। यह वेबसाइट विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी प्रदान करेगी और छात्रों, अभिभावकों तथा खेल जगत से जुड़े सभी हितधारकों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

## नालन्दा हॉकी लीग का भव्य उदघाटन महिला हॉकी में राजगीर विजयी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** राजगीर हॉकी स्टेडियम में नालन्दा हॉकी लीग का हुआ भव्य आयोजन हुआ। इसका विधिवत उदघाटन बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार व सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस हॉकी लीग में महिला वर्ग में चार टीम और पुरुष वर्ग में तीन टीम में भाग लिया महिला फाइनल एस एस ए राजगीर और बीएसएसए राजगीर के बीच खेला गया। एसएसए राजगीर की टीम रोमांचक मुकाबला में पेनल्टी शूट आउट में 3 व 2 से विजयी रही विजेता टीम को मंत्री श्रवण कुमार व व उपविजेता टीम को सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर मंत्री श्री कुमार ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों के लिए मेडल लायो नौकरी पायो के तहत सरकारी नौकरी दे रहे है। इन खिलाड़ियों के लिए बरदान साबित हो रहा है। बिहार में खेल को बढ़ावा देने के किये हर सम्भव मदद किया जाय रहा है जिसके लिए राष्ट्रीय और अंतरास्ट्रीय कोचिंग की व्यवस्था किया है वह दिन दूर नही जब बिहार के खिलाडी अंतरास्ट्रीय स्तर पर बिहार का नाम रौशन करेंगे।

## कांग्रेस ने चुनाव को लेकर शुरू की बैठकें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** वारिसलीगंज विधानसभा के काशीचक प्रखंड एव पकरीबरावा कांग्रेस कमिटी की विस्तारित बैठक में संगठन को सशक्त बनाने एवं विधानसभा चुनाव पर चर्चा हुई। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के दिशा निर्देश पर 11 अप्रैल 2025 को काशीचक प्रखंड एव पकरीबरावा कांग्रेस कमिटी की विस्तारित बैठक प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष शकलदेव सिंह एव नवलेश कुमार चुंटूर ने किया। बैठक में उपस्थित अखिल भारतीय कॉंग्रेस कमिटी द्वारा नियुक्त जिला पर्यवेक्षक सह समन्वयक राजीव पयासी ने कहा कि नवादा जिला मे कॉंग्रेस पार्टी को सशक्त बनाने एवं आगामी विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित कराने हेतु पार्टी ने 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संगठनात्मक नियुक्तियां, वोटर लिस्ट फर्स्ट, जन आक्रोश चौपाल, हैंडबिल वितरण, सामुदाय केंद्रित बैठके, सोशल मीडिया, बूथ लेवल बीएलए आदि कार्यो को पूरा करना है। नवादा जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह मंटन ने कहा कि वारिसलीगंज विधानसभा के सभी पंचायतों, बूथों पर जल्द से जल्द कमिटी बनाने का काम प्रखंड अध्यक्ष के दिशानिर्देश में सभी प्रखंड के पदाधिकारी जल्द पूरा कर जिला को सौप दे। प्रखंड के सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशन धारियों (वृद्ध, विकलांग, विधवा) को चिन्हित कर जिनका पेंशन नहीं मिल रहा है उसे दिलाने, छात्र-नवजवानों के आय, आवासिय, जाती प्रमाणपत्र बनवाने, छात्रवृति दिलाने आदि में कांग्रेसजन हमेशा आगे रहे। बैठक को नवादा जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष महेंद्र शर्मा नवादा जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष मोहम्मद कैसर, मोहम्मद इकबाल, मोहम्मद शमी, रंजीत शर्मा, राजीव शर्मा, साधु यादव, अंजनी कुमार, पप्पू प्रवीण यादव, मनोज यादव, भूषण सिंह, सुनील रविदास, भोला चौधरी, रविंदर यादव, विष्णु देव बाबू आदि ने संबोधित किया।

# जदयू कार्यकर्ताओं की बैठक में विधानसभा चुनाव 2025 की रणनीति पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**नवादा।** जनता दल (यूनाइटेड) के कर्पूरी सभागार, नवादा में प्रखंड अध्यक्षों और विधानसभा प्रभारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने की। इस दौरान जिला संगठन प्रभारी अरुण कुमार वर्मा सहित जिले के पांचों विधानसभा प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई। जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने सभी प्रखंड अध्यक्षों और विधानसभा प्रभारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रखंड अध्यक्ष अपने-अपने प्रखंड में सभी मतदान केंद्रों पर 10 कार्यकर्ताओं के साथ बूथ कमेटी का गठन दो सप्ताह के भीतर पूरा करें। इसके अलावा, नवमनोनीत प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और समिति के सदस्यों को बधाई देते हुए विद्यार्थी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा शुरू किए गए कार्यक्रमों की समीक्षा करें और पारदर्शिता के साथ कार्यों को पूरा करने में सहयोग प्रदान करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि विधानसभा चुनाव 2025 में नीतीश कुमार के नेतृत्व में अधूरे कार्यों को पूरा करने का अवसर प्राप्त करने के लिए सभी को एकजुट होकर काम करना होगा। बैठक में जिला संगठन प्रभारी अरुण कुमार वर्मा, जयशंकर चंद्रवंशी, शशि कुमार शेष, बैजनाथ शर्मा, राम नारायण शर्मा, मोहम्मद बखो, चुन्नू चंद्रवंशी, नवल प्रसाद चौहान, जयराम प्रसाद कुशवाहा, अजय कुमार राय, प्रदीप कुमार राय, नवलेश राकेश, दिलीप कुमार कुशवाहा, विकास कुमार, गोविंदपुर प्रखंड अध्यक्ष रेखा कुमारी, विनोद कुमार वर्मा, दिलीप सिंह उर्फ कारू सिंह, सिरदला प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप यादव उर्फ छोटू यादव और मेसकौर प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र चौहान ने हिस्सा लिया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं की विधानसभा स्तरीय बैठक संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** शुक्रवार को प्रखंड भाजपा कार्यालय, कौआकोल में पूर्वी मंडल अध्यक्ष व 20-सूत्री उपाध्यक्ष अंकित कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में भाजपा कार्यकर्ताओं की विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में गोविंदपुर विधानसभा के सभी मंडलों के अध्यक्षों सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप में रजौली के पूर्व विधायक कन्हैया रजवार ने शिरकत की।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए और आपसी भेदभाव भुलाकर एकजुट होकर पार्टी व संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु नोडल पदाधिकारी, स्वीप एवं सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**नवादा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में शुक्रावर को समाहरणालय सभाकक्ष में आगामी विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत की जा रही विभिन्न जागरुकता गतिविधियों की समीक्षा की गई एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदाताओं, विशेष रूप से युवा, महिला, दिव्यांग एवं प्रवासी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नवाचारी एवं प्रभावशाली गतिविधियों का संचालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए शैक्षणिक संस्थानों, स्वयंसेवी संगठनों एवं मीडिया के सहयोग से जन-जागरूकता फैलाने का कार्य किया जाएगा।जिलाधिकारी ने स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि एक सुदृढ़ कार्य योजना तैयार कर सभी संबंधित विभागों से स्वीप संबंधी कार्य कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया कि सभी स्कूलों में प्रत्येक शनिवार को एक निर्धारित प्रारूप में बच्चों के माध्यम से यह जानकारी एकत्र की जाए कि उनके परिवार में कितने वयस्क मतदाता हैं, तथा उनका नाम मतदाता सूची में है या नहीं। साथ ही, बच्चों द्वारा अपने माता-पिता को मतदान हेतु जागरूक करने को भी प्रोत्साहित किया जाए। सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को यह निर्देश दिया गया कि निकटवर्ती कॉलेजों में ईएलसी संचालित करें तथा बीएलओ के साथ मिलकर कॉलेज परिसर में ही स्वीप कार्यक्रमों का आयोजन करें। जीविका प्रबंधक को निर्देश दिया गया कि जीविका समूहों में चुनावी पाठशाला का आयोजन सुनिश्चित करें ताकि अधिक से अधिक मतदान हो सके। साथ ही, सभी संबंधित पदाधिकारियों को डोर-टू-डोर अभियान चलाकर स्वीप कार्य योजना को सक्रिय रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि महादलित टोले में विकास शिविर का आयोजन आरंभ होने वाला है। स्वीप नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि इस विकास शिविर के साथ स्वीप गतिविधियों को जोड़ा जाए और उसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। दिव्यांग मतदाताओं के लिए पृथक प्रचार-प्रसार की व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया।

# महात्मा ज्योतिबा फुले की 198वीं जयंती मनी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जनता दल (यूनाइटेड) कार्यालय, कर्पूरी सभागार, नवादा में 11 अप्रैल 2025 को महात्मा ज्योतिबा फुले की 198वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने की। इस अवसर पर, जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने महात्मा ज्योतिबा फुले के सामाजिक कार्यों, समाज सुधार और लेखन के प्रति उनके समर्पण को याद किया। उन्होंने कहा कि ज्योतिबा फुले के विचार आज भी समाज और शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणा का स्रोत हैं। उनके विचारों में सामाजिक समानता, शिक्षा का महत्व और आत्मसम्मान की झलक मिलती है। विद्यार्थी ने महात्मा फुले के छुआछूत और जातिवाद के खिलाफ संघर्ष को याद किया, और कमजोर वर्गों, किसानों और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए उनके आंदोलनों को सराहा। उन्होंने कहा कि महात्मा फुले ने समाज को बदलने का सपना देखा था, और हमेशा अच्छे कार्यों के लिए सही साधनों का उपयोग करने पर जोर दिया। शिक्षा के प्रबल समर्थक ज्योतिबा फुले ने पुरुष और महिला दोनों के लिए शिक्षा की अनिवार्यता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यदि आप एक पुरुष को शिक्षित करते हैं, तो आप एक व्यक्ति को शिक्षित करते हैं, लेकिन यदि आप एक महिला को शिक्षित करते हैं, तो आप एक पूरे परिवार को शिक्षित करते हैं। विद्यार्थी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा महिलाओं की शिक्षा, आर्थिक संपन्नता और नारी शक्ति को बढ़ावा देने के लिए किए गए कार्यों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि बिहार देश का पहला राज्य है जिसने पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं को 50% आरक्षण दिया है, और सरकारी नौकरियों में 33% आरक्षण दिया है। जयंती समारोह में जिला संगठन प्रभारी अरुण कुमार वर्मा, जिला उपाध्यक्ष जयशंकर चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष शशि कुमार शेष, विधानसभा प्रभारी बैजनाथ शर्मा, मोहम्मद सदीक, अख्तर चुन्नू चंद्रवंशी, राम नारायण शर्मा, मोहम्मद बखो, प्रखंड अध्यक्ष नवल प्रसाद चौहान, जयराम प्रसाद कुशवाहा, अजय राय, प्रदीप कुमार, नवलेश राकेश, दिलीप कुमार कुशवाहा, विकास कुमार, शोभा कुमारी, विनोद कुमार वर्मा, दिलीप सिंह, प्रदीप यादव, उपेंद्र चौहान, जिला महासचिव प्रियरंजन सिंह, अंकित राय, मीडिया सेल अध्यक्ष प्रिंस प्रभात डांगी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं और नेताओं ने महात्मा फुले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## हरिद्वार स्पेशल ट्रेन को मंत्री व सांसद ने किया रवाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** राजगीर से हरिद्वार तक जाने वाली राजगीर हरिद्वार स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुक्रवार से शुरू हो गया। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार और सीनियर डीसीएम दानापुर अभिनव सिद्धार्थ नें नारियल फोड़कर और हरी झंडी दिखाकर राजगीर हरिद्वार स्पेशल ट्रेन को रवाना किया। मौके पर शहर के कई वार्ड पार्षद और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यह ट्रेन सप्ताह में केवल एक दिन सिर्फ शुक्रवार को राजगीर रेलवे स्टेशन से सुबह में 6.5 बजे खुलेगी। 03223 यह ट्रेन 6.5 मिनट पर राजगीर से रवाना होगी और अगले दिन शनिवार की सुबह 6.5 मिनट पर यह हरिद्वार पहुंचेगी। उसी दिन शनिवार को हीं सुबह 7.20 बजे हरिद्वार से राजगीर वापसी के लिए रवाना हो जाएगी। रविवार को सुबह 7.15 बजे राजगीर पहूंचेगी। फिर यही रैक 03221 बनकर सोमवार को 2 बजे दिन में उधमपुर के लिए राजगीर से रवाना होगी। इस ट्रेन को भी सप्ताह में एक दिन प्रत्येक सोमवार को चलाया जाएगा।

## 23 लोगों के आश्रितों को भुगतान की गयी अनुग्रह राशि: डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बिहारशरीफ।** जिलाधिकारी ने प्राकृतिक आपदा भीषण तूफान के कारण जिलेभर में हुई जान माल की क्षति से संबंधित प्रेसवार्ता के दौरान विस्तृत जानकारियां साझा की। उन्होंने बताया कि 10 अप्रैल को प्राकृतिक आपदा भीषण तूफान के कारण जिलेभर में 23 लोगों की मौत हो गई। अधिकांश मौत वृक्ष गिरने, दीवार गिरने से हुई, जबकि एक मौत बज्रपात से हुई। मरने वालों में रहुई प्रखंड के देकपुरा निवासी ललिता देवी, आयुष कुमार, मोरा तालाब निवासी महंगी देवी, नूरसराय के गोसाई बिगहा निवासी चलीत्रा गोप, सुंदर बिगहा निवासी देवनंदन प्रसाद, बिहारशरीफ प्रखंड के नगमा निवासी निर्जुला देवी, गीता देवी, अंश कुमार, रोहित कुमार, नंदिनी कुमारी, नीरजु कुमार, विशुनपुर निवासी श्यामा देवी, चेनपुरा निवासी अर्जुन कुमार, मो. आमिर, सिलाव प्रखंड के माधोपुर निवासी कंती देवी, नालंदा खंडहर में नियुक्त सुरक्षाकर्मी सरिलचक निवासी राकेश कुमार, इसलामपुर के ठेकेवहा निवासी पाचो देवी, रोहित कुमार, ज्योति कुमारी, गिरियक के दुर्गापुर निवासी अंकित कुमार, वेन के बुल्ला बिगहा निवासी चिंता देवी, रहुई के खाजे निवासी प्यारी देवी एवं बिहारशरीफ के इमादपुर निवासी मनोज कुमार यादव शामिल है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी मृतकों का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया है। सभी मृतक के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान की राशि उनके खाते में भेज दी गई है। विद्युत व्यवस्था को भी व्यापक नुकसान पहुंचा है, जिसमें 18 की. मी. लाइन और 320 से ज्यादा पोल एवं ट्रांसफार्मर को नुकसान हुआ है। शहरी क्षेत्रों में विद्युत संपर्क चालू कर दिया गया है विद्युत आपूर्ति का कार्य निरंतर प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि भीषण तूफान से पांच पशु यथा दो गायें एवं तीन भैंसों की मौत हुई है, पोस्टमार्टम के पश्चात आश्रितों को आपदा प्रबंधन प्रावधानों के तहत मुआवजा प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर मो. शफीक, अपरसमाहर्ता आपदा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पीएम आवास योजना-ग्रामीण के तहत 2024-25 में 25115 आवासों को स्वीकृति

## प्रथम, द्वितीय व तृतीय किस्तों की दी गई राशि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्रामीण गरीबों को पक्का आवास मुहैया कराने की दिशा में एक बड़ी पहल की गई है। गया में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 25115 आवासों को स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत कुल प्रथम किश्त में 22230, द्वितीय किश्त 8048 एवं तृतीय किश्त 3649 आवासों को राशि का भुगतान किया गया। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2021-22 में 206045 आवासों को स्वीकृति देते हुए प्रथम किश्त 206004, द्वितीय किश्त 203258, तृतीय किश्त 199627 का भुगतान करते हुए 200126 आवासों को पूर्ण कर लिया गया है।मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2018-19 एवं 2023-24 में 5107 आवासों को स्वीकृति देते हुए प्रथम किश्त 5106, द्वितीय किश्त 4901, तृतीय किश्त 4458 का भुगतान करते हुए 4468 आवासों को पूर्ण कर लिया गया है। मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में 2247 आवासों को स्वीकृति देते हुए प्रथम किश्त 2206, द्वितीय किश्त 1387 का भुगतान करते हुए 1459 आवासों को पूर्ण कर लिया गया है।

# रैली को लेकर अखिल भारतीय दुसाध कल्याण परिषद की बैठक

### ज्यादा से ज्यादा लोगों से की गई भाग लेने की अपील

## 4 मई को पटना चलने का आह्वान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** शहर के गांधी मैदान के गांधी मंडप में अखिल भारतीय दुसाध कल्याण परिषद के तत्वाधान में शुक्रवार को समीक्षा बैठक की गई। जिसका मुख्य उद्देश्य था 4 मई 2025 को पटना के राजेंद्र भवन में दुसाध चेतना का बड़ा रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए सभी दुसाद कल्याण परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्यों को ज्यादा से ज्यादा तादाद में 4 मई को पटना चलने का आह्वान किया गया। जिसकी अध्यक्षता जितेंद्र पासवान गया जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष किए और मुख्य अतिथि के रूप में इंजीनियर हेमंत कुमार पासवान अंतर्राष्ट्रीय प्रदेश अध्यक्ष एवं अरुण कुमार पासवान अंतर्राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष थे। बैठक में अशोक कुमार भारती, राष्ट्रीय संगठन मंत्री बिंदेश्वरी पासवान, जिला उपाध्यक्ष भूषण कुमार भारती, जिला उपाध्यक्ष धनंजय कुमार पासवान, संगठन मंत्री गायत्री पासवान, जिला उपाध्यक्ष विपिन कुमार पासवान, मीडिया प्रभारी अविनाश कुमार पासवान, जिला महासचिव संजय पासवान, संगठन सचिव प्रभु पासवान, महासचिव एवं धर्मेंद्र कुमार जिला प्रवक्ता आदि उपस्थित थे।

# साइबर सुरक्षा एवं अपराध के महत्वपूर्ण पहलुओं पर दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** जिले के एसएसपी आनंद कुमार के निर्देशानुशार डीएसपी सह थानाध्यक्ष साइबर थाना एवं साइबर थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी के द्वारा हवाई अड्डा परिसर में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में उपस्थित केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सभी पदाधिकारियों/कर्मियों एवं अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों/कर्मियों को साइबर सुरक्षा एवं अपराध के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही साइबर धोखाधड़ी के शिकार होने के बाद, अपनायी जाने वाली तत्काल उचित कदमों की जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के वरीय पदाधिकारी द्वारा डीएसपी सह थानाध्यक्ष को मोमेंटम देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर बताया गया कि किसी भी तरह के साइबर अपराध का शिकार होने पर अविलंब 1930 पर कॉल कर या द्धप्प्ध्पः//दभथ्द्धन्दन्द्बद्दद्ध.द्दधफ.द्बद्ध वेब पोर्टल पर जाकर अपनी शिकायत दर्ज कराए।

## नए मॉडल थाना भवन में चाकंद थाना हुआ स्थानांतरित

**गया।** शुक्रवार को चाकंद थाना को नए मॉडल थाना भवन में स्थानांतरित किया गया। इस अवसर पर जिले के एसएसपी आनंद कुमार के द्वारा एएसपी (ग्रामीण) अनवर जावेद, चाकंद थानाध्यक्ष, चाकंद थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी/कर्मी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में एक स्थानीय बुजुर्ग व्यक्ति से फीता कटवाकर नए भवन का उद्घाटन कराया गया।नए भवन में आगंतुकों के लिए बैठने की बेहतर और पर्याप्त व्यवस्था की गई है। साथ ही, महिला पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों के रहने हेतु एक मंज़िल आरक्षित किया गया है।आधुनिक सुविधाओं से लैस यह भवन पुलिसकर्मियों के कार्य को न केवल अधिक सहज और प्रभावी बनाएगा, बल्कि उनकी कार्यक्षमता में भी वृद्धि करेगा। इसके परिणामस्वरूप, आम जनता को और भी बेहतर सेवाएं और सुरक्षा उपलब्ध हो सकेगी।

# नव नालंदा महाविहार के प्रो. विजय कुमार कर्ण का सीयूएसबी में वायु प्रदूषण के वैदिक समाधान पर व्याख्यान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी (गया)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के स्कूल ऑफ अर्थ, बायोलॉजिकल एंड एनवायर्नमेंटल साइंसेज (एसईबीईएस) के अंतर्गत संचालित पर्यावरण विज्ञान विभाग ने वायु प्रदूषण के वैदिक समाधान विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन शुक्रवार को किया।कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में आयोजित कार्यक्रम में अतिथि व्याख्यान नव नालंदा महाविहार, नालंदा के संस्कृत विभाग के प्रो. विजय कुमार कर्ण ने दिया। जन सम्पर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि सत्र की शुरुआत पर्यावरण विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. प्रधान पार्थ सारथी के स्वागत भाषण से हुई और उन्होंने अतिथि वक्ता का संक्षिप्त परिचय दिया। प्रो. विजय कुमार कर्ण ने अपने व्याख्यान में इस बात पर प्रकाश डाला कि भारतीय सनातन दर्शन में ध्वनि को पदार्थ का एक रूप माना जाता अथर्ववेद के श्लोक माता भूमिः पुत्रोहम् पृथिव्याः का हवाला देते हुए उन्होंने वैदिक ग्रंथों में प्रकृति के प्रति ईश्वरीय श्रद्धा को दर्शाया। उन्होंने प्रदूषण से निपटने के लिए वृक्षारोपण, जल संरक्षण, गौ रक्षा और सात्विक जीवनशैली जैसे प्रकृति-केंद्रित मूल्यों की ओर लौटने की वकालत की। प्रो. कर्ण ने भारतीय सांस्कृतिक अवधारणा अभ्युदय पर भी जोर दिया, जहाँ संसाधनों का उपयोग वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लिए संतुलित है। उन्होंने महात्मा गांधी के चरखे को आत्मनिर्भरता और स्वदेशी की भावना के प्रतीक के रूप में संदर्भित किया।उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि वसुधैव कुटुम्बकम (दुनिया एक परिवार है) की वैदिक भावना आधुनिक पर्यावरणीय चुनौतियों के लिए स्थायी समाधान प्रदान कर सकती है।कार्यक्रम में एसईबीईएस के डीन प्रो. रिजवानुल हक, प्रो. राम कुमार, प्रो. राकेश कुमार, डॉ. राजेश कुमार रंजन, डॉ. नीतीश कुमार, डॉ. कृष्ण प्रकाश, डॉ. एनएल देवी, डॉ. सोमा गिरी, सहित शोधार्थी और स्नातकोत्तर छात्र उपस्थित थे।आयोजन सचिव डॉ. प्रशांत द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में अविनाश दास, आकृति अशेष, निगहत परवीन, प्रभात और शुभम की सक्रिय भागीदारी रही।

# भारतीय रेलवे ने मुंबई उपनगरीय नेटवर्क के लिए पेश की नई सौगातें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** बेहतर आधारभूत ढांचा, बेहतर तकनीक, बेहतर ट्रेनें थीम पर शुक्रवार को मुंबई में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संयुक्त रूप से मीडिया को संबोधित किया। इस अवसर पर मुंबई उपनगरीय रेलवे नेटवर्क सहित महाराष्ट्र भर में चल रही रेलवे परियोजनाओं की प्रगति और भविष्य की योजनाओं को साझा किया गया। श्री वैष्णव ने बताया कि मुंबई के उपनगरीय नेटवर्क को मजबूत करने हेतु 17,000 करोड़ से अधिक की लागत वाली परियोजनाएं तेज गति से चल रही हैं। इन परियोजनाओं के अंतर्गत 300 किमी से अधिक नई रेल लाइनों का निर्माण किया जा रहा है जिससे ट्रेनों की संख्या बढ़ेगी और भीड़भाड़ में कमी आएगी। रेल मंत्री ने 'कवच 5.0' नामक नवीनतम सुरक्षा और सिग्नलिंग प्रणाली की घोषणा की, जो उपनगरीय सेक्शन के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई है। इसके जरिए ट्रेनों के बीच की दूरी कम होकर अधिक संख्या में ट्रेनों का संचालन सुरक्षित ढंग से संभव होगा। यात्रियों के आराम को ध्यान में रखते हुए 238 नई वातानुकूलित लोकल रेक जल्द ही मुंबई में शुरू की जाएंगी। ये रेक खासतौर पर मुंबई के यात्रियों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गई हैं। मुख्यमंत्री श्री फडणवीस ने बताया कि शीघ्र ही 'मुंबई वन कार्ड' की शुरुआत की जाएगी, जिससे उपनगरीय ट्रेनें, मेट्रो, मोनोरेल, बेस्ट बस आदि एक ही कार्ड से चल पाएंगी। यह मुंबई महानगर क्षेत्र के सार्वजनिक परिवहन को एकीकृत कर देगा। केंद्रीय मंत्री ने गोंदियाऽबल्लारशाह रेललाइन के दोहरीकरण की घोषणा की। 240 किमी की इस रणनीतिक परियोजना में 4,819 करोड़ का निवेश होगा और यह विदर्भ एवं मराठवाड़ा क्षेत्रों को मजबूती से जोड़ने के साथ आंध्र प्रदेश व छत्तीसगढ़ से भी रेल संपर्क को गति देगा। इसमें 29 स्टेशनों का आधुनिकीकरण, 36 बड़े पुल, 338 छोटे पुल, और 67 रोड अंडरब्रिज का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही महाराष्ट्र के 132 रेलवे स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाया जा रहा है। ये स्टेशन यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाएंगे और रेलवे का चेहरा बदलेंगे। मुंबई में 'भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान' की स्थापना की जाएगी, जो क्रिएटिव इंडस्ट्री में राष्ट्रीय महत्त्व का संस्थान होगा। यह भारत को इस क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाएगा। मुख्यमंत्री ने आईआरसीटीसी द्वारा शीघ्र शुरू होने वाली 'छत्रपति शिवाजी महाराज एवं गौरवशाली मराठा यात्रा' की घोषणा की। यह 10 दिवसीय विशेष 'भारत गौरव' पर्यटक ट्रेन ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक स्थलों की यात्रा कराएगी। बुलेट ट्रेन, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, स्टेशन पुनर्विकास जैसी कई योजनाओं के साथ भारतीय रेलवे ने महाराष्ट्र में 1.73 लाख करोड़ का रिकॉर्ड निवेश किया है, जो राज्य की रणनीतिक महत्ता को दर्शाता है।

# पांच पहाड़ों के बीच प्रगति का सेतु : अंजी खड्ड ब्रिज

### भारत का पहला केबल-स्टेड रेलवे पुल, जम्मू-कश्मीर की कनेक्टिविटी को देगा नए आयाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**कटरा/रियासी।** जम्मू-कश्मीर की दुर्गम घाटियों और ऊंचे पहाड़ों के बीच एक नया इतिहास रचा गया है। उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना के तहत कटरा और बनिहाल के बीच बनकर तैयार हुआ अंजी खड्ड ब्रिज न केवल एक इंजीनियरिंग चमत्कार है, बल्कि यह विकास की नई राह का प्रतीक भी बन गया है। भारत का पहला केबल-स्टेड रेलवे ब्रिज – अंजी खड्ड ब्रिज – अंजी नदी की गहरी खाई को पाटता है और कटरा से रियासी के बीच रेल संपर्क को सुदृढ़ बनाता है। यह पुल सिर्फ लोहे और केबल का ढांचा नहीं, बल्कि भारतीय इंजीनियरों की मेहनत, हिम्मत और तकनीकी कौशल का प्रमाण है। सिर्फ 11 महीनों में तैयार हुए इस भव्य पुल की कुल लंबाई 725 मीटर है। यह नदी के तल से 331 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और इसका केंद्रीय पायलन 193 मीटर ऊंचा है, जो पूरी संरचना को संतुलन देता है। यह पुल, चिनाब ब्रिज के बाद भारत का दूसरा सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज है। ब्रिज को 96 स्टे केबल्स के सहारे टिकाया गया है, जिनकी कुल लंबाई 653 किलोमीटर और कुल वजन 849 मीट्रिक टन है। इसके निर्माण में 8,215 मीट्रिक टन स्टील का उपयोग किया गया है, जो इसे मजबूती और स्थायित्व प्रदान करता है। इस पुल के निर्माण से घाटी के दूरदराज गांवों और कस्बों को मुख्यधारा से जोड़ने की राह खुली है। बेहतर संपर्क से चिकित्सा, शिक्षा, व्यापार और पर्यटन जैसे क्षेत्रों को नई ऊर्ज़ा मिलेगी। स्थानीय लोगों के लिए रोज़गार के अवसर बढ़ेंगे और जम्मू-कश्मीर की आर्थि?क गतिविधियों को गति मिलेगी। यह पुल न सिर्फ एक भौगोलिक खाई को पाटता है, बल्कि जम्मू-कश्मीर और शेष भारत के बीच सामाजिक और आर्थिक दूरी को भी कम करता है। अंजी खड्ड ब्रिज, वास्तव में, प्रगति का सेतु बन चुका है।

**जयोतिराव फुले की मनी जयंती :** गया। विष्णुपूरी कॉलोनी माली (मालाकार) सेवा संघ के बैनरतले शुक्रवार को महान समाज सुधारक जयोतिराव फुले का जयंती समारोह मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता धर्मेन्द्र मालाकार ने की।इस अवसर पर धर्मेंद्र मालाकार ने कहा कि ज्योतिराव फुले की जयंती हर साल 11 अप्रैल को मनाई जाती है। यह दिन भारत के एक महान समाज सुधारक, विचारक और सामाजिक कार्यकर्ता ज्योतिराव फुले (जोतिबा फुले) के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है।

# बच्चों के विवाद में मारपीट, 17 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के कैथी मठिया गांव में बीते दिनों बच्चों के विवाद में मारपीट होने के बाद फर्द बयान के आधार पर मामला दर्ज शुक्रवार को किया गया है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है। परिजनों ने भी पुलिस से न्याय की मांग की है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है। उक्त मामले में प्रथम पक्ष से वादी सुरेश गिरी पिता स्व. तपेश्वर गिरी ने दस लोगों को आरोपी बनाया है। जिसमें जैलेंद्र गिरी, रंजू देवी, मालो देवी, धर्मेंद्र गिरी, सुनीता देवी, मिथलेश गिरी, सौरभ कुमार, रोहित कुमार, पवन गिरी, मोहित कुमार का नाम शामिल है। वहीं, दूसरे पक्ष के वादी धर्मेंद्र गिरी ने सात लोगों को आरोपी बनाया है जिसमें नीतीश कुमार, सुनील गिरी, भरत कुमार, मुन्ना गिरी की पत्नी, सुरेश गिरी की पत्नी, पिंटू कुमार एवं मुन्ना गिरी का नाम शामिल है। आंती थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि कांड संख्या 46/25 एवं 47/25 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई जारी है।

# पुलिस पर हमला करने का आरोपित सहित दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज (गया)।** पुलिस पर हमला करने सहित एक अन्य आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा ने बताया कि बिते वर्ष 2024 के मई माह में अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर को जब्त करने के दरम्यान एनएच 82 पर कॉआखोह मोड़ पर तीन बाइक पर सवार नौ अपराधियों ने पुलिस बल पर रोड़ेबाजी की थी, जिसमें एक सिपाही भी घायल हुए थे।इस मामले में गुरूवार की रात्री नामजद मनियारा निवासी मुकेश यादव को गिरफ्तार किया गया है।इसके अलावे एक अन्य शराबी को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।


**बिहार सरकार**

**कार्यालय जिला परिषद, औरंगाबाद**

**अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या E-Tender–01/2025/ZPABAD**
**( e-tendering on website – eproc2.bihar.gov.in)**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : जिला अभियन्ता, जिला परिषद, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि : दिनांकः– 09.04.2025
3. निविदा कागजात डाउनलोड करने की तिथि : दिनांक :–30.04.2025
4. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय : दिनांक 08.05.2025 के 03.00 PM तक ( on website- eproc2.bihar.gov.in )
5. तकनीकी बीड खोलने की तिथि/समय : दिनांक 10.05.2025 के 03.30 PM के बाद ( on website- eproc2.bihar.gov.in )
6. वित्तीय बीड खोलने की तिथि/समय : तकनीकी बीड के निर्णय उपरान्त ( on website- eproc2.bihar.gov.in )
7. अग्रधन, सभी शपथ पत्र (मूल में) एवं Existing commitment (मूल मे) एवं परिमाण विपत्र के मूल्य का बैंक ड्राफ्ट/बैकर्स चेक जमा करने की अंतिम तिथि/समय एवं स्थान : दिनांक– 10.05.2025 के 15.00 बजे तक स्थान– (क) जिला परिषद कार्यालय, औरंगाबाद।
8. कार्य का विवरण :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य बीड प्रोसेसिंग की अप्रत्यर्पणीय (रू0 में) | Bid Processing Fee (Through online Payment) अप्रत्यर्पणीय | कार्य समाप्ति की अवधि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6th Finance | | | | | | |
| 1 | कुटुम्बा प्रखण्ड के दुमुहान (सडसा) में भास्कर नगर में विवाह भवन निर्माण। | 9862968.00 | 197300.00 | 10000.00 | As per beltron | 9 month | |
| 2 | नबीनगर निरीक्षण गृह के अहाते में विवाह भवन निर्माण। | 9867518.00 | 197400.00 | 10000.00 | As per beltron | 9 month | |
| 3 | देव निरीक्षण गृह के अहाते में विवाह भवन निर्माण। | 9862968.00 | 197300.00 | 10000.00 | As per beltron | 9 month | |
| 4 | जिला अभियन्ता कक्ष के उपर जिला अभियन्ता कार्यालय भवन उपर नीचे बरामदा सहित एवं सिढी निर्माण कार्य। | 4749800.00 | 133000.00 | 5000.00 | As per beltron | 7 month | |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR- 00912 ( B & C ) 2025-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, औरंगाबाद।


## Affidavit

I, Ramanandan Yadav, son of Nirdhan Yadav, aged about 66 years, resident of Village - Bari Balia, P.O. + Police Station + Circle + Subdivision - Balia, District - Begusarai (Bihar), PIN Code 851211, do hereby solemnly affirm and declare as follows:

1. That I am a permanent resident of the above-mentioned address.
2. That my son, Shiv Shankar Kumar, holds the rank of Lance Havildar, Service No. 4288692H.
3. That due to a clerical error, my date of birth has been incorrectly recorded as 01/01/1964 in my son's service records.
4. That my actual date of birth is 31/01/1959, which is also mentioned on my Aadhaar Card No. 4163 8722 5532.
5. That I am executing this affidavit to request correction of the erroneous date of birth (01/01/1964) in my son's service records and to replace it with my correct date of birth, which is 31/01/1959.

The above statements are true and correct to the best of my knowledge and belief. I have not concealed any facts and have not made any false statement.

## Affidavit

I, Dula Devi, wife of Ramnandan Yadav, aged approximately 66 years, resident of Village – Badi Balia, P.O. + P.S. + Circle + Subdivision – Balia, District – Begusarai (Bihar), PIN Code – 851211, do hereby solemnly affirm and declare as follows:

1. That I am a permanent resident of the above-mentioned address.
2. That my son, Shiv Shankar Kumar, holds the rank of Rank-less Havildar with Service No. 4288 692 H.
3. That due to a clerical error, my name has been recorded as "Sunita Devi" and my date of birth as 01/01/1971 in my son's service records, which is incorrect.
4. That my correct and actual name is Dula Devi and my date of birth is 01/01/1964, as mentioned in my Aadhaar Card No. 9920 2962 6045.
5. That I am making this affidavit to request the correction of my name and date of birth in my son's service records by replacing the incorrect details "Sunita Devi" and "01/01/1971" with the correct details "Dula Devi" and "01/01/1964" respectively.

I hereby declare that the above statements are true and correct to the best of my knowledge and belief, and nothing has been concealed or stated falsely.


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा श्यामा बिल्डकॉन प्रा0लि0, कैमूर, बिहार को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढीकरण योजना पैकेज सं0– RWD/GARHWA/STPKG/12 अन्तर्गत पड़ने वाले दो पथों का एकरारनामा किया गया था, एकरारनामा के अनुसार कार्य पूर्णता की तिथि 18.09.2024 था, परन्तु आपके द्वारा कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है जो खेद का विषय है। इस संबंध में अधोहस्ताक्षरी के द्वारा अनेको बार मौखिक रूप से निर्देशित करने एवं निबंधित पत्र पत्रांक 2439 दिनांक 11.11.2024, स्मार पत्र का पत्रांक 2491 दिनांक 29.11.2024 एवं स्मार पत्र का पत्रांक 515 दिनांक 18.03.2025 द्वारा सूचना देने के बावजूद भी अभी तक आपके द्वारा अवशेश कार्य को पूर्ण नहीं किये जाने से प्रतित होता है कि आपका कार्य के प्रति अभिरूचि नहीं है।

अतः अंतिम स्मार पत्र देते हुए आपको निर्देशित किया जाता है कि सात दिनों के अन्दर अवशेष कार्य को प्रारम्भ करते हुए अधोहस्ताक्षरी को प्रतिवेदित करना सूनिश्चित करें अन्यथा एकरारनामा में निहित प्रावधान के अनुरूप आपको Debar करने एवं आपका निबन्धन को काली सूची में दर्ज करने हेतु उच्चाधिकारीयों को सूचित करना अधोहस्ताक्षरी की वाध्यता होगी। तथा इसकी पूर्ण जवाबदेही आपकी होगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0का0वि0,कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 350123 Rural Development (25-26)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा**

**जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद**
**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या – 20/2024-25/RWD/GARHWAदिनांक – 09.04.2024

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | केतार | RWD/GARHWA/55/2024-25 2nd Call | केतार बाजार से पण्डा नदी तक नाली निर्माण। (0.800 कि0मी0) | 38.956 | अड़तीस लाख पन्चानबे हजार छः सौ रूपये। | 03 (तीन) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 18.04.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 27.04.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 29.04.2025 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR 350131 (Rural Development) 25-26 (D)

संपादकीय

# राज्यपालों को सही फटकार

देश की सर्वोच्च अदालत ने देश के कई राज्यों के राज्यपालों द्वारा विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों (बिल) को रोकने की बढ़ती प्रवृत्ति पर कड़ी और सही फटकार लगाते हुए कहा है कि राज्यपालों के पास कोई वीटो पॉवर नहीं है। यही नहीं सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे में राज्यपालों द्वारा फैसले लेने की समय सीमा भी एक महीना तय कर दी है। सुप्रीम कोर्ट के इस ऐतिहासिक फैसले का न सिर्फ दूरगामी प्रभाव होगा बल्कि राज्यपालों की मनमानी पर भी अंकुश लगेगा। सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन ने तमिलनाडु में राज्य विधानसभा द्वारा पारित 10 बिलों को राज्यपाल द्वारा रोके जाने के खिलाफ पर तमिलनाडु सरकार द्वारा दायर याचिका पर यह फैसला दिया। तमिलनाडु सरकार की याचिका में कहा गया था कि राज्यपाल आरएन रवि ने राज्य के जरूरी बिलों को रोककर रखा है। तमिलनाडु सरकार ने विशेष सत्र में इन बिलों को पारित कराया था। इन 12 पारित बिलों में से 10 को राज्यपाल आरएन रवि ने 13 नवंबर 2023 को बिना कारण बताए विधानसभा को लौटा दिया और 2 बिलों को राष्ट्रपति के पास भेज दिया था। इसके बाद 18 नवंबर को तमिलनाडु विधानसभा के विशेष सत्र में इन 10 बिलों को फिर से पारित किया गया और गवर्नर की मंजूरी के लिए भेजा गया। लेकिन राज्यपाल का रवैया वही रहा। इसके बाद तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट की शरण ली। याचिका में तमिलनाडु सरकार ने कहा कि राज्यपाल का यह रवैया गैर कानूनी और अलोकतांत्रिक है। उसने सुप्रीम कोर्ट से मांग की कि राज्यपाल इन सभी बिलों पर जल्द से जल्द सहमति दें। गौरतलब है कि पूर्व में सीबीआई में काम कर चुके आईपीएस अधिकारी आरएन रवि ने 2021 में तमिलनाडु के राज्यपाल का पद संभाला था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में देश के राज्यपालों के रवैये को लेकर कठोर टिप्पणियां की हैं। कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल संविधान से चलें न कि किसी पार्टी की मर्जी से। राज्यपाल और स्टालिन सरकार के बीच 2021 में सत्ता संभालने के बाद से ही खराब रिश्ते रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि राज्यपाल को राज्यपाल को एक दोस्त, दार्शनिक और राह दिखाने वाले की तरह होना चाहिए। आप संविधान की शपथ लेते हैं। आपको किसी राजनीतिक दल की तरफ से संचालित नहीं होना चाहिए। आपको उत्प्रेरक बनना चाहिए, अवरोधक नहीं। कोर्ट ने कहा विधानसभा द्वारा पारित 10 बिलों को राष्ट्रपति के पास भेजना मनमानी है। कोर्ट ने इस कार्रवाई को भी रद्द कर दिया। यही नहीं, अदालत ने यह भी कहा कि इन बिलों को उसी दिन से मंजूर माना जाएगा, जिस दिन विधानसभा ने बिलों को पास करके दोबारा राज्यपाल को भेजा गया था। कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल बिल रोकें या राष्ट्रपति के पास भेजें, उन्हें यह काम मंत्रिपरिषद की सलाह से एक महीने के अंदर करना होगा। विधानसभा बिल को दोबारा पास कर भेजती है, तो राज्यपाल को एक महीने के अंदर मंजूरी देनी होगी।

समस्या यह है कि केन्द्र सत्तारूढ़ सरकार द्वारा नियुक्त राज्यपाल राज्यों में विपक्षी पार्टियों की सरकार के साथ केन्द्र के एजेंट की तरह काम करते हैं न कि संविधान प्रमुख की तरह। ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है, लेकिन अब ज्यादा हो रहा है। कुछेक मामलो में राज्यपालों और राज्य सरकार के बीच मतभेद हो सकते हैं, लेकिन हर वक्त टकराव जायज नहीं है। जिन राज्यों में भाजपा या एनडीए की सरकारें हैं, वहां राज्यपालों का व्यवहार आज्ञाकारी की तरह होता है, लेकिन विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों में 'शत्रुवत' रहता है। यह आचरण ठीक नहीं है। कोर्ट का यह फैसला तमिलनाडु की एम.के.स्टालिन सरकार को राहत पहुंचाने वाला है।

# भौतिक चकाचौंध व सोशल मीडिया से बढ़ रहे रिश्तों के कत्ल

**विश्व को वसुधैव कुटुम्बकम की सीख देने वाले भारत जैसे आध्यत्म और शांति की धरा वाले देश में बढ़ती भौतिक विलासिता की चकाचौंध और सोशल मीडिया का जिन्दगी में बढ़ता दखल, पारिवारिक-सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रहा है। संबंधों में तकरार और फिर नृशंस तरीके से हत्या जैसे मामलों ने देश को झकझौर कर रख दिया है। मेरठ की मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर अपने पति सौरभ राजपुत की हत्या कर दी। ऐसे ही मुजफ्फरनगर की पिंकी ने अपने आशिक के लिए अपने पति अनुज को जहर पिलाकर मार दिया। रिश्तों में हत्या का ऐसा ही प्रकरण बेंगलुरु में देखने को मिला, वहां के हुलीमावु क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या करके उसकी बॉडी को सूटकेस में भर दिया। देश के अलग-अलग शहरों में हो रही ऐसी हत्याओं ने देश की जनता को पूरी तरह से हिलाकर रख दिया। आखिर ये सिलसिला कहां जकर थमेगा? इन घटनाओं ने सोचने-समझने के लिए मजबूर कर दिया है कि आखिर यह देश किस दिशा में जा रहा है।**

योगेंद्र योगी



पिछले कुछ वक्त से देश के अलग-अलग हिस्सों से ऐसी खबरें आ रही हैं, जिनमें पति पत्नी का और पत्नी पति का कत्ल कर देती है। संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय की रिपोर्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2023 में दुनिया भर में कुल 51 हजार 100 महिलाओं और लड़कियों का कत्ल हुआ है। इनमें से 60 फीसदी के करीब कत्ल महिलाओं या लड़कियों के अपने पार्टनर, पति या फैमिली मेंबर ने किया। एक रिपोर्ट कहती है कि देश भर में हर साल औसतन 225 लोगों को उनकी पत्नियां कत्ल कर देती हैं और लगभग 275 पत्नियां अपने पति के हाथों मारी जाती हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में हर ग्यारवें मिनट में एक महिला या लड़की का कत्ल होता है। इनमें से औसतन हर रोज 140 महिलाओं या लड़कियों का कत्ल उनके घर के अंदर होता है।

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन और लंदन स्कूल ऑफ हाइजिन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन एंड साउथ एफ्रिकन मेडिकल रिसर्च काउंसिल की रिपोर्ट कहती है वर्ष 2022 में दुनिया भर में कुल 48 हजार 800 महिलाओं और लड़कियों के कत्ल हुए थे और इनमें से भी 60 फीसदी से ज्यादा कत्ल पार्टनर, पति या फैमिली मेंबर ने ही किए थे। वर्ष 2022 में ऐसे अपराधों के मामलों में अफ्रीका पहले नंबर पर था और एशिया दूसरे नंबर पर। ऐसे अपराधों में अब 2023 में एशिया पहले नंबर पर है और अफ्रीका दूसरे नंबर पर है। आंकड़ा कहता है कि पार्टनर पति या रिलेशनशिप में दुनिया भर में जितने कत्ल होते हैं, उसकी 58 फीसदी शिकार महिलाएं या लड़कियां होती हैं। लेकिन चौंकाने वाला आंकड़ा ये भी है कि इसी पार्टनर और रिलेशनशिप की वजह से 42 फीसदी पुरुषों का भी कत्ल होता है। अर्थात यह अंतर ज्यादा नहीं है। ब्रिटिश मेडिकल जनरल लेनसेट में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 60 फीसदी महिलाओं के कत्ल मौजूदा या फिर पूर्व पार्टनर की वजह से होती है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया भर में महिलाओं के कत्ल का सबसे ज्यादा खतरा उन्हीं के मौजूदा या पूर्व पार्टनर से ही होता है। जबकि पूर्व या मौजूदा महिला पार्टनर के हाथों पुरुषों के कत्ल का प्रतिशत सिर्फ साढ़े 6 फीसदी है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के मुताबिक देश में हर साल कितने पति अपनी पत्नी का या पत्नी अपने पति का कत्ल करती हैं। एनसीआरबी के 2022 के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि इश्क और रिश्तों में लोग अब जान नहीं देते बल्कि जान लेते हैं। भारत में जिन वजहों से सबसे ज्यादा कत्ल होते हैं। उनमें लव अफेयर और शादी के बाद संबंधों के मामलों में होने वाला कत्ल तीसरे और चौथे नंबर पर आता है। देश में होने वाले हर 10 में से औसतन एक कत्ल किसी ना किसी आशिक-माशूक या पति-पत्नी के हाथ से ही होता है।

आंकडों के मुताबिक पूरे देश में कुल 28 हजार 522 कत्ल के मामले सामने आए। ये तमाम कत्ल 19 अलग अलग वजहों से हुए। मसलन, निजी दुश्मनी, सांप्रदायिक और धार्मिक वजह, राजनीतिक वजह, डायन प्रथा, जातिवाद, विवाद, या लूट-डकैती। परेशान करने वाली बात यह है कि इन 19 वजहों में से तीसरी और चौथी नंबर पर कत्ल की जो वजह बनी वो इश्क, धोखा, फरेब और शादी के बाद के संबंध थे। 28 हजार 522 कत्ल के कुल मामलों में से कुल 2 हजार 821 कत्ल इसी वजह से हुए। ऐसा नहीं है कि इश्क में पहले कत्ल नहीं हुआ करते थे। पहले भी आशिकों ने हाथों में खंजर या तमंचे उठाए हैं। लेकिन 2010 के बाद से पति-पत्नी, इश्क, बेवफाई और अवैध संबंध की वजह से होने वाले कत्ल की तादाद तेजी से बढ़ी।

पिछले 15 सालों के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो साफ पता चलता है कि जैसे जैसे सोशल मीडिया का चलन बढ़ा पति पत्नी के रिश्ते, शादी के बाद के संबंध और इश्क और खूनी होता चला गया। आंकड़ों के हिसाब से 2010 से 2014 के दरम्यान लव अफेयर और संबंधों की वजह से होने वाले कत्ल का प्रतिशत 7 से 8 फीसदी था। लेकिन 2015 से 2022 के दरम्यान ये बढ़कर 10 से 11 फीसदी हो गया। ये गिनती लगातार बढ़ती जा रही है। एनसीआरबी के डेटा के मुताबिक 2022 में देशभर में खुदकुशी के कुल 17 हजार 924 केस दर्ज हुए थे। जिनमें से अकेले शादी से जुड़े मामलों में 8 हजार 204 पति या पत्नी ने खुदकुशी की। जबकि इश्क के चलते 7 हजार 692 प्रेमी जोड़ों में से किसी एक ने खुदकुशी कर ली। इसके अलावा अवैध संबंधों की वजह से भी 855 लोगों ने खुदकुशी की।

एनसीआरबी के अलावा नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के एक आंकड़ें के मुताबिक 4 फीसदी शादीशुदा महिलाओं ने ये माना है कि वो अपने पति को शारिरिक तौर पर चोट पहुंचाती है। इसी तरह स्टडी ऑफ इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पॉपुलेशन साइंस (आईआईपीएस) की एक रिपोर्ट के मुताबिक नौकरीपेशा महिलाएं जो पैसे कमाती हैं और मोबाइल का इस्तेमाल करती हैं, अपने पति से ज्यादा झगड़ती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक महिलाओं की जैसे जैसे उम्र बढती जाती है वो अपने पति से ज्यादा झगडने लगती हैं। जबकि पति के मामले में ये उल्टा है। पति की उम्र जैसे जैस बढ़ती है वो बीवियों से झगड़ा कम करने लगते हैं। आईआईपीएस की ये रिपोर्ट ये भी कहती है कि एकल परिवार में पति पत्नी के बीच हिंसक लड़ाई ज्यादा होती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर एक हजार पति में से 29 पति अपनी पत्नियों की हिंसा का शिकार होते हैं। जबकि एकल परिवार में यही आंकड़ा पत्नियों के लिए हर एक हजार में 32 है। वैसे पति पत्नी से जुड़े दर्ज कत्ल के मामलों के एक आंकड़े के मुताबिक 2022 में देशभर में पत्नी के हाथों पति के 220 कत्ल के मामले सामने आए थे। इसी दौरान पति के हाथों पत्नी के कत्ल के 270 से ज्यादा मामले सामने आए। फिलहाल 2025 की तो अभी शुरुआत है। वर्ष 2024 का आंकड़ा एनसीआरबी ने अभी जारी नहीं किया है। लेकिन रिपोर्ट होने वाले आंकड़े डरावने हैं और इन्हीं आंकड़ों को सच करके जब मुस्कान, साहिल, प्रगति, राकेश रौशन ना जाने ऐसे कितने ही नाम और ऐसी कितनी ही तस्वीरें सामने आती हैं तो अहसास करा जाती हैं कि अब मुहब्बत उस अहसास का नाम नहीं रहा जो कभी हर दिल में रहा करता था। सवाल यही है कि आखिर हमारा समाज किस दिशा में जा रहा है। क्या तरक्की और स्वतंत्रता का यही पैमाना है? सामाजिक और पारिवारिक मूल्यों का क्षरण का सिलसिला आखिर कहां जाकर थमेगा। इस बारे में गहन-चिंतन मनन की जरूरत है।

अध्यात्म

## बच्चे की राजा को 4 शर्ते



एक बार एक राजा नगर भ्रमण को गया तो रास्ते में क्या देखता है कि, एक छोटा बच्चा माटी के खिलौनो को कान में कुछ कहता फिर तोड कर माटी में मिला रहा है।

राजा को बड़ा अचरज हुआ तो उसने बच्चे से पूछा कि तुम ये सब क्या कर रहे हो?

तो बच्चे ने जवाब दिया कि मैं इन से पूछता हूँ कि कभी राम नाम जपा? और माटी को माटी में मिला रहा हूँ।

तो राजा ने सोचा इतना छोटा सा बच्चा इतनी ज्ञान की बात..

राजा ने बच्चे से पूछा कि तुम मेरे साथ मेरे राजमहल में रहोगे?

तो बच्चे ने कहा कि जरुर रहूंगा पर मेरी चार शर्त है।

1) जब मैं सोऊं तब तुम्हें जागना पड़ेगा।

2) मैं भोजन खाऊंगा तुम्हें भूखा रहना पड़ेगा।

3) मैं कपड़े पहनूंगा मगर तुम्हें नग्न रहना पड़ेगा।

4) और जब मैं कभी मुसीबत में होऊ तो तुम्हें अपने सारे काम छोड़ कर मेरे पास आना पड़ेगा।

आप यदि हमारी ये सभी शर्तें मानते हैं, तो मैं आपके राजमहल में चलने को तैयार हूँ।

राजा ने कहा कि ये तो असम्भव है।

तो बच्चे ने कहा राजन तो मैं उस परमात्मा का आसरा छोड़ कर आपके आसरे क्यूँ रहूँ. जो खुद नग्न रहकर मुझे पहनाता है। खुद भूखा रह कर मुझे खिलाता है। खुद जागता है और मैं निश्चिंत सोता हूँ। और जब मैं किसी मुश्किल में होता हूँ, तो वो बिना बुलाए मेरे लिए अपने सारे काम छोड़ कर दौडा आता है।

कहने का भाव केवल इतना ही है कि हम लोग सब कुछ जानते समझते हुए भी बेकार के विषय विकारो में उलझ कर परमात्मा को भुलाए बैठे हैं।

# गांवों में रुपये पैसे की जरुरत पूरी करने में आज भी रिश्तों की डोर अधिक मजबूत

**देश में संस्थागत ऋण उपलब्धता बढ़ी है पर आज भी ताजा रिपोर्ट के अनुसार 17.6 प्रतिशत ग्रामीणों का साहूकारों या अन्य स्रोतों पर निर्भर रहना उचित नहीं माना जा सकता। यदि ब्याज दर 20, 30, 40 या 50 प्रतिशत होगी तो प्रेमचंद के गोदान या इसी तरह की साहूकारी व्यवस्था व आज की व्यवस्था में क्या अंतर रह जाएगा। इतना जरुर है कि रिश्तों की डोर आज भी मजबूत है और इसकी पुष्टी नाबार्ड की रिपोर्ट करती है कि ग्रामीण क्षेत्र में 31.7 प्रतिशत कर्जदार रिश्तेदारों और परिचितों पर निर्भर है और यह लोग रिश्तों का लिहाज करते हुए जरुरत के समय एक दूसरे का रुपया पैसा देकर सहयोग करते हैं और बदले में किसी तरह का ब्याज नहीं लेते। आने वाले समय में भी हमें रिश्तों की इस डोर को मजबूत बनाये रखना होगा और सरकार को आगे आकर एक सीमा से अधिक ब्याज वसूलने वालो पर सख्ती दिखानी होगी।**

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

नाबार्ड की हाल ही मार्च, 25 में जारी रिपोर्ट से जहां इस बात का संतोष होता है कि ग्रामीण क्षेत्र में संस्थागत ऋण प्रवाह का दायरा बढ़ा हैं वहीं यह भी चिंता चिंताजनक हालात सामने आये हैं कि गैरसंस्थागत स्त्रोतों से जरुरत के समय कर्ज प्राप्त करने वाले ग्रामीणों में से करीब साढ़े सात फीसदी लोगों को 50 फीसदी से भी अधिक ब्याजदर से कर्ज चुकाना पड़ रहा है। इससे यह साफ हो जाता है कि एक बार गैर संस्थागत स्रोत से कर्जदार बने तो फिर कर्ज के मकड़जाल से निकलना असंभव नहीं तो बहुत ही मुश्किल भरा होगा। नाबार्ड की रिपोर्ट को ही आधार मानकर चले तो सितंबर, 24 में जुटाये आंकड़ों के अनुसार 17.6 फीसदी लोग अपनी रुपये पैसे की तात्कालीक जरुरतों को पूरा करने के लिए गैर संस्थागत स्रोतों पर निर्भर है। हालाकि इसमें करीब साढ़े तीन फीसदी का सुधार है पहले 21.1 प्रतिशत ग्रामीण अपनी ऋण जरुरतों को पूरा करने के लिए गैर संस्थागत स्रोतों पर निर्भर थे। फिर भी हमारी ग्रामीण संस्कृति की इस खूबी की सराहना करनी पड़ेगी कि आज भी 31.7 प्रतिशत रिश्तेदार या परिचित ऐसे हैं जो दुःखदर्द में भागीदार बनते हैं और ऐसे समय में उपलब्ध कराये गये रुपये पैसे पर किसी तरह का ब्याज नहीं लेते। हांलाकि रिश्तेदारों या परिचितों से इस तरह की रुपये पैसे की आवश्यकता कुछ समय के लिए ही होती है और समय पर लौटा दिया जाता है। यह भी नाबार्ड द्वारा जारी रिपोर्ट से ही उभर कर आया है।

दरअसल चाहे ग्रागीण हो या शहरी तात्कालीक आवश्यकताएं आ ही जाती है जिनके लिए तत्काल रुपये पैसे की आवश्यकता होती है। अन्य कोई सहारा नहीं देखकर व्यक्ति इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए रिश्तेदार, परिचित, साहूकार, दोस्त, कमीशन एजेंट या रुपये पैसे उधार देने वाले लोगों के सामने हाथ पसारते हैं। अब इनमें से एक बहुत बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो व्यक्ति की मजबूरी का फायदा उठाने में किसी तरह का गुरेज नहीं करते और हालात यहां तक हो जाते हैं कि मजबूरी का फायदा उठाते हुए 50 से 60 प्रतिशत तक ब्याज लेने में किसी तरह की हिचकिचाहट नहीं दिखाते। हांलाकि ऐसे लोगों का प्रतिशत या संख्या कम है पर इसे सिरे से नकारा नहीं जा सकता। रिपोर्ट के अनुसार ऋण लेने वाले करीब 40 फीसदी ग्रामीणों को 15 प्रतिशत से 60 प्रतिशत तक के बीच में ब्याज का चुकारा करना पड़ता है। 0.9 प्रतिशत को 60 प्रतिशत या इससे अधिक तो 6.6 फीसदी को 50 प्रतिशत से अधिक की ब्याजदर पर लिए गए ऋणों का चुकारा करना पड़ता है। इससे साफ हो जाता है कि आजादी के 75 साल



बाद भी सूदखोरों को बोलबारा बरकरार है। हांलाकि संस्थागत ऋणों में भी यदि हम पर्सनल लोन की बात करें तो वह भी करीब 15 से 20 प्रतिशत पर बैठता है और यदि किसी कारण से कोई किष्त बकाया रह गई तो फिर पेनल्टी दर पेनल्टी का सिलसिला काफी गंभीर व कर्ज के मकड़जाल में फंसाने वाला हो जाता है।

एक बात और शहरों और ग्रामीण इलाकों में कुछ लोगों या संस्थाओं द्वारा दैनिक आधार पर पैसा कलेक्शन करने और दैनिक आधार पर ही ऋण देने का कार्य किया जाता है। इस तरह के लोगों या संस्थाओं द्वारा भले ही दैनिक आधार पर दस रुपये के ग्यारह रुपये शाम को देना आसान लगता हो पर इस किस्त का चूकना और मासिक आधार पर गणना की जाये तो यह बहुत मंहगा होने के साथ ही जरुरतमंद लोगों की मजबूरी का फायदा उठाने से कम नहीं है। रोजमर्रा का काम करने वाले वेण्डर्स इस तरह की श्रेणी में आते हैं। खैर यह अलग बात है पर कहने को चाहे 40 प्रतिशत ही हो पर इनके द्वारा 20 प्रतिशत से 60 प्रतिशत की ब्याजदर से ब्याज राशि वसूलना किसी भी तरह से सभ्य समाज के लिए उचित नहीं कहा जा सकता। हांलाकि देश में संस्थागत ऋण उपलब्धता बढ़ी है पर आज भी ताजा रिपोर्ट के अनुसार 17.6 प्रतिशत ग्रामीणों का साहूकारों या अन्य स्रोतों पर निर्भर रहना उचित नहीं माना जा सकता। यदि ब्याज दर 20, 30, 40 या 50 प्रतिशत होगी तो प्रेमचंद के गोदान या इसी तरह की साहूकारी व्यवस्था व आज की व्यवस्था में क्या अंतर रह जाएगा। इतना जरुर है कि रिश्तों की डोर आज भी मजबूत है और इसकी पुष्टी नाबार्ड की रिपोर्ट करती है कि ग्रामीण क्षेत्र में 31.7 प्रतिशत कर्जदार रिश्तेदारों और परिचितों पर निर्भर है और यह लोग रिश्तों का लिहाज करते हुए जरुरत के समय एक दूसरे का रुपया पैसा देकर सहयोग करते हैं और बदले में किसी तरह का ब्याज नहीं लेते। आने वाले समय में भी हमें रिश्तों की इस डोर को मजबूत बनाये रखना होगा और सरकार को आगे आकर एक सीमा से अधिक ब्याज वसूलने वालो पर सख्ती दिखानी होगी।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
मित्रों के भरोसे अपने काम न छोड़ें। ऑनलाइन मार्केटिंग का काफी अच्छा प्रयोग कर सकते हैं। बच्चे बड़े-बुजुर्गों का सानिध्य पसन्द करेंगे।

**वृषभ**
रिश्तेदारों के कारण कुछ तनाव हो सकता है। बोलचाल में अपशब्दों का प्रयोग न करें। विद्यार्थी करियर को लेकर लापरवाह हो सकते हैं।

**मिथुन**
आज घर में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। किसी कार्य को औपचारिकता में न करें। दोपहर के बाद आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है।

**कर्क**
आज आपको बड़े व प्रभावशाली लोगों से मिलना पड़ सकता है। भविष्य को ध्यान में रखते हुये नवीन कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं।

**सिंह**
आर्थिक मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। पिता के साथ चर्चा व उनका आशीर्वाद लेना उत्तम होगा। दाम्पत्य सम्बन्धों में आपसी समझ और सामंजस्य में वृद्धि होगी।

**कन्या**
महत्वपूर्ण कार्यों को एक-दो दिन के लिये टालना हितकर होगा। पेट में जलन जैसी समस्या हो सकती है। ऑफिस में कार्यभार की अधिकता रहेगी।

**तुला**
फाइनेन्स से जुड़े मामलों के लिये दिन बहुत अच्छा है। विवादित मामलों में आपकी विजय हो सकती है। आपके खर्चों में कमी आयेगी।

**वृश्चिक**
आप लोगों से सम्मान की अपेक्षा रखेंगे। ऑफिस के काम से कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। सहकर्मियों के साथ आपकी दोस्ती बढ़ सकती है।

**धनु**
आज अपरिचित लोगों से अधिक तालमेल न बढ़ायें। बच्चे पढ़ाई के स्थान पर अन्य कार्यों में अधिक समय व्यर्थ करेंगे। दोस्तों के साथ बिजनेस पार्टनरशिप को लेकर चर्चा हो सकती है।

**मकर**
आपकी अच्छी सलाह भी लोगों को समझ नहीं आयेगी, इसीलिये बिना माँगे किसी को सलाह न दें। पुराने विवाद दोबारा उठ खड़े हो सकते हैं। आज आप कोई नया काम शुरू करने से बचें।

**कुंभ**
जॉब इन्टरव्यू आदि में सम्मिलित हो रहे हैं तो सफलता अवश्य मिलेगी। आपके सामाजिक सम्पर्क मधुर होंगे। तनाव के बावजूद कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा।

**मीन**
एक साथ अनेक काम सम्भालने पड़ेंगे। वकालत की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज आपका दिन काफी व्यस्त रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### हथियार के साथ गिरफ्तार

**बीहट/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एफसीआई थाना क्षेत्र के गुरदासपुर टोला गुप्त सूचना पर छापामारी की गई एफसीआई थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपने क्षेत्र डिलाईट डीलक्स होटल के समीप पहुंचकर सूचना अनुसार मोटरसाइकिल पर एक युवक को देखा, जो पुलिस को देखते ही भागने का असफल प्रयास करने लगा। यह देख पुलिस ने उसे खजूर कर गिरफ्तार कर लिया और जांच परताल करने लगा। जो अपना नाम अंशु कुमार उम्र 22 वर्ष पिता मनोज महंत बिहट गुरदासपुर टोला, जिसके तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी कट्टा ,दो जिंदा कारतूस, और एक मोबाइल बरामद किया गया। जिसे पुलिस ने मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर एफसीआई थाना ले गई। जहां पुलिस विधिसम्मत आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है।

### शिक्षकों ने गांवों में निकाली प्रभातफेरी

**गड़हनी/भोजपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला शिक्षा पदाधिकारी के पत्र आलोक में नामांकन को लेकर प्रवेशोत्सव विशेष अभियान के तहत शुक्रवार के सुबह उत्क्रमित मध्य विद्यालय पड़रिया सह उच्च माध्यमिक विद्यालय गड़हनी के सभी शिक्षक/शिक्षिका व छात्र छात्राओ के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। साथ ही विद्यालय क्षेत्र के सभी महादलित माझी टोला में अभिभावक से सम्पर्क कर विद्यालय में बच्चों को नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षा विभाग का आदेश था कि जो भी बच्चे आंगनबाड़ी में बढ़ते थे और उनका उम्र 6 साल हो गया उनका नामांकन विद्यालय के वर्ग 1 में नामांकन किया



जाये। जिससे महादलित व गरीबों के बच्चे अधिक से अधिक साक्षर बनकर अपने पैरों पर खड़े हो। नामांकन प्रवेशत्सव पखवारा 1 अप्रैल से चलाया जा रहा है और 15 अप्रैल तक चलेगा लेकिन अभी तक बहुत कम बच्चों ने नामांकन कराया था। इसलिये ये विशेष प्रवेशत्सव अभियान आज चलाया गया। इस अभियान में एचएम ओमनारायण साह, वरीय शिक्षक तसउवर हुसैन, विष्णु शंकर सिंह, अरविंद मिश्र, अरविंद उपाध्याय समेत अन्य थे।

### भूमि अधिकार महारैली को ले जनसंपर्क

**गांधी मैदान की जगह अब मिलर हाई स्कूल मैदान पटना में आयोजित होगी भूमि अधिकार महारैली**

**गड़हनी/भोजपुर/नवबिहार टाइम्स संबाददाता।** समतामूलक संग्राम दल के द्वारा 12 अप्रैल को मिलर हाई स्कूल मैदान पटना में भूमि अधिकार महारैली होना है। महारैली को सफल बनाने को ले शुक्रवार को प्रखण्ड के चांदी, करनौल, बहरी, गड़हनी, पिपरा, लभुआनी सहित दर्जनों गांवों में जनता से रैली में आने को ले अपील किया गया। वही समतामूलक संग्राम दल के प्रदेश उपाध्यक्ष बिजय मेहरा ने बताया कि पहले भूमि अधिकार महारैली पटना गांधी मैदान में होना था। लेकिन सरकार व कुछ पार्टियों को एक ताकत बर्दास्त नही हुआ। साजिश के तहत रैली गांधी मैदान में होने से रोक दिया गया। लेकिन क्यों रोका गया पूछने पर कारण भी नही बताया गया जो अब पटना मिलर हाई स्कूल के मैदान में किया जाएगा। बता दे कि बिजय मेहरा अगियांव विधानसभा 2019 में समतामूलक संग्राम दल से प्रत्याशी भी रह चुके है। प्रदेश उपाध्यक्ष ने प्रदेश वासियों, दल के पदाधिकारियो और कार्यकताओं से अपील किया है कि 12 अप्रैल को मिलर हाई स्कूल मैदान पटना में पहुंचे और अपना ताकत विरोधियों को दिखा दे तभी ये रैली सफल होगी। आने वाले विधानसभा चुनाव में समतामूलक संग्राम दल जनता के आशीर्वाद से अपना ताकत का अहसास करा देगी।

### वज्रपात से मृतक के परिजनों को मिली आपदा राशि

**जिला के विभिन्न प्रखंडों के कुल पांच लोगों की हुई मृत्यु**

**बेगूसराय नगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला ने जिला अंतर्गत बज्रपात की चपेट में आने से मृतक के आश्रितों को आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा प्रावधानित चार



लाख रुपए का चेक प्रदान किया। कुल पांच मृतक के निकटतम आश्रितों को कुल बीस लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। जिसमे भगवानपुर अंचल से मृतक अंशु कुमारी की माता सावित्री देवी, बलिया अंचल से मृतक बिराल पासवान की पत्नी जितनी देवी, साहेबपुर कमाल अंचल से मृतक इंदिरा देवी के पुत्र जितेन्द्र कुमार, बेगूसराय सदर अंचल से मृतक पंकज महतो की पत्नी सुदामा देवी एवं मटिहानी अंचल से मृतक जनार्दन महतों के पुत्र रंजीत महतो को चार-चार लाख रुपए का चेक प्रदान किया। जिलाधिकारी ने घटना पर दुःख प्रकट करते हुए पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया साथ ही कहा कि इस सहायता अनुदान की राशि से पीड़ित परिवारों को आर्थिक मदद मिलेगी। बतातें चलें कि दिनांक 9.अप्रैल को अचाक हुए बज्रपात में जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों के कुल पांच लोगों की मृत्यु हो गई।

### कस्तूरबा गांधी जयंती आयोजित

**बछवाड़ा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के रानी एक पंचायत स्थित कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय नारेपुर में शुक्रवार को कस्तूरबा गांधी जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी निर्मला कुमारी,जिला परिषद सदस्य मनमोहन महतो,पंचायत समिति सदस्य सिकंदर कुमार,उच्च विद्यालय नारेपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोरंजन कुमार राय,सेवानिवृत शिक्षक महेश्वर भगत एवं रानी एक पंचायत के पूर्व मुखिया उमेश कुमार कवि समेत कई बुद्धिजीवी और समाजसेवियों ने शिरकत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी निर्मला कुमारी ने फीता काट कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक विशेश्वर पासवान तो संचालन पूर्व संकुल समन्वयक डॉ मनोरंजन कुमार राय ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी निर्मला कुमारी,प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोरंजन कुमार राय,सेवानिवृत शिक्षक महेश्वर भगत,जिला पार्षद सदस्य मनमोहन महतो,पूर्व मुखिया उमेश कुमार कवि और पंचायत समिति सिकंदर कुमार ने वीरांगना कस्तूरबा गांधी के जयंती पर उनके जीवन,संघर्ष और शिक्षा को लेकर कई चचाएं करते हुए उनके तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। तो वही वार्डन मंजरी ने जयंती के अवसर पर बच्चों के साथ मिलकर केक काटा और आए हुए आगंतुक अतिथियों को सम्मानित करते हुए बच्चों को पुरस्कृत किय।

### डीएम ने की संचालित योजनाओं की समीक्षा

**आरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डीएम तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग से नगर निगम, नगर पंचायत एवं नगर परिषद के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक शुक्रवार को किया गया। इस दौरान डीएम ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत बचे हुए पात्र लाभार्थियों को योजना से अच्छादित करने तथा पूर्व में अच्छादित लाभार्थियों को सभी किस्तों का भुगतान अविलंब सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी कार्यपालक पदाधिकारियों एवं नगर निकायों को स्वच्छ भारत मिशन (शहरी 2.0) एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी, कम्पोस्ट प्लांट एवं सैनिटरी लैंडफिल की स्थापना के लिए अविलंब उपयुक्त भूमि चिन्हित कर संबंधित अंचलाधिकारी से एनओसी प्राप्त कर विकास शाखा को प्रेषित करने का निर्देश दिया। डीएम ने कार्यपालक पदाधिकारी, बिहिया को कार्यपालक अभियंता,पथ प्रमंडल से समन्वय स्थापित करते हुए बिहिया चौरास्ता के पास जलजमाव की समस्या के शीघ्र निराकरण के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। मौके पर डीडीसी डॉ. अनुपमा सिंह, प्रभारी पदाधिकारी (विकास शाखा), नगर आयुक्त (नगर निगम), कार्यपालक अभियंता (बुडको), सहायक अभियंता (बुडको) तथा सभी नगर पंचायत एवं नगर परिषद के कार्यपालक अधिकारी मौजूद थे।

### विद्यालय में छात्रों ने की चाकूबाजी

**बछवाड़ा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कादराबाद पंचायत के कादराबाद गांव में ट्यूशन से आ रहे छात्र को चाकू से हमला कर घायल करने का मामला सामने आया है। जिसको लेकर उक्त छात्र के पिता ने थाने में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराया है। तो वही दर्जनों अभिभावकों ने शुक्रवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय हादीपुर पहुंचकर विद्यालय की विधि व्यवस्था और छात्र पर हुए हमले को लेकर हो-हंगामा किया। घायल अष्टम वर्ग का छात्र हादीपुर गांव निवासी कुंदन सिंह के पुत्र आयुष कुमार ने बताया कि बुधवार को विद्यालय में खेल के दौरान फुटबॉल अब्दुल रहमान के पैर में लग गई। जिसके बाद रहमान ने घंटी का हथौड़ा लेकर मारना शुरू कर दिया तो बचाव में हमने भी हाथापाई की। जिसको देखकर शिक्षकों ने हम दोनों को अलग कर दिया। लेकिन उसने जाते हुए कहा कि तुम मेरे इलाके में आना तो तुमको हम बताएंगे और गुरुवार को ट्यूशन से आने के दौरान कादराबाद गांव में अब्दुल रहमान और एक अन्य साथी ने घेरकर चाकू,पंजा और सीकर से हमला कर दिया। हालांकि स्थानीय लोग और साथ में आ रहे छात्र-छात्राओं ने बीच-बचाव किया। परंतु एक छात्रा लाडली कुमारी और हम घायल हो गए। छात्र के सहपाठी शुभम राज ने बताया कि ट्यूशन से आने के दरमियान कादराबाद गांव में अब्दुल रहमान ने अपने साथियों के साथ आयुष पर चाकू,सीकर और पंजा से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया।

# भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**भाजपा कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर चुनाव लड़ने और जीतने का दिलाया संकल्प**



**जगदीशपुर/भोजपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शुक्रवार को जगदीशपुर विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन नगर के टाउन हॉल में सम्पन्न हुआ। जिसका अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र साह व संचालन कर्ता भाजपा नेता मनजी चौधरी ने किया। जिसमें मुख्य अतिथि एवं वक्ता बिहार सरकार के श्रम एवं संसाधन मंत्री संतोष सिंह मौजूद रहे।भाजपा कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर चुनाव लड़ने और जीतने का दिलाया संकल्प। कार्यक्रम की शुभारंभ वंदे मातरम गान एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। मंत्री संतोष सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है जिसके बदौलत आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, कार्यकर्ताओं के ही बल पर भारतीय जनता पार्टी आज देश के 70% राज्यों में सरकार बनाई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को अव्हान किया कि 2025 की विधानसभा चुनाव में एनडीए की 225 सीट पर चुनाव जिताने का संकल्प लिया है। सभी वक्ताओं ने बिहार सरकार और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से बताया। मुख्य अतिथि को तलवार और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मौजूद रहे मंत्री संतोष सिंह, जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, मिथिलेश कुशवाहा, प्रदेश प्रवक्ता सुषुमलता कुशवाहा, नगर मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र साह, मंडल अध्यक्ष संतोष केशरी, हितेंद्र सिंह, चंदभुषण ठाकुर, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष आदित्य कुमार, विवेक कुशवाहा, ज्योती कुशवाहा, प्रहलाद राय, संध्या सिंह, अरुण सिंह, संजय केशरी, अर्जुन प्रसाद, नागेन्द्र केशरी, अशोक चौधरी, विनय मिश्रा, कृपा शंकर पांडे, रमेश सिंह, विनित राज सिंह, शियाराम चौधरी, रंजित कुमार, चंचल रवि कुमार, सिन्हा रामकृष्ण,अमर चौबे, रंजन सिंह, चंदन सिंह,कुमार गौतम, मनी सिंह राठौड़, दिपक सिंह, गणेश स्वर्णकार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## भाकपा माले ने निकाला प्रतिवाद मार्च

# संविधान विरोधी व सांप्रदायिक है वक्फ संशोधन कानून : इंसाफ मंच

**बेगूसराय नगर//नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वकफ संशोधन कानून के खिलाफ इंसाफ मंच व भाकपा माले ने संयुक्त रूप से मनाया राज्यव्यापी प्रतिवाद दिवस। जिसके तहत गुरूवार को जिला कार्यालय कमलेश्वरी भवन से प्रतिवाद मार्च निकाल कैंटीन चौक पहुंच सभा में तब्दील हो गई। प्रधानमंत्री मोदी का पुतला दहन किया। प्रतिवाद मार्च का नेतृत्व कर रहे माले के जिला सचिव दिवाकर प्रसाद, इंसाफ मंच के जिला संयोजक एहतेशाम अहमद ने किया। माले जिलासचिव दिवाकर प्रसाद ने कहा मोदी सरकार द्वारा संसद में प्रस्तुत किया गया वक्फ संशोधन कानून को न केवल मुस्लिम समुदाय के धार्मिक और सांस्कृतिक अस्तित्व पर सीधा हमला बताया बल्कि इसे भारत के संवैधानिक




ढांचे, धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने और लोकतांत्रिक मयार्दाओं के विरुद्ध एक सुनियोजित राजनीतिक साजिश का हिस्सा करार देते हुए इसे वापस लेने की मांग की। नेताओं ने कहा कि यह विधेयक भाजपा-आरएसएस के उस दीर्घकालिक फासीवादी एजेंडे का हिस्सा है। जिसके तहत भारत को एक बहुसांस्कृतिक, बहुधार्मिक लोकतंत्र से बदलकर एक सांप्रदायिक, बहुसंख्यकवादी राष्ट्र में तब्दील करने की कोशिश की जा रही है। उनके प्रबंधन में गैर-मुस्लिम सदस्यों की घुसपैठ एक सोची-समझी रणनीति है, जिससे समुदाय को उसकी ही विरासत से बेदखल किया जा सके। कहा कि यह केवल मुस्लिम समुदाय का मामला नहीं है, बल्कि यह भारत के संविधान, लोकतंत्र और सभी अल्पसंख्यकों की स्वतंत्रता से जुड़ा मुद्दा है। इस में माले नेता चंद्रदेव वर्मा, राजेश श्रीवास्तव, आइसा के राज्य उपाध्यक्ष अजय कुमार, विशाल पासवान, नवलकिशोर,मोहम्मद इसराफिल,आईसा जिलाध्यक्ष सोनू फर्नाज,मोहम्मद कमाल, नूरूल इस्लाम जिम्मी,ललित यादव,सैफ नबाव,असगर अलि,हफीज मियां, मोहम्मद सारूख,मोहम्मद सैफी,टूसा देवी,रेणु देवी,अनीता देवी,रुदल यादव, भानू यादव,मोहम्मद अकबर,नरेश मोची,भूषण भारती,सुधीर सिंह,देवेन्द्र कुँवर समेत दर्जनों महिला-पुरुष मार्च में शामिल थे।

# वक्फ संशोधन बिल देश के लिए घातक

**राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा भारत पर टैरिफ लगाने एवं रसोई गैस सिलिंडर की कीमत बढ़ाये जाने के खिलाफ एआईवाईएफ का प्रतिरोध मार्च एवं सभा**

**बेगूसराय/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संसद में वक्फ संशोधन बिल लाये जाने, अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत के विरूद्ध टैरिफ लगाये जाने एवं रसोई गैस सिलिंडर की कीमत मोदी सरकार द्वारा बढ़ाये जाने के खिलाफ ऑल इण्डिया यूथ फेडरेशन की जिला इकाई द्वारा प्रतिरोध मार्च निकाला। प्रतिरोध मार्च शहीद स्मारक पर प्रतिरोध सभा में बदल गया। एआईवाईएफ के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत आयोजित प्रतिरोध मार्च में संगठन से जुड़े कार्यकताओं ने पटेल चैक स्थित जिला कार्यालय से निकल कर जुलूस की शक्ल में शहर के मुख्य बाजार रोड होते हुए शहीद स्मारक पर पहुँच कर सभा में तब्दील हो गया। सभा की अध्यक्षता पूर्व मुखिया अशोक साह ने किया। प्रतिरोध मार्च में शामिल नौजवान वक्फ संशोधन बिल वापस लो, मोदी सरकार अमरीका की गुलामी करना बंद करो, रसोई गैस सिलिंडर की बढ़ी हुई कीमत वापस लो, मोदी सरकार मुदार्बाद, अमेरिका के 26ः टैरिफ के विरोध में मोदी सरकार मुँह खोलो, भगत सिंह एवं व बिस्मिल्लाह के देश में हिन्दू-मुस्लिम का झगड़ा नहीं चलेगा आदि जमकर नारेबाजी कर रहे थे। प्रतिरोध मार्च कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे एआईवाईएफ जिला संयोजक अभिनव कुमार अकेला ने शहीद स्मारक पर आयोजित प्रतिरोध सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार का वक्फ संशोधन बिल देश की एकता, अखंडता के लिए घातक है। केंद्र सरकार वक्फ संशोधन बिल के जरिए गंगा जमुनी संस्कृति और आपसी भाई चारा को समाप्त करना चाहती है। मौके पर एआईवाईएफ के रामसखा कुमार, संतोष राही, जवाहर शर्मा, विशाल कुमार, हिमांशु कुमार, विनय कुमार आदि ने कहा कि सरकार दो करोड़ प्रति वर्ष नौकरी का झाँसा देकर देश के युवाओं को ठग लिया। साम्प्रदायिक सौहार्द, शिक्षा, रोजगार एवं स्वास्थ्य के मुद्दे पर संघर्ष जारी रहेगा।

### झमाझम हुई बारिश

**नावकोठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र में गुरूवार को झमाझम बारिश हुई। इससे गेहूं कटाई कार्य बाधित हो गया। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न चैरों में लगभग पचास फीसदी ही गेहूं की कटाई हो पाई है। बुधवार को हुई बारिश ने गेहूं कटाई पर अल्पविराम लगाया था, पर गुरूवार को हुई बारिश ने बिलकुल पूर्णविराम लगा दिया। पहसारा के किसान यशवंत कुमार, शिवम वत्स, चंदन कुमार, बबलू सिंह महेशवाड़ा के संजय कुमार, ललित कुमार, गम्हरिया के श्रवण कुमार, वृंदावन के रामकिशोर सिंह, अजय कुमार, नावकोठी के दीपक कुमार आदि ने बताया कि कुछ दिनों से पूर्बा हवा चल रही थी।

# उच्च माध्यमिक विद्यालय में मनाई गई ज्योतिराव फुले की जयंती



**कोइलवर/भोजपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महान समाज सुधारक एवं विचारक महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती कोईलवर प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय चंदा काजीचक में शुक्रवार को मनाई गई। सर्वप्रथम, विद्यालय के शिक्षक/शिक्षिका एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा ज्योतिबाफुले के तैलचित्र पर माल्यार्पण करते हुए पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। ज्योतिबाफुले की जीवनी पर विद्यालय के एचएम डॉ दयाशंकर प्रसाद ने कहा कि ज्योतिबाफुले 19 वीं सदी में महाराष्ट्र के समाज सुधार आंदोलन के प्रमुख एवं अग्रणी व्यक्ति थे। शिक्षक रोहित कुमार राहुल ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि ज्योतिबाफुले अपनी पत्नी साबित्रिबाई फुले के साथ मिलकर भारत का पहला बालिका विद्यालय खोलने का काम किये। दलितों और अन्य वंचित समूहों को शिक्षित करने के लिए प्रयत्न किये। उन्होंने सत्यशोधक समाज की स्थापना जो एक सामाजिक सुधारक संगठन था। इस संगठन के माध्यम से जाति व्यवस्था और अन्याय के खिलाफ जीवन भर संघर्ष करते रहे जिसका परिणाम है कि पूरा भारत ज्योतिबाफुले, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की विचारधारा को अपनाकर समाजिक उत्थान में अग्रसर है। मौके पर शिक्षक/शिक्षिका में अर्चना कुमारी, शालिनी, आंचल गोस्वामी, उषा कुमारी, रजिया खातून, विनीता कुमारी, सुषमा गुप्ता, सीमा कुमारी, गोपाल जी, प्रदीप कुमार, सुमन कुमार, संजय कुमार राम, राखी कुमारी, दिव्या कुमारी, छात्र सुधांशु शेखर कुणाल, अमित, राहुल समेत अन्य मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना को लेकर कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक

**लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने का टास्क कर्मचारियों को दिया: मुख्य पार्षद संतोष कुमार यादव**



**जगदीशपुर/भोजपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत, जगदीशपुर कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को मुख्य पार्षद संतोष कुमार यादव ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना को लेकर कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने पूर्व के आवास योजना के लाभुकों सहित प्राप्त आवेदनों की अद्यतन स्थिति एवं नये 2.0 के तहत किये गये सर्वे व प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली तथा समीक्षा के बाद सभी लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने का टास्क कर्मचारियों को दिया। मुख्य पार्षद ने बताया कि आवास योजना के शुरू से लेकर अब तक कुल लाभुकों की संख्या 3153 है। आवास योजना के तहत पूर्ण रूप से मकान बना चुके कुल 1500 लाभुकों को पूर्ण भुगतान कर दिया गया है। शेष बचे 1653 लाभुकों के खाते में पैसा डालने के लिए विभाग स्तर पर कार्य किया जा रहा है। इन सभी बचे लाभुकों को सीएफएमएस के माध्यम से उनके खाते में पैसा डाल दिया जायेगा। लाभुकों के खाते में पैसा डालने के लिए एक्सेल शीट के तहत पे आईडी बनाया जायेगा। पे आईडी में ही लाभुक को भुगतान किया जायेगा। वही 2.0 के तहत आवास योजना के लिए कुल 800 नये आवेदक प्राप्त हुए हैं। इसमें 219 लाभुकों का विभाग से अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया चल रही है। शेष 581 लाभुकों को स्वीकृति हेतु विभाग को भेजने का कार्य चल रहा है। मुख्य पार्षद ने कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि सर्वेक्षण के दौरान कोई भी योग्य लाभुक योजना से वंचित न रह जाए, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्य पार्षद ने बताया कि आवास योजना की समीक्षा बैठक में कर्मियों को सभी लाभुकों की फाइल दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है। विभाग से राशि प्राप्त होते ही लाभुकों को भुगतान की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। उन्होंने कर्मियों को निर्देश दिया है कि किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लाभुकों की शिकायत मिलने पर कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। मुख्य पार्षद ने कहा कि मेरी प्राथमिकता है कि हर जरूरतमंद को आवास योजना का लाभ मिले, मैं स्वयं इसकी मॉनिटरिंग कर रहा हूं और समय-समय पर समीक्षा बैठक भी करता हूं। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग से राशि प्राप्त होने के बाद सीधे लाभुक के खाते में पैसा डाल दिया जाएगा। अगर कर्मियों द्वारा पैसा डालने में किसी प्रकार की आनाकानी की जाती है और लाभुकों को परेशान किया जाता है तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# विधायक रामविशुन सिंह ने ढोल नगाड़ों के साथ किया पूर्व तेजस्वी यादव का स्वागत





**जगदीशपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व उप मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव का जगदीशपुर के नयका टोला में जोरदार स्वागत किया गया। विधायक राम विशुन सिंह लोहिया ने ढोल नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। विधायक ने कहा कि 2025 में तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने का लक्ष्य है और कार्यकर्ता उनके कार्यकाल के कार्यों और घोषित योजनाओं को घर-घर जाकर प्रचारित कर रहे हैं। विधायक ने अपने 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जगदीशपुर के विकास के लिए उन्होंने जो काम किया है, वह किसी अन्य जनप्रतिनिधि ने नहीं किया है। इस मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष भोला खान, किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अजय यादव, पैक्स अध्यक्ष अमित यादव विधायक प्रतिनिधि देव सुंदर यादव, मनीष सिंह, दिवाकर यादव सहित अन्य सैकड़ो लोग थे।

### एससी-एसटी विकास शिविर को लेकर बैठक

**नावकोठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शुक्रवार को प्रखंड के विमर्श कक्षा में अनुसूचित जाति एव जनजाति विकास शिविर को लेकर सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मियों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड नोडल अधिकारी उपनिदेशक अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो रिजवान अहमद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अनुसूचित जाति जनजाति विकास योजनाओं के आच्छादन को लेकर कुल 22 योजनाओं की समीक्षा हुई। इसमें राशनकार्ड, उज्जवला योजना,जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, ई श्रम कार्ड, प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना, सामाजिक सुरक्षा योजना, दिव्यांग प्रमाण पत्र, कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना, मनरेगा जॉब कार्ड, व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक शौचालय, औपचारिक शिक्षा हेतु विद्यालय में दाखिला, आंगनबाड़ी, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना,कौशल युवा प्रोग्राम, आयुष्मान भारत कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना से आच्छादन,वास भूमि, बंदोबस्ती,हर घर नल जल योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण पक्की गली नाली, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, बिजली कनेक्शन, जीविकोपार्जन योजना से आच्छादित ग्रामीण कार्य विभाग के तहत अनुसूचित जाति,जनजाति टोले में मुख्यमंत्री टोला सम्पर्क योजना के आच्छादन को लेकर विभिन्न विभागों की समीक्षा की गयी। आगामी 19 अप्रैल को आयोजित शिविर की सफलता के लिए सभी अधिकारियों व पंचायत स्तर के कर्मियों को नोडल अधिकारी ने आवश्यक निर्देश दिया।

### नगर परिषद बीहट में सामान्य बोर्ड की बैठक

**बरौनी ग्रामीण/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद बीहट में सशक्त स्थायी समिति और और सामन्य बोर्ड की बैठक मुख्य पार्षद की अध्यक्षता में की गई। गत बैठक की संपुष्टि की गई। सशक्त स्थायी समिति की बैठक में मुख्य पार्षद बबीता देवी ने कहा कि मानसून के पूर्व बिहार सरकार के गाइड लाइन के अनुसार सभी वार्डों में नाला सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्णय लिया गया । उप मुख्य पार्षद ऋषिकेश कुमार ने बैठक में निर्णय लिया कि 1 से 37 वार्डों स्ट्रीट लाइट जल्द ही कार्य शुरू किया जाए। साथ ही उप मुख्य पार्षद ने प्रस्ताव पारित करवाया कि नगर परिषद बीहट में आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए एक नंबर दिया जाएगा । जहाँ पर अपनी शिकायतों को दर्ज कर सकते हैं । साथ ही दो बिजली मिस्त्री और हेल्फर को रखा जाए। समान्य बोर्ड की बैठक में इन्हीं सभी बिंदुओं की संपुष्टि की गई । बोर्ड की बैठक में पूर्व से लंबित 106 योजनाओं की स्वीकृत मुख्य पार्षद बबीता देवी की अध्यक्ष में ली गई। सामन्य बोर्ड की बैठक में पार्षदों के द्वारा जल निकासी, नल जल योजना, पेयजल, आवास योजना का मुद्दा उठाया गया। पार्षदों ने कहाँ की नगर में हर कार्य की सूचना संबंधित पार्षदों को दी जाए। नगर में चलने वाले ई रिक्शा चालकों की सूचित तैयार कर शुल्क लिया जाएगा साथ ही निर्णय किया गया की नगर में होडिंग, पोस्टर लगाने पर लगेगा शुल्क। बगैर सूचना के पोस्टर लगाने पर पोस्टर लगाने वाले के लगाने पर किया जाएगा नोटिस।

# पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव का बक्सर जाने के दौरान जोरदार स्वागत

**जगदीशपुर/भोजपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** तेजस्वी प्रसाद यादव नेता प्रतिपक्ष और पूर्व डिप्टी सीएम का बक्सर दौरे के दौरान जगदीशपुर प्रखंड के केसरी गांव में जोरदार स्वागत किया गया। राजद नेता राजीव रंजन के आवास के पास 14 जेसीबी मशीन और दर्जनों घोड़े के साथ हजारों कार्यकताओं ने उनकी अगवानी की। इस दौरान जेसीबी मशीन से पुष्प वर्षा कर तेजस्वी यादव का स्वागत किया गया। राजीव रंजन ने उन्हें फूलों की माला और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राजीव रंजन ने कहा कि



जिस तरह बाबू वीर कुंवर सिंह ने घोड़े पर चढ़कर अंग्रेजों को भगाया था, उसी तरह अब बिहार से भाजपा-जदयू की सरकार को उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। इस मौके पर राजद प्रदेश सचिव गोरख यादव, सबीर अली दीपक गिरी, मो दानिश दीपक कुमार , पप्पू यदुवंशी, टुनटुन यादव, गोविंद यादव मुन्ना, प्रसूराम यादव, रजनीश जी सहित हजारों की संख्या में राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।

# वेक्टर जनित रोग नियंत्रण को लेकर हुई बैठक, रोकथाम के लिए करें जागरुकः डीडीसी

**आरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डीएम तनय सुल्तानिया के निर्देश पर डीडीसी डॉ.अनुपमा सिंह की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय सभागार में वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। इसका उद्देश्य मस्तिष्क ज्वर की रोकथाम, समय पर पहचान




एवं समुचित प्रबंधन के लिए स्वास्थ्यकर्मियों के साथ-साथ विभिन्न विभागों के अधिकारियों में समन्वय स्थापित करना एवं स्पष्ट रणनीति तैयार करना था। बताया गया कि मस्तिष्क ज्वर एक गंभीर बीमारी है। जो 01 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों को प्रभावित करती है। इसके मुख्य लक्षणों में तेज बुखार के साथ चमकी, सिरदर्द, भ्रम, बेहोशी जैसी मानसिक स्थितियों में बदलाव शामिल हैं। यह बीमारी वायरल संक्रमण जैसे जापानी इंसेफलाइटिस, खसरा, मम्प्स, चेचक, कुपोषण, अधपकी लीची का सेवन एवं सुअरबाड़ा या जलपक्षियों के निकट रहने वाले बच्चों में अधिक पाई जाती है। बिहार में यह रोग वर्ष भर सक्रिय रहता है। लेकिन अप्रैल से नवंबर के बीच इसके मामले अधिक संख्या में सामने आते हैं। इससे संबंधित मृत्यु दर 20-30% तक पाई गई है। रोग से बचाव के लीए ह्वतीन महत्वपूर्ण बातेंह्व सुझाई गई— पहली, बच्चों को रात में भरपेट भोजन कराएं; दूसरी, रात में सोते समय और सुबह उठते ही उनकी स्थिति जांचें कि कहीं बेहोश या चमकी तो नहीं; और तीसरी, किसी भी लक्षण की स्थिति में तुरंत 102 एम्बुलेंस या अन्य उपलब्ध वाहन से नजदीकी अस्पताल पहुंचाएं। बैठक में डीडीसी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी प्रखंडों में अविलंब प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक कराई जाए। साथ ही सुअरबाड़ा और महादलित टोला के एक किलोमीटर की परिधि में विशेष सतर्कता बरतते हुए वहां साफ-सफाई, फॉगिंग तथा 15 वर्ष तक के अप्रतिरक्षित बच्चों का टीकाकरण कराया जाए। जिला परिवहन अधिकारी को मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के लाभुकों के माध्यम से मरीजों को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि प्राथमिक विद्यालयों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए और अभिभावकों को भी इस संबंध में जागरूक किया जाए। अब तक भोजपुर जिले में मस्तिष्क ज्वर के दो मामले सामने आए हैं। मौके पर सिविल सर्जन, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल आरा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, डीपीएम जीविका, जिला स्वास्थ्य प्रबंधक एवं अन्य अधिकारी थे।

# लापरवाही बरतने वाली आंगनबाड़ी सेविकाओं पर होगी सख्त कार्रवाई : जिलाधिकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** समन्वित बाल विकास परियोजना के कार्यों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने डीपीओ आईसीडीएस को आदेश दिया कि जो सेविकाएं फूड राशन सिस्टम (एफआरएस) के माध्यम से टेक होम राशन (टीएचआर) का वितरण नहीं कर रही हैं या दूसरों को इसके लिए भ्रमित कर रही हैं, उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई करते हुए चयन मुक्ति का प्रस्ताव तैयार किया जाए।



जिलाधिकारी ने सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों में कार्य रुका हुआ है या कम प्रगति हुई है, वहां के अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा जाए। साथ ही, डीपीओ आईसीडीएस को हर दिन शाम 5 बजे कम उपलब्धि वाले परियोजनाओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर कार्य में तेजी लाने का आदेश दिया गया। यह निर्देश जिले में चल रहे पोषण पखवाड़ा की समीक्षा बैठक के दौरान दिए गए। डीपीओ आईसीडीएस ने बताया कि कुछ प्रखंडों में सेविकाएं टीएचआर वितरण में लापरवाही बरत रही हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाया। डीपीओ आईसीडीएस ने बताया कि जिले में 8 अप्रैल से शुरू हुआ सातवां पोषण पखवाड़ा 22 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान कुपोषण के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बच्चों को स्वच्छता और महिलाओं को पोषण से संबंधित जानकारी दी जा रही है। पोषण पखवाड़ा-2025 बच्चों के जीवन के पहले 1000 दिनों पर केंद्रित है, जो उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण होता है। पोषण ट्रैकर के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण सेवाओं की वास्तविक समय में निगरानी की जा रही है। लाभार्थी अब पोषण ट्रैकर वेब ऐप के जरिए स्वयं पंजीकरण कर सकते हैं। यह ट्रैकर गंभीर कुपोषण की पहचान और समुदाय आधारित प्रबंधन में सहायक है। पखवाड़े के तहत स्वस्थ भोजन को बढ़ावा देकर बच्चों के स्वस्थ भविष्य पर बल दिया जा रहा है। बैठक में जिलाधिकारी के साथ डीपीओ आईसीडीएस, सभी सीडीपीओ, पोषण समिति के सदस्य और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## ग्राम कचहरी सचिव पद के लिए काउंसलिंग का उप विकास आयुक्त ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मोतिहारी।** उप विकास आयुक्त शंभू शरण पांडे ने जिला पंचायत राज पदाधिकारी रामजन्म पासवान के साथ छतौनी, मोतिहारी स्थित जिला पंचायत संसाधन केंद्र में ग्राम कचहरी सचिव के पद के लिए आयोजित काउंसलिंग का निरीक्षण किया। यह एक दिवसीय काउंसलिंग थी, जिसमें ग्राम कचहरी सचिव के पद के लिए चयनित 81 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। जिला पंचायत राज पदाधिकारी रामजन्म पासवान ने बताया कि सभी 81 अभ्यर्थी काउंसलिंग में उपस्थित थे। काउंसलिंग का कार्य प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) और प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों द्वारा किया गया। इस दौरान जिले के सभी प्रखंडों के बीडीओ और प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## एक नजर

### भाजपा नेता नीरज कुमार गुप्ता बने अध्यक्ष

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** मंत्रिमंडल सचिवालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, चिरैया प्रखंड में बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति का गठन किया गया है। इस समिति में एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष और तेरह सदस्यों सहित कुल पंद्रह लोगों को शामिल किया गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चिरैया पूर्वी मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार गुप्ता को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रखंड अध्यक्ष केदार पटेल को उपाध्यक्ष बनाया गया है। समिति के अन्य सदस्यों में अरविंद सिंह, गांधीजी यादव, अजय साह, बबिता सिंह, अनिल बैठा, मिथिलेश कुमार यादव, मुन्ना पासवान, नरेंद्र प्रसाद, चंदन कुमार, सुधीर कुमार सिंह, मोहम्मद अब्दुल मनान, सुमन कुमारी और प्रभु पंडित शामिल हैं। नव नियुक्त अध्यक्ष नीरज कुमार गुप्ता लंबे समय से भाजपा में सक्रिय राजनीति से जुड़े रहे हैं। उन्होंने कहा, इस समिति के गठन से प्रखंड और राज्य के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। हम सभी मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए कटिबद्ध हैं। बता दें कि बीस सूत्री समिति के सचिव प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) होते हैं।

### बेहतर कार्य के लिए पीपराकोठी थानाध्यक्ष हुए सम्मानित

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** चम्पारण क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक हर किशोर राय ने बेहतर कार्य के लिए पीपराकोठी थानाध्यक्ष खालिद अख्तर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। उन्हें यह सम्मान देते हुए बताया है कि थानाध्यक्ष श्री अख्तर ने क्षेत्र में काफी मेहनत एवं लग्न से कार्य को करते हुए विधि व्यवस्था एवं पर्व त्योहारों के अवसर पर शांति पूर्वक संपन्न कराया है। इसके साथ आशा के अनुरूप कांडो का निष्पादन एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी भी की है। जिस सराहनीय कार्य के लिए प्रशंसा एवं बधाई के पात्र है। इसके लिए उन्हें एक सुसेवांक प्रदान किया गया है। आगे भी पूरी मुस्तैदी से कार्य करने की उम्मीद जताई है।

## सरस्वती विद्या मंदिर की स्थापना हेतु न्यास पर्षद ने दी पांच एकड़ भूमि देने की मंजूरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** विद्या भारती की इकाई सरस्वती विद्या मंदिर के निर्माण के लिए न्यास पर्षद ने प्रखंड क्षेत्र के झखरा मठ की भूमि से पांच एकड़ भूमि 99 वर्षों के लीज पर देने की अनुमति दें दी है। इस संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सरस्वती विद्या मंदिर हेतु भूमि के लिए अनुशंसा किया था। इस संबंध में मुकेश रंजन प्रदेश सचिव लोक शिक्षा समिति बिहार ने उक्त भूमि पर शिक्षण कार्य, सेवा कार्य, स्वावलम्बन कार्य व कौशल विकास के उदेश्य से संस्कार निर्माण एवं शिक्षा के विकास हेतु पांच एकड़ भूमि के लिए अनुरोध किया था। जिसके आलोक में 15 जुलाई 2022 को न्यास समिति के बैठक में लीज पर देने का निर्णय लिया गया था, और एसडीओ सदर ने अनुमति हेतु बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष को पत्र भेजा था। जिसके बाद अनुमति मिल गई हैद्यक्या है विद्या भारतीः विद्या भारती देश में शिक्षा के क्षेत्र में सबसे बड़ी अशासकीय संस्था है। इसका पूरा नाम विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान है। जो संपूर्ण भारत में प्राथमिक से लेकर उच्च माध्यमिक स्तर तक के विद्यालयों का संचालन करती है। यह संस्था शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, संस्कार, नैतिकता और राष्ट्रभक्ति को भी बच्चों में विकसित करने पर बल देती है। 1977 में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के रूप में औपचारिक रूप से पंजीकृत हुई।

## जहानाबाद की तीन टीमें प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में लेंगी हिस्सा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** मुख्यमंत्री खेल ज्ञानोत्सव 2025 के लिए जहानाबाद जिले की तीन उत्कृष्ट टीमों का चयन प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। 23 मार्च को आयोजित राज्यव्यापी ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में इन टीमों ने शानदार प्रदर्शन कर यह उपलब्धि हासिल की। चयनित टीमों में पहली टीम डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय, दक्षिणी, काको की है, जिसमें प्रभा कुमारी और सरिता कुमारी प्रतिभागी के रूप में शामिल हैं। दूसरी टीम एसआरके. उच्च विद्यालय, जहानाबाद की है, जिसमें आकृति कुमारी और बॉबी कुमार हिस्सा लेंगे। तीसरी टीम गौतम बुद्ध उच्च विद्यालय, जहानाबाद से है, जिसमें अदिति राज और ब्यूटी राज प्रतिनिधित्व करेंगी। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा आयोजित प्रमंडल स्तरीय ऑनलाइन प्रतियोगिता 15 अप्रैल 2025 को होगी, जिसमें ये टीमें भाग लेंगी। इस प्रतियोगिता में शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वाली टीमें 17 अप्रैल को होने वाली राज्य स्तरीय ऑफलाइन प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाएंगी। जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे ने चयनित प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि ये टीमें जिले का नाम रोशन करेंगी और राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी। मुख्यमंत्री खेल ज्ञानोत्सव 2025 का आयोजन बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के बीच स्थानीय से लेकर अंतरराष्ट्रीय खेलों के ज्ञान को बढ़ावा देने और सौहार्दपूर्ण प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

## कालाजार उन्मूलन अभियान की जिला स्तर पर सघन मॉनिटरिंग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** पूर्वी चम्पारण जिले में कालाजार उन्मूलन के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है, जिसकी जिला स्तर पर सघन मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण अधिकारी डॉ. शरत चंद्र शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत कालाजार प्रभावित क्षेत्रों और बीएचएल मरीजों के घरों के आसपास सिंथेटिक पाइरेथ्रॉइड कीटनाशक का छिड़काव किया जा रहा है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि छिड़काव कार्य सही और प्रभावी ढंग से हो। डॉ. शर्मा ने बताया कि छिड़काव की मॉनिटरिंग डीसीओ राकेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, प्रेमलता कुमारी, गौतम कुमार, सत्य नारायण उरांव, रविंद्र कुमार और कंसल्टेंट अभिषेक कुमार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में की जा रही है।

## भारोत्तोलन प्रतियोगिता: जहानाबाद के अनिकेश राज ने जीता कांस्य पदक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** मणिपुर के इंफाल में 6 से 12 अप्रैल तक आयोजित 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय भारोत्तोलन प्रतियोगिता (अंडर-17, बालक-बालिका वर्ग) में जहानाबाद के अनिकेश राज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। 10 अप्रैल को प्रतियोगिता के पांचवें दिन उन्होंने 73 किलोग्राम भार वर्ग में बिहार टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए यह उपलब्धि हासिल की।




इस प्रतियोगिता में बिहार की ओर से जहानाबाद जिले के 10 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिनमें प्रतिज्ञा कुमारी, अमृता शर्मा, रवीन कुमार, अनिकेश राज, साहिल, यश राज, रोहित कुमार, आदित्य कुमार, अनुराग देव और उज्ज्वल सिंह शामिल हैं। ये सभी विभिन्न भार वर्गों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। टीम के कोच गिरिजेश कुमार, जो खेलो इंडिया स्मॉल भारोत्तोलन सेंटर, जहानाबाद से जुड़े हैं, खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करने के लिए प्रतियोगिता के दौरान लगातार उनके साथ मौजूद हैं। अनिकेश राज की इस उपलब्धि पर जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपर समाहर्ता सह वरीय पदाधिकारी (खेल विभाग) विनय कुमार ने भी अनिकेश को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। जिले के अन्य खेल अधिकारियों और स्थानीय खेल हस्तियों ने भी अनिकेश की सफलता पर प्रसन्नता जताई। जिले के लोगों को उम्मीद है कि प्रतियोगिता में भाग ले रहे अन्य खिलाड़ी भी शानदार प्रदर्शन करेंगे और पदक जीतकर जिले का नाम रोशन करेंगे।

## आयुष्मान भारत योजना के तहत अब तक जिले के हजारों लाभार्थी हुए लाभान्वित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** भारत सरकार की बहुआकांक्षी आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से जिले के हजारों गरीब परिवार को स्वास्थ्य के क्षेत्र बड़ा लाभ मिला है। इस योजना का उद्देश्य देश के हर गरीब और वंचित परिवार को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है। इस योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया जा रहा है, जिसके माध्यम से वे पैनल में शामिल किसी भी सरकारी या निजी अस्पताल में ?5 लाख तक का वार्षिक इलाज निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। आयुष्मान कार्ड योजना के पात्र लाभार्थियों को जारी किया जाने वाला एक डिजिटल स्वास्थ्य कार्ड है, जो व्यक्ति की पहचान एवं योजना के तहत उनके इलाज का अधिकार प्रमाणित करता है। कार्डधारी को इलाज के समय किसी भी प्रकार की नकद राशि का भुगतान नहीं करना होता।

हर परिवार को प्रति वर्ष ?5 लाख तक की कैशलेस स्वास्थ्य सेवा इससे मिलती है।सरकारी और सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में इलाज की सुविधा इस योजना से आच्छादित परिवारों को मिलती है। इस योजना के अंतर्गत एक हजार से अधिक बीमारियों एवं सर्जरी को कवर किया गया है जिसमें हृदय, किडनी, कैंसर, न्यूरो से संबंधित कई बीमारी शामिल हैं।

## जनता दरबार में 55 आवेदन प्राप्त, जिलाधिकारी ने दिए त्वरित निष्पादन के निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय परिसर के सभा कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के नागरिकों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें प्रस्तुत कीं। जनता दरबार में कुल 55 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें भूमि विवाद, प्रधानमंत्री आवास योजना, नल-जल सुविधा, व्यावसायिक ऋण, अनुदान राशि, भू-अर्जन, विद्युत आपूर्ति, वृद्धावस्था पेंशन, पारिवारिक विवाद, शौचालय निर्माण, राशन कार्ड सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मामले शामिल थे। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का संवेदनशीलता और प्राथमिकता के आधार पर त्वरित और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। कुछ मामलों में तत्काल कार्रवाई के लिए फोन के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। प्राप्त शिकायतों को आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। लोक शिकायत निवारण अधिनियम के दायरे में आने वाले मामलों को विधिवत पंजीकृत किया गया, जबकि अन्य मामलों के लिए अधिकारियों को शीघ्र निष्पादन और प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

जनता दरबार में उप विकास आयुक्त धनंजय कुमार, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) विनय कुमार सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी वंदना कुमारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता चांदनी कुमारी, अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिता सिन्हा, वरीय उपसमाहर्ता नेहा कुमारी, कंचन कुमारी झा, निदेशक डीआरडीए रोहित कुमार मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


कार्यालय
जिला ग्रामीण विकास शाखा, पलामू
(मनरेगा)
Phone No. 06562-295137 Email. ID - ddc-pal@nic.in

अतिअल्पकालीन निविदा

मनरेगा आयुक्त, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के पत्रांक (N)77 (अनु0), दिनांक 22.01.2025 एवं सरकार के अपर सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक (N) 273 (अनु0), दिनांक 03.03.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 में मनरेगा अन्तर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बागवानी हेतु पलामू जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्डों में जैविक खाद, दवा, कीटनाशक एवं Polythene Sheet सामग्रियों का क्रय किया जाना है। जिले में पंजीकृत ग्राम संगठन/कृषक उत्पादक कम्पनी/कृषक उत्पादक समूह/कृषक को–ऑपरेटिव जिनके पास नीचे अंकित सामग्रियों के कारोबार करने का प्रमाण पत्र एवं GST निबंधन उपलब्ध है, इच्छुक निर्माताओं/आपूर्तिकर्ताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र0 | सामग्री का नाम | विवरणी |
|---|---|---|
| 1 | जैविक खाद (Organic Fertilizer) | Vermi-Compost (in kg) |
| | | FYM (compost) (in kg) |
| | | Neem Oil cake (in kg) |
| | | Karanj Oil cake (in kg) |
| | | Bone meal (in kg) |
| | | Dolomite (in kg) |
| 2 | फफुन्दनाशक (Fungicide) | Trichoderma viridi 1.5% WW (2x10^6-10^8 CFU gm) |
| | | Chlorothalonil 75% WP (in kg) |
| | | Copper Oxychloride (Blue copper Or equivalent) |
| 3 | कीटनाशक (Insecticides) | Fipronil 0.3 GR (in kg) |
| | | Azadirechtin 3000 PPM (in litre) |
| | | Lambda-Cyhalothrin 5% EC (in litre) |
| | | Bifenthrin 2.5% EC;Biflex TC or equivalent |
| 4 | रसायनिक खाद (Fertilizer) | Totoeare/Agromin or Equivalent |
| | | Urea |
| | | NPK 10:26:26 (Sufala or equivalent) |
| | | SSP |
| | | MoP (Potash) |
| 5 | Antibiotic | Plant Antibiotic (Kasugamycin 5% या समतुल्य) |
| 6 | पौलिथीन (Polythene) | Polythene for Jalkund (18ft X 14ft) 250micron UV resistant |
| 7 | अन्य | Nail (कील) (Per kg) (3") |
| | | GI Wire (तार) (Per kg) |
| | | Bamboo (One Pc. 50') |

इच्छुक निविदादाता/आपूर्तिकर्ताओं द्वारा सिलबंद लिफाफे में दिनांक 22.04.2025 के अपराह्न 01:00 बजे तक निविदा जिला ग्रामीण विकास शाखा, पलामू कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिन 22.04.2025 अपराह्न 02:00 बजे निविदादाता या प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। लिफाफा पर साफ–साफ शब्दों में बिरसा हरित ग्राम योजना अंकित कर जमा कर सकते हैं। निविदा की शर्त पलामू के Official Website-www.palamu.nic.in एवं डी0आर0डी0एस0 के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है

उप विकास आयुक्त –सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, पलामू।

PR.NO.350081 District(25-26):D


## प्रेमिका के भाई ने प्रेमी-प्रेमिका की हथौड़े से हत्या की

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केसरिया (पूर्वी चम्पारण)।** गुरुवार देर रात केसरिया थाना क्षेत्र के त्रिलोकवा गांव में ऑनर किलिंग की दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक युवक ने अपनी बहन और उसके प्रेमी की हथौड़े से वार कर निर्मम हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने स्वयं पुलिस को फोन कर घटना की सूचना दी। मृतकों की पहचान रघुनाथपुर वार्ड नंबर आठ निवासी माया भगत के पुत्र विकास कुमार (25) और त्रिलोकवा वार्ड नंबर चार निवासी अजय साह की पुत्री प्रिया कुमारी (20) के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही चकिया डीएसपी सत्येंद्र कुमार सिंह, केसरिया थानाध्यक्ष उदय कुमार, एसआई रामशरण पासवान, एसआई बादशाह चौहान सहित पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचा। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए




भेज दिया और आरोपी अमन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, विकास और प्रिया के बीच कई महीनों से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। प्रिया के परिजनों ने विकास को कई बार मिलने से मना किया था, लेकिन वह नहीं माना। गुरुवार रात विकास फिर से प्रिया के घर पहुंच गया। इस दौरान प्रिया के छोटे भाई अमन ने दोनों को आपत्तिजनक हालत में देख लिया। गुस्से में आकर अमन ने पहले विकास के सिर पर हथौड़े से वार किया। बीच-बचाव करने आई प्रिया पर भी उसने हमला कर दिया। इस हमले में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस जांच में सामने आया कि विकास कुमार का आपराधिक इतिहास रहा है। वह 13 मार्च 2023 को रघुनाथपुर में रविरंजन कुमार उर्फ खुशी की हत्या के मामले में आरोपी था और इस मामले में जेल भी जा चुका था। इसके अलावा आर्म्स एक्ट, बाइक लूटकांड सहित कई अन्य मामलों में भी वह संलिप्त था। विकास अपराध की दुनिया में अपनी धाक जमाने की कोशिश में था और इसी के बल पर उसकी प्रिया से दोस्ती हुई, जो बाद में प्रेम में बदल गई। ग्रामीणों के अनुसार, विकास प्रिया के घर चोरी-छिपे आता-जाता था, जिससे प्रिया के परिजन नाराज थे। उन्होंने विकास के परिवार को इसकी शिकायत भी की थी, लेकिन उसका व्यवहार नहीं बदला। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि विकास ने प्रिया के परिजनों को कई बार धमकी दी थी।

## जर्जर सड़कों को चकाचक करने का वादा, जनता ने मौका दिया तो बदलेंगे क्षेत्र की तस्वीर - फहीम मंसूरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चिरैया।** पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मो. फहीम मंसूरी ने चिरैया विधानसभा क्षेत्र की बदहाल सड़कों, सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार और शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं की दयनीय स्थिति पर तीखा प्रहार किया। प्रखंड के माधोपुर में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि आजादी के 78 वर्ष बाद भी चिरैया की स्थिति जस की तस बनी हुई है। मो. फहीम ने आरोप लगाया कि अब तक के जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र का विकास करने के बजाय केवल लूटने का काम किया है। उन्होंने वादा किया कि यदि आगामी विधानसभा चुनाव में जनता उन्हें सेवा का अवसर देती है, तो चिरैया की सभी जर्जर और बदहाल सड़कों को चकाचक बनाया जाएगा। उन्होंने विशेष रूप से चिरैया-पुरनहिया सड़क की दुर्दशा का जिक्र किया, जो पिछले 20 वर्षों से बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। इस सड़क का अस्तित्व लगभग मिट गया है, जिससे पैदल चलना भी जोखिम भरा हो गया है। वाहन चालकों और राहगीरों को रोजाना दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। उन्होंने बताया कि खराब सड़कों के कारण व्यापारी भी परेशान हैं, क्योंकि ग्राहक इस क्षेत्र में आने से कतराते हैं, जिससे स्थानीय व्यापार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मो. फहीम ने कहा कि बिहार सरकार के मंत्रिमंडल से स्वीकृति मिलने के बावजूद चिरैया-पुरनहिया सड़क का निर्माण कार्य अटका हुआ है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस सड़क के निर्माण में बाधा डालने वालों को क्षेत्र की जनता कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने जनता से अपील की कि उन्हें क्षेत्र के विकास के लिए मौका दें, ताकि चिरैया को विकास के पथ पर आगे ले जाया जा सके।

## एनएसई ने रचा इतिहास: निवेशक खातों की संख्या 22 करोड़ के पार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) ने अप्रैल 2025 में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। निवेशकों के कुल खातों यानी यूनिक क्लाइंट कोड्स (यूसीसी) की संख्या 22 करोड़ को पार कर गई है। खास बात यह है कि अक्टूबर 2024 में 20 करोड़ का आंकड़ा छूने के बाद मात्र छह महीनों में एनएसई ने यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। वहीं, 31 मार्च 2025 तक यूनिक रजिस्टर्ड निवेशकों की संख्या 11.3 करोड़ दर्ज की गई, जो 20 जनवरी 2025 को ही 11 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी थी। एक निवेशक के पास विभिन्न ब्रोकर्स के साथ कई खाते हो सकते हैं, जिससे एक से अधिक क्लाइंट कोड बनते हैं। राज्यवार आंकड़ों में महाराष्ट्र 3.8 करोड़ खातों के साथ शीर्ष पर है, इसके बाद उत्तर प्रदेश में 2.4 करोड़, गुजरात में 1.9 करोड़, और राजस्थान व पश्चिम बंगाल में 1.3-1.3 करोड़ खाते हैं। ये पांच राज्य कुल खातों का लगभग 49 प्रतिशत हिस्सा बनाते हैं, जबकि शीर्ष 10 राज्य तीन-चौथाई खातों में योगदान देते हैं। पिछले पांच वर्षों में बेंचमार्क निफ्टी 50 इंडेक्स ने औसतन 22 प्रतिशत और निफ्टी 500 इंडेक्स ने 25 प्रतिशत सालाना रिटर्न देकर निवेशकों के लिए संपत्ति निर्माण का शानदार अवसर प्रदान किया है। इसके साथ ही, एनएसई का इन्वेस्टर प्रोटेक्शन फंड (आईपीएफ) भी 31 मार्च 2025 तक 23 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 2,459 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

## आधुनिक तकनीक से डॉ. गोपाल ने किया नर्व इंजरी का सफल इलाज, 13 वर्षीय रोशनी को मिली नई उम्मीद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** शहर के ज्ञान बाबू चौक, मिस्कॉट सिटी पोस्ट ऑफिस के समीप स्थित जन सेवा फिजियोथेरेपी एवं दर्द निवारण क्लिनिक में बंजरिया के घोड़मरवा निवासी 13 वर्षीय रोशनी कुमारी का अलनर और मीडियन नर्व इंजरी का सफल इलाज किया गया। प्रसिद्ध फिजियोथेरेपिस्ट और क्लिनिक के निदेशक डॉ. गोपाल कुमार सिंह ने आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर रोशनी के हाथ की पूर्ण क्लव हैंड डिफॉर्मिटी को ठीक कर एक बार फिर अपनी चिकित्सकीय कुशलता का परिचय दिया। डॉ. गोपाल ने बताया कि रोशनी कुमारी के कोहनी के पास गंभीर चोट और फ्रैक्चर के कारण अलनर और मीडियन नर्व में क्षति हुई थी। इस वजह से उसकी उंगलियां सीधी नहीं हो पा रही थीं, हाथ की ताकत खत्म हो चुकी थी और वह कोई सामान नहीं पकड़ पा रही थी। निराशा में डूबी रोशनी एक दिन अपनी मां के साथ क्लिनिक पहुंची। लक्षणों और क्लीनिकल जांच के आधार पर सटीक निदान के बाद डॉ. गोपाल ने उचित फिजियोथेरेपी उपचार शुरू किया। मात्र एक महीने के उपचार से रोशनी की नर्व इंजरी पूरी तरह ठीक हो गई। अब वह अपने हाथों से दैनिक कार्य आसानी से कर पा रही है। इलाज के बाद रोशनी और उसके परिजनों के चेहरों पर खुशी की मुस्कान लौट आई है। डॉ. गोपाल ने इससे पहले भी अजगरवा निवासी जितेंद्र कुमार की रेडियल नर्व इंजरी का सफल इलाज कर चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि पर शुभचिंतकों और स्थानीय लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है। डॉ. गोपाल की चिकित्सकीय विशेषज्ञता ने न केवल मरीजों को नया जीवन दिया है, बल्कि जिले में फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में एक नया मानदंड भी स्थापित किया है।


कार्यालय :– जिला शिक्षा पदाधिकारी, गढ़वा
विकास भवन–बी0, समाहरणालय परिसर, प्रथम तल
Email ID – rmsagarhwa@rediffmail.com

सूचना

एतत द्वारा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय ज्ञापांक 1921 दिनांक 20.12.2018 एवं दिनांक 1360 दिनांक 27.10.2023 द्वारा माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों/सेवा निवृत शिक्षकों का प्रवरण वेतनमान (2200–4000) में दी गई प्रोन्नति की जाँच माध्यमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा दिये गये आदेश के आलोक में जिला शिक्षा पदाधिकारी गढ़वा कार्यालय द्वारा गठित समिति के माध्यम से की जा रही है। जिसमें निम्नांकित शिक्षकों की मूल सेवा पुस्तिका कार्यालय में अनुपलब्ध रहने की स्थिति में जाँच कार्य करने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है।

| क0 सं0 | शिक्षक/सेवा निवृत शिक्षक का नाम | विद्यालय का नाम | सेवा निवृति तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | लक्ष्मी नारायण राम | रा0कृत उच्च विद्यालय चित्तविश्राम, नगर उँटारी | 31.01.2000 |
| 2 | रामरेखा ठाकुर | रा0कृत रामा साहु उच्च विद्यालय गढ़वा | 31.12.2009 |
| 3 | हरिशरण रावत | रा0कृत उच्च विद्यालय झगराखाँड, भवनाथपुर | 31.11.2011 |
| 4 | चतुर्गुण महतो | रा0कृत गोवावल उच्च विद्यालय डुमरिया, गढ़वा | 30.06.2010 |
| 5 | राजमणि सिंह | रा0कृत +2 उच्च विद्यालय नगर उँटारी | 31.01.2009 |
| 6 | सीताराम मेहता | रा0कृत +2 उच्च विद्यालय नगर उँटारी | 30.04.2004 |
| 7 | जमेदार महतो | रा0कृत रामा साहु उच्च विद्यालय गढ़वा | 28.02.2009 |
| 8 | सीताराम सिंह | रा0कृत उच्च विद्यालय गरदाहा, काण्डी | 30.06.2011 |
| 9 | तपेश्वर सिंह | रा0कृत मुखदेव +2 उच्च विद्यालय मझिऑव | 30.06.2009 |
| 10 | नागेश्वर प्रसाद साहु | रा0कृत उच्च विद्यालय चित्तविश्राम, नगर उँटारी | 31.01.2007 |
| 11 | रामवृक्ष राम | रा0कृत +2 उच्च विद्यालय नगर उँटारी | 30.09.2011 |
| 12 | रामबचन शुक्ल | परियोजना उच्च विद्यालय तोरेलावा, खरौंधी | 31.10.2011 |
| 13 | राजेन्द्र प्रसाद सिंह | रा0कृत +2 उच्च विद्यालय रंका | 31.01.2019 |
| 14 | विजय कान्त तिवारी | रा0कृत गोवावल उच्च विद्यालय डुमरिया, गढ़वा | 31.01.2019 |
| 15 | योगेन्द्र नाथ यादव | रा0कृत उच्च विद्यालय गरदाहा, काण्डी | 31.07.2017 |
| 16 | गुलाबचंद राम | रा0कृत +2 उच्च विद्यालय काण्डी | 31.07.2011 |
| 17 | पियुष लकड़ा | रा0कृत +2 उच्च विद्यालय भण्डरिया | 28.02.2013 |

अतः उपरोक्त शिक्षक/सेवा निवृत शिक्षक एवं मृत शिक्षकों के आश्रितों को निदेश दिया जाता है कि इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के एक सप्ताह के अन्दर अपनी–अपनी मूल सेवा पुस्तिका कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे, अन्यथा पेंशनादि प्रभावित होने की स्थिति में इस कार्यालय की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

जिला शिक्षा पदाधिकारी
गढ़वा

PR 350214 Human Resource Developement(25-26)#D


CMYK

# 10वीं और 12वीं कक्षा में नामांकन और उपस्थिति बढ़ाने पर डीएम ने दिया जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शिक्षा विभाग की जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक हुई, जिसमें शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी डीपीओ, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं बिहार शिक्षा परियोजना के सभी संभाग प्रभारी सम्मिलित हुए। ज़िलाधिकारी द्वारा सभी पदाधिकारियों विशेषकर नए प्रभार प्राप्त प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को विद्यालयों के निरीक्षण हेतु आवश्यक निदेश दिए गए। 10वीं एवं 12वीं में नामांकन एवं उपस्थिति बढ़ाने का निदेश दिया गया। ज़िलाधिकारी द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में भी शीघ्र नामांकन का कार्य पूर्ण कराने एवं सघन निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया। निजी विद्यालयों में शिक्षा के अधिकार के तहत वर्ग- 1 में ग़रीब बच्चों के नामांकन की समीक्षा की गई एवं शत प्रतिशत सीटो पर नामांकन कराने का निदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त दिव्यांग बच्चों हेतु यूडीआईडी कार्ड एवं एपएएआर आईडी के प्रगति की समीक्षा की गई। ज़िलाधिकारी को पीपीटी के माध्यम से ज़िले में चल रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। ज़िलाधिकारी द्वारा समीक्षोपरात संबंधित पदाधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निदेश दिए गए।



# आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट एक ही परिवार के आधा दर्जन लोग जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** ओबरा थाना क्षेत्र के लबदना गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना घटी। इस घटना में एक ही परिवार के आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए। जख्मियों में गांव निवासी उपेंद्र पासवान के पुत्र विकास कुमार, दुखहरण पासवान के पुत्र लालजीत पासवान, जितेंद्र पासवान की पत्नी मंजू देवी, पुत्र रानी कुमारी सहित अन्य शामिल है। शुक्रवार की दोपहर सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मी विकास कुमार ने बताया कि वह अपने घर में खाना खाकर सोया हुआ था। घर के बाहर आसपास के बच्चे दरवाजे पर खेल रहे थे, इसी दौरान पड़ोसी आवाज देकर घर से बुलाया और अचानक मारपीट करने लगा। आखिर घटना के पीछे का क्या कारण था और पड़ोसियों ने मारपीट क्यो की, यह भी जानकारी नहीं है। परिजनों ने बताया कि बच्चों के खेलकूद को लेकर विवाद हुआ। पड़ोसियों द्वारा



दरवाजे के बाहर बच्चों को खेलने नहीं दिया जाता था। इसी बात को लेकर मारपीट की घटना घटी। घटना के बाद परिजनों ने सभी जख्मियों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओबरा पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वैसे जख्मी विकास कुमार ने अपने गांव के ही आधा दर्जन से अधिक लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। इधर, जानकारी मिली कि दूसरे पक्ष से भी कुछ लोग जख्मी हुए हैं, लेकिन उन लोगों से संपर्क न होने के कारण उनका पक्ष नहीं रखा जा सका। वैसे जख्मियों ने इलाज के उपरांत ओबरा थाना में आवेदन देकर शिकायत करने की बात कही है।

# गोलीबारी मामले में एक अभियुक्त गिरफ्तार देसी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम चरकावा निचलीडीह में एक शादी समारोह के दौरान गोलीबारी की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान फिरोज शाह, पिता कल्लू शाह, ग्राम झिकटीया निवासी के रूप में हुई है। उसके कब्जे से एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और एक फायर किया हुआ खोखा बरामद किया गया है। सदर एसडीपीओ टू अमित कुमार ने बताया कि बीती रात रफीगंज थानाध्यक्ष को सूचना मिली थी कि चरकावा निचलीडीह निवासी मो. नौशाद आलम, पिता जमीउद्दीन के घर पर आयोजित शादी समारोह में फायरिंग की घटना हुई है। सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर वरीय अधिकारियों को सूचित किया।



पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सदर एसडीपीओ टू के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया।

एसआईटी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त फिरोज शाह को चरकावा निचलीडीह से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि शादी समारोह में अपने रिश्तेदार के पास आए फिरोज शाह ने अपनी पैंट की कमर से अवैध देशी कट्टा निकालकर फायरिंग की। इस घटना में नौशाद आलम की चाची रानीमा खातून के पैर में गोली का छर्रा लगने से वह घायल हो गईं। पुलिस ने तुरंत घायल को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया।

छापेमारी दल में थानाध्यक्ष शम्भू यादव, सब-इंस्पेक्टर मिथिलेश कुमार, कुशो कुमार, सोनाली, पीटीसी राकेश राय और सशस्त्र बल शामिल थे। पुलिस ने घटनास्थल से एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और एक फायर किया हुआ खोखा बरामद किया। अभियुक्त के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है और मामले की आगे की जांच जारी है।

# समस्तीपुर में होगा एनडीए का विधायक और बिहार में एनडीए की सरकार: डॉ तरुण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** गुरूवार को हरपुर एलौथ स्थित भाजपा कार्यालय में विधानसभा सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मेलन को संबोधित हुए एमएलसी डॉ तरूण कुमार ने कहा कि केंद्र में पीएम मोदी और प्रदेश में सीएम नितीश जी के लोक कल्याणकारी विकास कार्यों एवं कार्यकत्ताओं के योगदान से समस्तीपुर में इस बार एनडीए का विधायक बनेगा और बिहार में फिर से भारी बहुमत से एनडीए सरकार की सरकार बनेगी। इस दौरान उन्होंने ने कहा कि हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में अपार बहुमत से एनडीए की सरकार बनने से यह साबित हो गया है कि विरोधी दल के झूठ और प्रपंच को लोगों ने नकार दिया है। अब बिहार में भी विरोधी दल का झूठ नहीं चलेगा। इसके मुख्य अतिथि डॉ तरूण सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। समारोह की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष कृष्ण मोहन गुप्ता एवं धन्यवाद ज्ञापन अभय सिंह गुड्डू ने किया। इस अवसर पर भाजपा नेता राम सुमिरन सिंह ने कार्यकर्ताओं से अपने अपने बूथ मजबूत बनाकर बिहार में प्रदेश के उन्नति के लिए एनडीए सरकार बनाने का आह्वान किया। वहीं अन्य सभी नेताओं ने कार्यकर्ताओं से गांव चलो अभियान के तहत एनडीए केन्द्र में पीएम मोदीऔर प्रदेश में सीएम नीतीश सरकार के लोक कल्याणकारी विकास योजना को घर घर जाकर बताते हुए उसका लाभ दिलाने और विरोधी दल के झूठ का उजागर करने का आह्वान किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने एनडीए विधायक बनाने का संकल्प लिया। सम्मेलन को भाजपा नेता शशिकांत आनंद, सुनील कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार सिंह, वीरेंद्र यादव, सुशील चौबे, माला शर्मा, आदि ने संबोधित किया। मौके पर बूथ स्तर से लेकर विधानसभा स्तर के सभी नेता उपस्थित रहे।




# तेज हवा के साथ हल्की बारिश की संभावना बरकरार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** अगामी 16 अप्रैल तक मौसम सुहाना रहने की संभावना है। हलांकि इस अवधि में तेज अवा के साथ हल्की वर्षा या बूंदा-बांदी संभावना कायम है। इस बाबत जिले के डॉ राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जलवायू परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केन्द्र द्वारा जारी अगामी 16 अप्रैल, 2025 तक के मौसम पूर्वानुमान के अनुसारः- पुर्वानुमान की अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में आसमान में हल्के से मध्यम बादल देखें जा सकते है। इस अवधि में उत्तर बिहार के अनेक स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की वर्षा या बूंदा बूंदी हो सकती है। इस अवधि में अधिकतम तापमान 27 से 33 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान 18 से 21 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकती है। पूर्वानुमानित अवधि में औसतन 15 से 20 कि0मी0 प्रति घंटा की रफ्तार से पुरवा हवा चलने की सम्भावना है। कुछ स्थानों पर तेज हवा (40-50 किलोमीटर प्रति घंटे) भी चल सकती है। सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 75 से 85 प्रतिशत तथा दोपहर में 30 से 40 प्रतिशत रहने की संभावना है।





**समाहरणालय, औरंगाबाद**
(जिला आपदा प्रबंधन शाखा)
अल्पकालीन निविदा
निविदा संख्या–01/2025–26

बिहार सरकार

वर्ष–2025 में संभावित बाढ़/सुखाड़ के समय प्रभावित परिवारों एवं विस्थापित परिवारों को राहत सामग्री उपलब्ध कराने हेतु वस्तुओं की आवश्यकता पर्याप्त मात्रा में होगी, इस हेतु सामग्रियों जिसकी पूर्ण विवरणी निम्न प्रकार अंकित है, उनके दर निर्धारिता एवं आपूर्ति के लिये इच्छुक आपूर्तिकर्त्ताओं से एतद् द्वारा सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

❖ निविदादाताओं को मो0–20,000.00 (बीस हजार) रूपये मात्र निविदा डालने हेतु जमानत की राशि किसी अनुसुचित बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद के नाम से निर्गत हो तथा निविदा दस्तावेज हाथो हाथ या डाक के माध्यम से आपदा प्रबंधन शाखा में जमा करना होगा। निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि–25.04.2025 के अपराहन–03:00 बजे तक होगी। प्राप्त निविदाऍ उसी दिन अपराहन–03:30 बजे समाहरणालय सभाकक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी, जिसमें स्वयं निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

विशेष जानकारी के लिये जिला आपदा प्रबंधन शाखा, औरंगाबाद से सम्पर्क कर सकते है एवं विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट aurangabad.bih.nic.in & **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखा जा सकता है।

PR. No. 000811 (Disaster) 25-26

जिला पदाधिकारी,
औरंगाबाद

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।


# यू.आर. कॉलेज में 'विज्ञान, समाज एवं विकास' पर सम्मेलन 17-18 मई को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर/रोसड़ा।** बिहार समाज विज्ञान अकादमी का चतुर्थ वार्षिक सम्मेलन 17 और 18 मई 2025 को यू.आर. कॉलेज, रोसड़ा, समस्तीपुर में आयोजित होगा। सम्मेलन का मुख्य विषय 'विज्ञान, समाज एवं विकास' होगा, जो समाज और विज्ञान के विविध पहलुओं पर विचार-विमर्श का मंच प्रदान करेगा।

बिहार समाज विज्ञान अकादमी के महासचिव व सम्मेलन के संयोजक डॉ. घनश्याम राय ने बताया कि इस आयोजन में समाजशास्त्र, राजनीति, विज्ञान और विकास के विशेषज्ञों के साथ-साथ शिक्षा जगत की प्रमुख हस्तियां शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य समाज और विज्ञान के बीच संबंधों पर नवीनतम शोध प्रस्तुत करना और विकास के नए रास्तों पर चर्चा करना है।



डॉ. राय ने इसे एक ऐतिहासिक अवसर बताते हुए कहा कि देशभर से समाजशास्त्री और शोधकर्ता इस मंच पर एकत्र होंगे। उन्होंने जानकारी दी कि पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और इच्छुक शीघ्र पंजीकरण करा सकते हैं। उन्होंने सभी से सम्मेलन के सफल आयोजन में योगदान देने की अपील की।

# मदनपुर में 12 अप्रैल को होगा संगीतमय सुंदरकांड और हनुमान चालीसा पाठ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर के मुख्य बाजार, दुर्गा चौक स्थित हनुमान मंदिर में 12 अप्रैल को संगीतमय सुंदरकांड पाठ और हनुमान चालीसा पाठ का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बनारस के विद्वान ब्राह्मणों द्वारा पाठ किया जाएगा। आयोजन की जिम्मेदारी आचार्य ज्ञानदत्त पांडेय ने संभाली है। कार्यक्रम में महिला कलाकारों की भी विशेष भागीदारी होगी, जो भक्ति भाव को और बढ़ाएगी। इस अवसर पर प्रसाद वितरण और भंडारे का भी आयोजन किया गया है। आचार्य ज्ञानदत्त पांडेय ने बताया कि मदनपुर में पहली बार इस तरह के धार्मिक आयोजन से सनातनी भक्तों में अपार उत्साह और हर्षोल्लास है। उन्होंने कहा कि संगीतमय सुंदरकांड और हनुमान चालीसा पाठ विद्वानों द्वारा संगीतबद्ध तरीके से प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। यह आयोजन लोगों में शिष्टाचार, संस्कार और बौद्धिक ज्ञान के विकास में भी सहायक होगा।

# कोटवारा पैक्स कार्यकारणी सदस्यों को दिया गया प्रमाण पत्र



**औरंगाबाद।** जिले के रफीगंज प्रखंड मुख्यालय कोटवारा में नवनिर्वाचित पैक्स कार्यकारणी सदस्यों को निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया गया। निर्वाची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि दो दिन पूर्व कोटवारा पैक्स के चुनाव के बाद मतगणना हुआ था जिसमें कार्यकारणी सदस्य चिंता देवी एससी/ एसटी, अति पिछड़ा सपना देवी, सामान्य मालती देवी 1, मालती देवी 2, पिछड़ा नौलेश यादव, सामान्य रंजन कुमार मिश्र, राकेश कुमार सिंह, जवाद खान निर्वाचित हुए थे उन्हें प्रमाण पत्र दिया गया।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में युवक जख्मी

**औरंगाबाद।** शहर के अदरी नदी पुल पर गुरुवार की रात ऑटो से गिरकर एक युवक घायल हो गया। घटना में घायल युवक का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। घायल युवक की पहचान न्यू एरिया निवासी चंदेश्वर पासवान के रूप में हुई हैं। बताया जाता है कि चंद्रेश्वर फारम से ऑटो पकड़कर अपने घर जा रहा था। इसी दौरान अचानक ऑटो से गिरकर घायल हो गये। जानकारी मिली कि चिकित्सकों ने युवक कि स्थिति गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### पुत्र ने की पिता की पिटाई, इलाजरत

**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खखड़ा गांव में गुरुवार की रात एक पुत्र ने अपने ही पिता की पिटाई कर दी, जिससे उसके पिता जख्मी हो गए। घटना के बाद जख्मी का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। जख्मी की पहचान उस गांव निवासी रामचंद्र राम के रूप में हुई है। जख्मी रामचंद्र राम ने बताया कि शराब के नशे में धुत होकर उसके पुत्र ने उसकी पिटाई कर दी, जिससे वह जख्मी हो गया।

### ई-रिक्शा की टक्कर से सब्जी व्यवसायी घायल

**औरंगाबाद।** शहर के सब्जी मंडी के समीप गुरुवार की रात ई-रिक्शा की चपेट में आने से एक सब्जी व्यवसायी घायल हो गया। दुर्घटना में घायल सब्जी व्यवसायी का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। घायल सब्जी व्यवसायी की पहचान बराटपुर निवासी मनु कुमार के रूप में हुई है। इलाज कराने आए मनु ने बताया कि वह गुरुवार की रात अपनी दुकान बंद कर घर के लिए निकला ही था कि एक अनियंत्रित ई-रिक्शा ने उसे टक्कर मार दी।

### व्यापार मंडल अध्यक्ष, पूसा को मातृशोक

**ओईनी।** जिले के पूसा प्रखंड स्थित चंदौली जगदीशपुर निवासी पैक्स अध्यक्ष सह व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रेम कुमार झा की माता योगमाया देवी का हृदयाघात के कारण देहावसान हो गया। वे 90 वर्षीय बेहद संवेदनशील, सामाजिक एवं धर्म-परायण महिला थी। उनके निधन से परिजनो व ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर भाजपा नेता सह पुर्व जिला पार्षद संजय कुमार सिंह ने संवेदना व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिजनो को धैर्य एवं यह सदमा सहने की ताकत तथा मृतात्मा के चिर शान्ति की प्रार्थना की है। अंतिम यात्रा में प्रखंड के कई जनप्रतिनिधियों सहित जवाहर झा, अरुण कुमार झा, अशोक कुमार झा, केदार झा, चंदन कुमार झा, दीपक झा, कुमार रौशन, बिमलेन्दू झा, सहित दर्जनो लोग शामिल हुए वहीं संवेदना व्यक्त करने वालों में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष दिनेश ठाकुर, बृजनंदन ठाकुर, चंदौली मुखिया शैलेश कुमार झा, प्रखंड प्रमुख पूसा रविता तिवारी, श्याम चैधरी, सहित कई जन प्रतिनिधि शामिल हैं।

# बिहार में पेयजल संकट से निपटने के इंतजाम तेज़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर प्रखंड के बहुदेशीय भवन सभागार में शुक्रवार को आपदा प्रबंधन से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रखंड प्रमुख सोनी देवी की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। इसमें अपर समाहर्ता उपेन्द्र पंडित मौजूद रहे। बैठक में सरकारी विभागों के अधिकारियों व पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रखंड क्षेत्र आपदा संभावित सुखाड़ का आकलन करने एवं उसकी वैकल्पिक व्यवस्था करने आगलगी की घटना से निपटने के लिए व्यवस्था करने पर चर्चा की गई। अपर समाहर्ता ने पीएचइडी विभाग के कर्मियों और पदाधिकारी को पेयजल संकट से निपटने के लिए किए जा रहे वैकल्पिक व्यवस्था, संचालित नल का जल को चुस्त दुरुस्त करने, खराब पड़े चापाकलो को तत्काल प्रभाव से मरम्मत कार्य कराने का निर्देश दिया है। जनप्रतिनिधियों से राय-मशविरा कर समस्याओं का उनके सहयोग से समाधान करने पर जोर दिया गया। कनीय अभियंता, पीएचईडी को निर्देश दिया गया कि खराब पड़े चापाकलो को अविलंब मरम्मती दल के माध्यम से मरम्मत करना सुनिश्चित करें। बैठक में उपस्थित प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी संजीव कुमार को निर्देश दिया गया कि वे सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक के साथ बैठक कर उनके विद्यालयों में पेयजल की समस्या के बारे में जानकारी लें । पीएचईडी के द्वारा सभी वार्डों में जो नल जल स्थापित किया गया है। उसमें कार्यरत और अकार्यरत नल जल की रिपोर्ट वह कार्यालय में समर्पित करेंगे। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को यह भी निर्देश दिया गया कि किसी विद्यालय को अगर नल जल का कनेक्शन की आवश्यकता हो तो वह इसकी सूचना देंगे। प्रमुख जगहों पर प्याऊ की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया गया है। इसमें सभी मुखिया को सहयोग करने के लिए कहा गया है। विभागीय निर्देश के अनुसार टैंकर की जगह चापाकल से पानी उपलब्ध कराना है। पशु चिकित्सा पदाधिकारी से इस बात की जानकारी ली गई कि पशुओं के लिए चारागाह और पीने के पानी की क्या व्यवस्था है और इस संबंध में आवश्यक कार्य किए जा रहे हैं। निर्देश मनरेगा और पीएचइडी कर्मी को दिए गए। जनप्रतिनिधियों के द्वारा अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन से यह अनुरोध किया गया कि प्रखंड स्तर पर एक छोटा अग्निशमन वाहन है तथा एक बड़े अग्निशमन वाहन की अत्यंत आवश्यकता है। अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन के द्वारा विभागीय एडवाइजरी को सभी जनता सभी जनप्रतिनिधि एवं सभी विद्यालयों के अभिभावकों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ संजय कुमार को निर्देश दिया गया कि वह अस्पताल में एंटी वेनम की पर्याप्त व्यवस्था रखेंगे। मौके पर उप प्रमुख अस्मिता कुमारी, सीओ मो अकबर हुसैन, मुखिया संजय यादव, मुखिया विवेक कुमार गुप्ता, हमीद अख्तर उर्फ सोनू समेत सभी मुखिया व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।


## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

72वीं औपबंधिक सूची
जिला– गढवा (पार्ट–1)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बाल किशुन उराँव एवं दाउद केरकेट्टा द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–01/25 2. आवेदक–सजीवन कोरवा , पिता – जेखु कोरवा<br>3. ग्राम–डोल , पोस्ट–डोल , थाना–चिनिया , प्रखण्ड– चिनिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने आँख पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–01/25 2. आवेदक–सुशील कुमार सिंह, पिता – स्व0 राधा गोबिन्द सिंह<br>3. ग्राम–अररूआ खुर्द , पोस्ट–हरिहरगंज , थाना–हरिहरगंज , प्रखण्ड– हरिहरगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने नाक पर चेचक का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–02/25 2. आवेदक–राजू कुमार प्रजापति , पिता – नित्या कुमार<br>3. ग्राम–डुमरी , पोस्ट–चैनपुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–03/25 2. आवेदक–जीवन तोपनो , पिता – इशाक तोपनो<br>3. ग्राम–माकेमहाबत , पोस्ट–रामगढ़ , थाना– रामगढ़ , प्रखण्ड– रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–04/25 2. आवेदक–राजेन्द्र प्रसाद सिंह, पिता – स्व0 फनेश्वर दयाल सिंह<br>3. ग्राम–चान्दो , पोस्ट–चान्दो , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–05/25 2. आवेदक–संजू भुइयां , पिता – स्व0 प्रगाश भुइयां<br>3. ग्राम–मुंडू , पोस्ट–चान्दो , थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड– रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–06/25 2. आवेदक–सुरेश सिंह , पिता –स्व0 निरंजन सिंह<br>3. ग्राम–चान्दो , पोस्ट–चान्दो , थाना– चैनपुर , प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–07/25 2. आवेदक–अशोक कोरवा , पिता –कोमल कोरवा<br>3. ग्राम–होरिलौंग , पोस्ट–छेंचा , थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–08/25 2. आवेदक–नित्य कुमार , पिता –स्व0 रामदेव प्रजापति<br>3. ग्राम–डुमरी , पोस्ट–चैनपुर , थाना– चैनपुर , प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–09/25 2. आवेदक–रामबृक्ष प्रजापति , पिता –जगपत प्रजापति<br>3. ग्राम–सिका , पोस्ट–नवाडीहा , थाना–पण्डवा , प्रखण्ड–पण्डवा (पाटन)<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–10/25 2. आवेदक–राजेन्द्र प्रसाद सिंहा , पिता –स्व0 गुलाबचंद प्रसाद<br>3. ग्राम–जगत कुटीर , पोस्ट–डालटनगंज , थाना– डालटनगंज, प्रखण्ड– डालटनगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी चन्द्रधन मेहता एवं नन्दलाल प्रसाद मेहता के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–02/25<br>2. आवेदक–मुकेश विश्वकर्मा (आश्रित पुत्र), पिता–स्व0 महेन्द्र विश्वकर्मा (आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–जुटी , पोस्ट–कल्याणपुर ,थाना–गढ़वा, प्रखण्ड–गढ़वा,<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–34 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–11/25 2. आवेदक–दिनेश कुमार विश्वकर्मा , पिता–गनौरी विश्वकर्मा<br>3. ग्राम–ओरिया , पोस्ट–सिगसिगी ,थाना–रेहला , प्रखण्ड–विश्रामपुर ,<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती पर जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी आनन्द मोहन तिवारी के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–03/25 2. आवेदक–सुबोध कुमार , पिता–स्व0 रामप्यारे साव<br>3. ग्राम–सहिजना , पोस्ट–गढ़वा ,थाना–गढ़वा, प्रखण्ड–गढ़वा,<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने भौ पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–04/25 2. आवेदक–अजय कुमार धरदुबे , पिता–सूर्येश्वर धरदुबे<br>3. ग्राम–लोटो , पोस्ट–सोह ,थाना–गढ़वा, प्रखण्ड–गढ़वा,<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के नीचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–05/25 2. आवेदक–उमाशंकर शुक्ल , पिता–रामलखन शुक्ल<br>3. ग्राम–सहिजना , पोस्ट–गढ़वा ,थाना–गढ़वा, प्रखण्ड–गढ़वा,<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–06/25 2. आवेदक–सत्येन्द्र कुमार मिश्र , पिता–स्व0 राम मोहन मिश्र<br>3. ग्राम–डुमरसोता, पोस्ट–काण्डी ,थाना–भवनाथपुर, प्रखण्ड–काण्डी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–लिलाट पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–07/25 2. आवेदक–राम एकबाल चौबे , पिता–स्व0 जनकधारी चौबे<br>3. ग्राम–रेजो , पोस्ट–बाना ,थाना–मेराल, प्रखण्ड–मेराल<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना होंठ पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–08/25 2. आवेदक–ललिता देवी , पति–अरविन्द कुमार मिश्र<br>3. ग्राम–डुमरसोता, पोस्ट–काण्डी ,थाना–भवनाथपुर, प्रखण्ड–काण्डी<br>4. लिंग–महिला , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–12/25 2. आवेदक–सुखदेव राम , पिता–नागेश्वर राम<br>3. ग्राम–परिहारा, पोस्ट–तिलदाग ,थाना–गढ़वा, प्रखण्ड–गढ़वा,<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरे के दायें भाग पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–13/25 2. आवेदक–यदुनन्दन राम , पिता–रामजी राम<br>3. ग्राम–परिहारा, पोस्ट–तिलदाग ,थाना–गढ़वा, प्रखण्ड–गढ़वा,<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पेट में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–14/25 2. आवेदक–अनिल चन्द्रा , पिता–स्व0 केदार चन्द्रा<br>3. ग्राम–करूआ खुर्द, पोस्ट–रंका बौलिया ,थाना–गढ़वा, प्रखण्ड–गढ़वा,<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–60/25 2. आवेदक–किशोर तिवारी , पिता–स्व0 ब्रहमदेव तिवारी<br>3. ग्राम–हरीनामाड, पोस्ट–हरीनामाड ,थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें आंख के पास कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — PR 350117 Home (25-26)_D — (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

## संक्षिप्त समाचार

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मारवाड़ी युवा मंच, मारवाड़ी महिला समिति एवं भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, बेतिया इकाई के संयुक्त तत्वावधान में चौधरी पैलेस, बेतिया में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रेड क्रॉस चेयरमैन डॉ. सुशील प्रसाद चौधरी, सचिव डॉ. जगमोहन कुमार, युवा समाजसेवी प्रतीक एडविन शर्मा, डॉ. देवेश चटर्जी, शिविर के संयोजक अर्पित केशान ने कहा कि मानव रक्त का कोई विकल्प नहीं है। यह केवल मानव शरीर में ही बनता है। रक्तदान ही एकमात्र उपाय है। रक्त के अभाव में कई लोगों की जान चली जाती है। इसलिए हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। शिविर की सफलता में रेड क्रॉस प्रबंध समिति सदस्य लाल बाबु प्रसाद व रेमी पीटर हेनरी, मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष राहुल सर्राफ, सचिव अंकित सिकारिया, रक्तदान संयोजक रवि उदयपुरिया, कोषाध्यक्ष तेजस्वी सोमानी, अभिजीत केशान, कृष झुनझुनवाला, मारवाड़ी महिला समिति की अध्यक्ष अध्यक्ष रेणु पोद्दार, सचिव रूपा सिंघानिया, रक्तदान प्रमुख नीलम केशान, सीमा झुनझुनवाला, रंजना गोयल, प्रीति गोयनका, ब्लड बैंक टीम के लैब टेक्नीशियन इंद्रजीत राय, प्रवीण कुमार, अखिलेश कुमार, चंद्रशेखर आजाद, अमरेन्द्र कुमार, नन्दलाल प्रसाद आदि का सराहनीय सहयोग रहा। पहली बार रक्तदान करने वाली सोनी सिंघानिया, प्रीति कुमारी, पल्लवी कुमारी, ऋषभ जैन, राहुल कुमार, प्रद्युम्न जैन, अमन अग्रवाल ने काफी सुखद और गर्व का अनुभव साझा किया।

### आवासीय विद्यालय में छात्र की संदिग्ध मौत, स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप

**गड़खा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महम्मदा गांव स्थित सरस्वती पब्लिक आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाले 10 वर्षीय छात्र मनु कुमार की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि गुरुवार रात उसकी तबीयत बिगड़ी और उसे दवा देकर छोड़ दिया गया। शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। स्कूल प्रबंधन शव को सदर अस्पताल में छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। मृतक चैनपुर गांव निवासी कृष्णा राय का पुत्र था। परिजन व ग्रामीण विद्यालय प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। वहीं क्षेत्रीय लोगों में इस घटना को लेकर आक्रोश व्याप्त है।

# स्मार्टफोन से आंगनबाड़ी सेविकाएं बेहतर ढंग से कर सकेंगी बच्चों को शिक्षित व पोषित : आलोक चौरसिया

## डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने बांटे आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच स्मार्टफोन

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सदर प्रखंड में महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के तत्वाधान में शुक्रवार को सदर प्रखंड के सदर ब्लॉक में आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच स्मार्टफोन वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डालटनगंज विधानसभा के विधायक आलोक चौरसिया शामिल थे। कार्यक्रम के अंतर्गत गोद भराई व अन्नप्राशन भी कराया गया। मौके पर विधायक चौरसिया ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका ग्रामीण क्षेत्रों में वैसे जगह पर से आती हैं जहां सरकारी मूलभूत सुविधाएं नहीं पहुंच पाती हैं। इन्हीं महिलाओं के कारण आज गरीब व असहाय लोगों तक सरकारी सुविधा पहुंचती है। फिर भी वर्तमान झारखंड सरकार इन्हें मनरेगा के मजदूर से भी कम आंकती है। वर्तमान सरकार को चाहिए कि आंगनवाड़ी सेविका व सहायिका को



उनके हक व अधिकार दे। चौरसिया ने कहा कि यह मोबाइल फोन सुदूरवर्ती इलाके में भी डिजिटल माध्यम से प्रखंड व जिला से जुड़ने का माध्यम होता है। इससे हर तरह के कार्यक्रमों की सूचना व जनहित योजनाओं को जान पाएंगे। इससे बच्चों के शिक्षा व पोषण बेहतर ढंग से हो सकेगा। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी व सदर प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी सेविकाएं मौजूद थे।

# मनरेगा लोकपाल ने की पांकी में मनरेगा योजनाओं की जांच

**मेदिनीनगर (पलामू)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनरेगा लोकपाल शंकर प्रसाद गुप्ता शुक्रवार को पांकी पहुंचे।



उन्होंने करर व केकरगढ़ पंचायत में कई मनरेगा योजनाओं की जांच की। उन्होंने बीते दिन एक दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित मनरेगा योजना में मजदूरों की जगह ट्रैक्टर व जेसीबी से हो रहा काम मामले की गहनता से जांच की।पता चला कि कन्या मध्य विद्यालय के प्रांगण में पोटो हो खेल का मैदान का निर्माण 67000 की लागत से 2023- 24 में स्वीकृत हुआ था। योजना में 57120 रुपए खर्च हुए हैं। योजना का कार्य 16 दिसंबर 2024 को ही बंद हो गया। बीते 4 माह से किसी तरह का कोई काम स्थल पर नहीं हुआ है। इस संबंध में मनरेगा लोकपाल ने बताया कि योजना पुरानी है। स्थल पर मजदूर की जगह ट्रैक्टर व जेसीबी का कोई साक्ष्य नहीं मिला। विद्यालय के शिक्षकों समेत अन्य लोगों से पूछताछ की गई तो बताया कि कार्य मजदूरों ने किया है। इस मामले में कुछ लोगों का निजी विवाद सामने आया। वहीं विद्यालय के शिक्षकों ने मनरेगा लोकपाल से शेष कार्य को शुरू करवाने की मांग की। करर पंचायत के बाद मनरेगा लोकपाल केकरगढ़ पंचायत में मनरेगा योजनाओं की जांच की। इस दौरान उन्होंने पंचायत कर्मियो को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।

# दरौली के मनियर टुकड़ा गांव में छूटे लोगों को खिलाई गई फाइलेरिया से बचाव की दवा

## 57 घरों के 169 वंचित योग्य लाभार्थियों को फाइलेरिया रोधी दवाओं का कराया गया सेवन

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार और उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित दरौली प्रखंड के पंचबेनिया पंचायत के मनियर टुकड़ा गांव में छुटे 57 घरों के 169 वंचित योग्य लाभार्थियों को फाइलेरिया रोधी दवाओं का कराया गया.सिविल सर्जन डॉ श्रीनिवास प्रसाद ने कहा कि उत्तर प्रदेश और बिहार के बीच सरयू नदी में टापू जैसे गांव में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि सैकड़ों घर सरयू नदी के बीचों बीच टापू जैसे होने के कारण हर तरह की सुख सुविधाएं उपलब्ध करने में थोड़ी सी परेशानी होती है, लेकिन सरकार की ओर से दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिलाना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी होती है. स्वास्थ्य विभाग और अन्य सहयोगी संस्थाओं के द्वारा हर तरह की बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जाती है. फरवरी महीने में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत योग्य लाभार्थियों को दवा खिलाने के बाद 691 यानि मात्र 0. 02 प्रतिशत को उल्टी, चक्कर या अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ा था जबकि दवा सेवन करने से 291 जिलेवासी मतलब 0.01 प्रतिशत ने इनकार किया था. हालांकि स्वास्थ्य विभाग, सहयोगी संस्थाओं में विश्व स्वास्थ्य संगठन , पीरामल स्वास्थ्य और हसनपुरा में दो पीएसपी सदस्यों के



सहयोग 99. 25 प्रतिशत योग्य लाभार्थियों को दवा खिलाई गई है.

**57 घरों के 169 वंचित योग्य लाभार्थियों को फाइलेरिया रोधी दवाओं का कराया गया सेवन**

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ ओम प्रकाश लाल ने बताया कि जिला सहित राज्य में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत विगत 10 फरवरी से 28 फरवरी 2025 तक फाइलेरिया जैसे रोग से बचाव के लिए दवा का सेवन कराया गया था.जिसमें 10, 11 और 13 फरवरी 2025 को बूथ लगाकर 518102 यानि 15.05 प्रतिशत लाभार्थियों को दवा सेवन कराया गया था.जबकि 14 से 28 तक गृह भ्रमण कर 2823867 यानि 84.05 प्रतिशत को आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा फाइलेरिया रोधी दवा खिलाया जा चुका है. लेकिन कुछ ऐसे क्षेत्र जो पहुंच से दूर होने के कारण दवा सेवन से वंचित रह गए थे.

# सड़क हादसे रोकने के लिए पुलिस ने बनाया प्लान, थानों को मिलेगा स्पीड गन व ब्रेथ एनालाइजर मशीन

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पलामू, गढ़वा व लातेहार के सभी थानों को दो- दो ब्रेथ एनालाइजर मशीन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही स्पीड गन भी दी जाएगी। उक्त बातें आईजी सुनील भास्कर ने कही। वे नेशनल हाईवे व स्टेट हाईवे पर सड़क हादसे को रोकने के लिए पुलिस अधिकारियों को कई बिंदुओं पर काम करने का निर्देश दिए। उन्होंने नशा पानकर व हाई स्पीड में गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बैठक में आईजी सुनील भास्कर ने पलामू, गढ़वा व लातेहार के पुलिस अधिकारियों को सड़क हादसे रोकने के लिए कई बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिए। आईजी सुनील भास्कर ने सभी थानों को 2- 2 ब्रेथ एनालाइजर व स्पीड गन उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए हैं। वाहन चेकिंग में शामिल पुलिस अधिकारियों को आम लोगों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने के भी निर्देश दिए हैं। हिट एंड रन के शिकार लोगों को मुआवजा देने के लिए



पुलिस की तरफ से पहल की जाएगी। पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिलवाने की कोशिश की जाएगी। नेशनल व स्टेट हाईवे पर ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने को कहा गया है ताकि सड़क हादसों को रोका जा सके। पलामू के आईजी सुनील भास्कर ने सड़क हादसों के रोकथाम को लेकर पलामू, गढ़वा व लातेहार के शीर्ष पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की थी। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में पलामू डीआईजी वाईएस रमेश, पलामू पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन, लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, गढ़वा अभियान पुलिस अधीक्षक राहुल देव बड़ाईक, मेदिनीनगर एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद, लातेहार एसडीपीओ संजीव कुमार मिश्रा शामिल थे।

# फोर्टिस गुरुग्राम ने दरभंगा में सुपर स्पेशियलिटी ओपीडी केंद्र का किया शुभारंभ

**दरभंगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फोर्टिस गुरुग्राम ने बिग ओ हेल्थ के सहयोग से अनंत आरोग्य निकेतन अस्पताल में एक सुपर स्पेशियलिटी ओपीडी केंद्र का शुभारंभ किया। यह पहल शहर और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कार्य किया है। फोर्टिस अस्पताल गुरुग्राम के विश्वस्तरीय डॉक्टर्स अब दरभंगा में सुपर स्पेशलिटी ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे।

इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में डॉ. राहुल भार्गव (प्रिंसिपल डायरेक्टर एवं प्रमुख - हेमेटोलॉजी, ऑन्कोलॉजी एवं बोन मैरो ट्रांसप्लांट), डॉ. स्वरूपा मित्रा (डायरेक्टर एवं यूनिट हेड - रेडिएशन ऑन्कोलॉजी), डॉ. सलील जैन (सीनियर डायरेक्टर एवं एचओडी झ नेफ्रोलॉजी एवं रीनल ट्रांसप्लांट), यशपाल सिंह रावत (वाइस प्रेसिडेंट एवं फैसिलिटी डायरेक्टर, फोर्टिस अस्पताल, गुरुग्राम), डॉ. अभिषेक शर्मा (हेड एडमिनिस्ट्रेशन, फोर्टिस अस्पताल, गुरुग्राम) और डॉ. सी.एम. झा (डायरेक्टर, अनंत आरोग्य निकेतन अस्पताल) शामिल रहे। बीआईआरएसी, भारत सरकार के प्रबंध निदेशक डॉ. जितेन्द्र कुमार द्वारा बिगओहेल्थ और फोर्टिस की साझेदारी में शुरू किए गए सुपर-स्पेशलिटी क्लिनिक का उद्घाटन किया गया। डॉ. कुमार ने कहा कि इस तरह की




पहल से आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं देश के दूर-दराज के इलाकों तक पहुँचाई जा सकती हैं।शुभारंभ के अवसर पर डॉ. राहुल भार्गव ने कहा, यह लॉन्च हमारे मरीजों की सेवा संकल्प को दर्शाता है, जहां हम उत्तम तकनीक का लाभ उठाकर परामर्श की सुविधा और अच्छी देखभाल सुनिश्चित कर रहे हैं, चाहे वह फिजिकल ओपीडी हो या आपातकालीन सेवाएं। डॉ. सलील जैन ने कहा, यह सुविधा एक सहज और कुशल स्वास्थ्य सेवा अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई है।

यह तकनीक के माध्यम से दरभंगा के निवासियों के दरवाजे पर विशेषज्ञ देखभाल लेकर आएगी, जिससे समय और यात्रा की लागत की बचत होगी। डॉ. स्वरूपा मित्रा ने कहा, यह पहल तकनीक और विशेषज्ञ देखभाल के समन्वय के माध्यम से मरीजों को डिजिटल और प्रत्यक्ष परामर्श दोनों में सहज और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यशपाल सिंह रावत ने कहा, हमें अनंत आरोग्य निकेतन अस्पताल, दरभंगा में बिग ओ हेल्थ के सहयोग से यह सुपर स्पेशियलिटी ओपीडी केंद्र शुरू करने की खुशी है। यह कदम शहर में उच्च गुणवत्ता वाली सुपर स्पेशलिटी स्वास्थ्य सेवाएं लाने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। डॉ. सी. एम. झा ने कहा, अनंत आरोग्य निकेतन अस्पताल में फोर्टिस गुरुग्राम सूचना केंद्र की स्थापना एक सराहनीय पहल है जो दरभंगा और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को काफी लाभ पहुंचाएगी। यह सहयोग हमारे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच का एक नया मानक स्थापित करेगा।

# संयुक्त सचिव, खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, भारत सरकार का खूँटी जिला भ्रमण

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत सरकार के खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, नई दिल्ली के संयुक्त सचिव (पीडी, बीपी, एनएफएसए एवं एस एंड आर), श्री रवि शंकर ने आज खूँटी जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कर्रा प्रखंड में राज्य खाद्य निगम के गोदाम का निरीक्षण किया तथा गोदामों में खाद्यान्न के रखरखाव की स्थिति की समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने स्मार्ट पीडीएस के तहत संचालित कुछ जन वितरण प्रणाली



की दुकानों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लाभुकों से बातचीत कर यह जानकारी प्राप्त की कि उन्हें स्मार्ट पीडीएस से संबंधित राशन प्राप्त करने में किसी प्रकार की समस्या तो नहीं हो रही है। लाभुकों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर उन्होंने आवश्यक सुधार के निर्देश दिए ताकि समस्याओं का समय रहते निराकरण किया जा सके। निरीक्षण उपरांत परिसदन भवन में उन्होंने उपायुक्त श्री लोकेश मिश्रा एवं जिला स्तरीय सम्बंधित विभाग के पदाधिकारियों संग राशन वितरण व्यवस्था के विषय पर महत्वपूर्ण चर्चा की, बैठक में उन्होंने जिला में खाद्यान्न वितरण से संबंधित चुनौतियों को शीघ्र दूर करने का आश्वासन दिया। संयुक्त सचिव के खूँटी भ्रमण के अवसर पर झारखंड राज्य खाद्य निगम के प्रबंध निदेशक श्री सत्येंद्र कुमार, निदेशक खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले श्री दिलीप तिर्की, महाप्रबंधक श्री रजनीश सिन्हा, एफसीआई के अधिकारीगण, स्मार्ट पीडीएस टीम समेत जिला आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# नए शैक्षणिक सत्र के बच्चों में ऊर्जा व उत्साह के साथ शिक्षा ग्रहण करने को अविनाश देव ने किया प्रेरित

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वित्तीय व शैक्षणिक सत्र की शुरूआत में सभी त्योहारों का तांता लगा रहा। बच्चे व अभिभावक सभी प्रभावित व व्यस्त थे। पर्व व त्यौहार का सिलसिला समाप्त पढ़ाई कैसे करनी है। पाठ्यक्रम तालिका व शिक्षकों के निर्देश में आगे बढ़ना परीक्षा परिणाम बेहतर लाना आज के ही उत्प्रेरण पर निर्भर करता है। कहा कि पूरे साल अनुशासन, शिष्टाचार व आदर्श विद्यार्थी के रूप



हुआ। अब बच्चे विद्यालय की ओर रुख किए हैं। बच्चों के ध्यानाकर्षण व विद्यालय के प्रति वफादारी व पढ़ाई में रुचि जगाने के लिए संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने बच्चों से मिले। एक- एक बच्चों रुबरु हुए। अविनाश देव नेकहा कि एक वर्ग से दूसरे वर्ग में जाने का भी हर विद्यार्थियों में नया अनुभव नए उत्साह, नई जोश व नए सपने रहते हैं। उसके ऊपर निर्भर करता है पूरे साल की में विद्यालय कैसे आना है इस बात को सत्र के शुरू में बताना आवश्यक था। बच्चे कहीं भी जाएं तो इनके कार्यकलाप, कार्य व्यवहार व संस्कार से लोग समझ जाएं कि यह बच्चा जरूर संत मरियम विद्यालय का विद्यार्थी है। प्रथम प्रभाव ही अंतिम प्रभाव डालता है व काम आता है। सभी आदर्श बच्चे हैं।किसी भी परिस्थिति में अपने व्यक्तित्व को निखारते रहना है। पढ़ाई में अव्वल परिणाम लाना ही लक्ष्य होना चाहिए।

# वक्फ संशोधन कानून वापस लेने के लिए आरा में प्रदर्शन

**आरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आरा शहर के जेपी स्मारक स्थल से इंसाफ मंच व भाकपा माले के बैनर तले एक प्रतिवाद मार्च शुक्रवार को निकला गया। यह मार्च संविधान विरोधी वक्फ संशोधन कानून वापस लेने की मांग, संविधान पर भाजपा सरकार के खुल्लम-खुला हमला बंद करने तथा मुस्लिम समुदाय की धार्मिक आजादी पर हमला बंद करने की मांग पर आयोजित हुआ। नेतृत्व इंसाफ मंच के राज्य सचिव क्यामुद्दीन अंसारी व भाकपा माले केंद्रीय कमिटी सदस्य व अगिआंव के पूर्व विधायक मनोज मंजिल ने किया। मार्च जेपी स्मारक से चलकर कलेक्ट्रीएट, बाबा भीम राव अम्बेडकर स्मारक, कचहरी रोड ,गोला मुहल्ला होते हुए टाउन थाना चौक पहुंच कर सभा में तबदिल हो गया। सभा को संबोधित करते हुए क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि वक्फ संशोधन कानून साम्प्रदायिक व संविधान विरोधी कानून है। भाजपा सरकार लगातार संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओ को कमजोर




करने में जुटी है। भाजपा के तीसरी बार सत्ता में आते ही दलितों, महिलाओं और मुस्लिमो पर हमले तेज हो गये है। अब तो हर मस्जिद में मंदिर खोजना आम बात हो गयी है। ऐसे दौर में इंसाफ मंच के राज्य सचिव का कहना है कि वक्फ संशोधन कानून काला कानून साबित होगा। संघ भाजपा सरकार अल्पसंख्यकों के धार्मिक आजादी को कुचलने पर आमादा है। हम सभी सेकुलर और लोकतंत्र पसंद लोगों को इसका डटकर विरोध करना होगा। अगिआंव के पूर्व विधायक मनोज मंजिल ने कहा कि आज मोदी सरकार चहु ओर दलितों, अल्पसंख्यकों पर हमले कर रही है। बाबा साहब के संविधान पर हमला हमे मंजुर नहीं। कहा कि मोदी सरकार को हम अपने आंदोलन के बल पर वक्फ संशोधन कानून वापस लेने के लिए बाध्य करेंगे। सभा को संबोधित करते हुए भोला महतो ने कहा कि मुसलमानों की धार्मिक आजादी की रक्षा में हम जान लड़ा देंगे।

### भाजपा का 'गाँव चलो अभियान' शुरू

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता ।** सदर प्रखंड के विभिन्न गांवों में भाजपा द्वारा "गाँव चलो अभियान" की शुरूआत की गई। अभियान के तहत केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर जनसम्पर्क किया गया। पूर्व विधायक ज्ञानचंद मांझी के नेतृत्व में जलालपुर पंचायत के जगदीश गांव में बैठक कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों पर चर्चा की गई एवं ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं।

### राधा-कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा को निकाली गई कलश यात्रा

**डोरीगंज (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता ।** लोदीपुर चिरांद स्थित देवी मंदिर प्रांगण में राधा-कृष्ण की प्राण प्रतिष्ठा हेतु भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# हजरत दाता करीम शाह रहमतुल्लाह अलैह के सालाना उर्स पर पवित्र मजार पर चादरपोशी

**जगदीशपुर/भोजपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जगदीशपुर नगर के ऐतिहासिक वीर कुंवर सिंह किला परिसर में भाईचारे व सौहार्द की मिसाल पेश करने वाले हजरत दाता करीम शाह रहमतुल्लाह अलैह के सालाना उर्स पर उर्स कमेटी ने शहीद बाबा के पवित्र मजार पर चादरपोशी किया। इससे पहले गुरुवार की सुबह फज्र की नमाज के साथ मजार-ए-मुबारक के गुसल के बाद निशान पोशी, कुरान ख्वानी, गुसलखानी, परचम कुशाई व फातिहा का आयोजन किया गया। इसके बाद शाम को अस्र की नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोग ढोल-नगाड़ों की धुन के साथ चादर पोशीदा करने बड़ी मस्जिद से निकले। मस्जिद से शुरू होकर मंगरी चौक व मुख्य चौक होते हुए सदर बाजार, दुलौर मोड़, कोतवाली, थाना रोड, थाना होते हुए पुनः वापस थाना रोड, कोतवाली, दुलौर मोड़, सदर बाजार व मुख्य चौक होते हुए वीर कुंवर सिंह किला परिसर स्थित पवित्र मजार पर चादर पोशीदा किया गया। देर रात तक दरगाह पर मन्नतें मांगने वालों का तांता लगा रहा। नगर पंचायत अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, राजद नेता राजीव रंजन उर्फ पिंकू भैया, समाजसेवी फहद वारिस खान समेत दोनों समुदाय के हजारों लोगों ने चादरपोशी कर अपनी मन्नतें पूरी की। साथ ही अकीदतमंदों ने दरगाह पर माथा टेका और समाज, क्षेत्र व परिवार की अमन-चैन की दुआ मांगी। मान्यता है कि दरगाह पर आस्था के साथ चादरपोशी करने से मन्नतें पूरी होती हैं। खास बात यह है कि हिंदू-मुस्लिम समेत सभी धर्मों के लोग मजार पर चादरपोशी, पूजा-अर्चना व मन्नतें मांगते हैं।उल्लेखनीय है कि हर शुक्रवार को दरगाह पर नमाज अदा करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। यह पवित्र दरगाह सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल है। मौलाना हनीफ हाफिज ने चादरपोशी की रस्म अदा की। कमेटी के अध्यक्ष डॉ. शाहबाज वारिस खान, उपाध्यक्ष सलीम अंसारी, सचिव फिरोज मंसूरी, उप सचिव असलम रजा, कोषाध्यक्ष साबिर अली, भोला खान, मोहम्मद मुस्ताक अहमद, शाहिद अख्तर



उर्फ मन्नान खान,बाबूउद्दीन मंसूरी, पिंटू कुरेशी, मो. कार्यक्रम को सफल बनाने में हसमुद्दीन शाह उर्फ भूती मियां, इसरार वारसी, मुस्तफा कमाल पासा, इलियास मंसूरी समेत अन्य सदस्यों ने अहम योगदान दिया. कव्वाली कार्यक्रम में दिल्ली से आयी जायरा डिस्को व बनारस के मशहूर कव्वाल मेहताब भारती ने कव्वाली की शुरूआत की. दोनों ने कव्वाली ख्वाजा तेरे दरबार से कोई खाली हाथ न जाये पेश कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद उन्होंने मोहम्मद के शहर में, सारे बोलो या अली, आओ रे चिश्ती खेले होली ख्वाजा पिया के आंगन में व हम हुसैन वाले हैं समेत एक से बढ़कर एक कव्वाली व शायरी पेश कर उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। पूरी रात लोगों ने कव्वाली का आनंद लिया. तकरीर में कहा गया कि बाबा के दरबार से कोई खाली हाथ नहीं लौटता. श्रद्धा से मांगी गयी सभी मुरादें बाबा पूरी करते हैं। सालाना उर्स के मौके पर पवित्र दरगाह के समीप मेले जैसा माहौल रहा। मेले में लगी दुकानों पर खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। विभिन्न स्थानों से आए लोगों ने पवित्र दरगाह पर माथा टेका और मन्नतें मांगी। लोगों ने नेक नीयत से हिंदू समुदाय द्वारा बेचे जा रहे फूलों को खरीदा और पवित्र दरगाह पर चढ़ाया। लोगों के बीच खिचड़ी और खुरमा का वितरण शिरनी के रूप में किया गया।

# बिहार पशु विज्ञान विवि व तिरुपति इंटरनेशनल के बीच समझौता

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय पटना और तिरुपति इंटरनेशनल, पटना के बीच आज एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता पशुपालन विशेषकर मुर्गीपालन क्षेत्र में प्रशिक्षण, अनुसंधान, तकनीकी सहयोग एवं नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है।

**इस समझौता ज्ञापन के तहत दोनों संस्थाएं मिलकर निम्नलिखित क्षेत्रों में सहयोग करेंगी:**

मुर्गीपालन से जुड़े किसानों और उद्यमियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम। प्रशिक्षण मॉड्यूल का विकास, एवं तकनीकी सहयोग। अनुसंधान एवं विकास कार्यों में सहयोग, साथ ही अनुसंधान निष्कर्षों का प्रकाशन। विश्वविद्यालय की तकनीकी सहायता से पोल्ट्री क्रॉस का परीक्षण एवं ब्रीड डेवलपमेंट। गुणवत्तापूर्ण चूजों और अंडों के उत्पादन, वितरण, विपणन और क्रय में सहयोग। कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि यह साझेदारी विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं अनुसंधान विशेषज्ञता को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का माध्यम बनेगी। किसानों को वैज्ञानिक पद्धतियों से प्रशिक्षित कर उनकी आय में



वृद्धि करना हमारा प्राथमिक उद्देश्य है। यह समझौता राज्य के पशुपालकों एवं उद्यमियों के लिए एक नया अवसर बनकर उभरेगा। इससे वैज्ञानिक अनुसंधान और व्यावसायिक प्रशिक्षण के बीच की दूरी कम होगी। इस साझेदारी के माध्यम से विश्वविद्यालय की अकादमिक विशेषज्ञता और तिरुपति इंटरनेशनल का व्यावहारिक अनुभव किसानों तक सीधे पहुँचेगा।" डॉ. वी.के. सक्सेना, निदेशक अनुसंधान, ने कहा कि शोध और व्यावसायिक क्षेत्र को एक मंच पर लाती है। इससे न केवल अनुसंधान को व्यावहारिक धरातल मिलेगा, बल्कि इससे किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। विश्वविद्यालय की तकनीकी टीम इस दिशा में समर्पित रूप से कार्य करेगी।" इस समझौते पर तिरुपति इंटरनेशनल के प्रोपराइटर डॉ सुमित जयसवाल और निदेशक अनुसंधान डॉ. वी.के. सक्सेना द्वारा हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता दो वर्षों के लिए प्रभावी रहेगा, जिसे आपसी सहमति से आगे भी बढ़ाया जा सकता है। इस अवसर पर संजय गांधी गव्य प्रौद्योगिकी संस्थान के डीन डॉक्टर उमेश सिंह, डॉ. पंकज कुमार सिंह, डॉ. कौशलेंद्र, डॉ. रविकांत निराला, डॉ. संजीव, डॉ. सोनी सहित अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### चमकी बुखार से बचाव व जागरूकता के लिए टॉस्क फोर्स की बैठक आयोजित



**हसनपुरा/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड स्थित सीएचसी में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय टॉस्क फोर्स का बैठक आयोजित की गई। यह बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी आनंद प्रकाश सिंह के नेतृत्व में किया गया। जहां इस बैठक में प्रखंड स्तर के सभी अधिकारी व उनके प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री सिंह ने कहा कि गर्मी बढ़ने के साथ ही चमकी बुखार व मस्तिष्क ज्वर को लेकर स्वास्थ्य महकमा अलर्ट हो गया है। वही प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अभय कुमार ने "चमकी को धमकी" देते हुए कहा कि स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने पंचायत में हिट वेब व चमकी बुखार को लेकर सतर्क रहें। साथ ही जागरूकता रैली निकाली गयी। मौके पर यूनिसेफ के बीएमसी आरके मिश्रा, बीसीएम सुनिता कुमारी, डब्ल्यूएचओ मानिटर आनंद सिंहा, कोल्ड चैन हैंडलर खुबा इमाम, एलएस आशा कुमारी व पुष्पा कुमारी, स्टोर कीपर दिलीप कुमार सहित आशा फेसलीटेर व आशा कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे।

### समारोह में बच्चियों को दी गई विदाई



**हसनपुरा /सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के सहुली स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में शुक्रवार को कस्तूरबा गांधी की 156 वीं जंयती मनाई गयी। साथ ही इस मौके पर एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जहां वर्ग 8 की उत्तीर्ण छात्राओं का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह विदाई समारोह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ. राजकुमारी की मौजूदगी में किया गया। जहां कस्तूरबा गांधी के तैल चित्र पर पुष्प चढ़ाते हुए उनके जीवन परिचय पर प्रकाश डाला गया। वहीं 8 वीं वर्ग से उत्तीर्ण छात्राओं को कॉपी, बैग, कलम, पुस्तक देकर सम्मानित करते हुए उन्हें उच्च शिक्षा लेने एवं सुन्दर भविष्य के लिए कामना की गई। जंयती समारोह में उपस्थित संचालक विजय कुमार दास पूर्व संचालक निजामुद्दीन अंसारी, वार्डेन तारा, शिक्षिका प्रतिमा कुमारी शर्मा, जुली कुमारी, लेखापाल जितेन्द्र कुमार गोंड आदि उपस्थित थे।

### बाइक की ठोकर से मजदूर की मौत, चालक धराया

**बेतिया।/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लौरिया रामनगर मार्ग में स्थित कंधवलिया चौक से पहले बाइक की ठोकर से एक मजदूर की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। बाइक चालक को राहगीरों ने दौड़कर पकड़ लिया, वहीं बाइक पर सवार एक व्यक्ति भागने में कामयाब रहा। घटना गुरुवार की रात्रि की है। जानकारी के अनुसार बगही बसवरिया पंचायत के कंधवलिया गांव के सतन राम (70) अपने एक अन्य सहयोगी जीवधन राम के साथ रात में अपने घर लौट रहे थे। लौरिया की ओर से बाइक पर दो व्यक्ति बैठकर रामनगर की ओर जा रहे थे, जहां तेज गति से बाइक चला रहा युवक ने अनियंत्रित होकर वृद्ध घरामी को ठोकर मार दिया। इनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। पुलिस ने पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### मानव व्यापार रोकथाम हेतु बैठक आयोजित

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मैनाटांड बाजार स्थित अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के बिहार प्रदेश सचिव रौशन कुमार के निजी आवास पर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से बॉर्डर पर मानव व्यापार,बाल मजदूर आदि रोकथाम हेतु विशेष रूप से चर्चा की गई। मौके पर मौजूद प्रदेश सचिव रौशन कुमार ने कहा प्रत्येक व्यक्ति को अपने द्वारा स्वतंत्र रूप से चुने गए या स्वीकार किए गए कार्य द्वारा जीविका कमाने के अवसर का अधिकार है। बैठक में संगठन को मजबूत करने पर भी बल दिया गया। मौके पर उमेश भारती,अशोक गिरि,बिहारी यादव प्रकाश कुमार मृत्युंजय कुमार बीमल यादव,बबन राउत,आदि मौजूद रहें।



### 24 घंटे के भीतर 42 गिरफ्तार

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बगहा पुलिस जिला में विशेष अभियान के तहत पुलिस ने विगत 24 घण्टे में 54 वारंटों का निष्पादन किया है। जबकि पुलिस ने 42 अभियुक्तों को गिरफ्तारी किया है।वही दूसरी ओर पुलिस ने अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए गए सघन वाहन जांच में 79 हजार पांच सौ रुपए जुर्माना लगाया है।उक्त जानकारी एसपी सुशांत कुमार सरोज ने दी। एसपी ने बताया कि इस प्रकार वाल्मिकीनगर थाना ने वारंट में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, लौकरिया थाना द्वारा अन्य काण्ड में दो वारंट में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। धनहां थाना द्वारा शराब के काण्ड में दो अन्य काण्ड में दो तीन तथा वारंट में एक अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।वही दूसरी ओर 282.75 ली० विदेशी शराब एवं एक चार चक्का जप्त किया है। रामनगर थाना द्वारा शराब के काण्ड में एक तथा वारंट में एक अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। वही पुलिस ने 35 लीटर चुलाई शराब एवं एक साइकल जप्त किया है।

### संदिग्ध स्थिति में महिला की मौत

**महाराजगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड तीन के प्रभुता महतो की 25 वर्षीय पुत्री आरती (काल्पनिक) का शव घर में शुक्रवार के दिन अहले सुबह फंदे से लटका मिला.घर के परिजनों ने



लटके शव देख कर चीत्कार मार कर रोने बिलखने लगे। चारों तरफ रोने बिलखने की आवाज सुन लोग दौड़े और मामले की जानकारी ली। मामले की सूचना महाराजगंज पुलिस को मिली। जिसके बाद पुलिस दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सीवान सदर अस्पताल भेज दी . बताया जाता है कि मृतिका कुछ दिन पहले किसी लड़के के साथ भागी हुई थी. लेकिन वह कुछ दिन बाद पुलिस दबिश से घर वापस आगई थी .वह अपने मायके महाराजगंज वार्ड तीन के नोनिया डीह मुहल्ले में रह रही थी .पुलिस मामले की छानबीन में लग गई है . एडीपीओ राकेश कुमार ने बताया पोस्टमार्टम के बाद सबकुछ स्पष्ट हो जाएगा .

# जिलाधिकारी के जनता दरबार में 67 मामलों की हुई सुनवाई



**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शुक्रवार को समाहरणालय सिवान के सभागार में आयोजित जिला पदाधिकारी जनता के दरबार में कार्यक्रम में उपस्थित रहें। जिसमें सिवान जिला के विभिन्न प्रखंडों के अलग अलग विभागों से आये कुल-67 आवेदनकर्ताओं की समस्याओं पर सुनवाई की गयी। जिसमें अंचल अधिकारी कार्यालय से संबंधित यथा- अंचल अधिकारी बसंतपुर कार्यालय से संबंधित, अंचल अधिकारी सिवान सदर के कार्यालय से संबंधित, अंचल अधिकारी हुसैनगंज कार्यालय से संबंधित, अंचल अधिकारी पचरुखी के कार्यालय से संबंधित, अंचल अधिकारी दरौंदा के कार्यालय से संबंधित, अंचल अधिकारी दरौली के कार्यालय से संबंधित, अंचल अधिकारी बड़हरिया के कार्यालय से संबंधित, अंचल अधिकारी गोरियाकोठी के कार्यालय से संबंधित, अंचल अधिकारी भगवानपुरहाट के कार्यालय से संबंधित, अंचल अधिकारी महाराजगंज के कार्यालय से संबंधित ,अंचल अधिकारी आंदर के कार्यालय से संबंधित, अंचल अधिकारी हसनपुरा, सिविल सर्जन के कार्यालय से संबंधित ,अपर समाहर्ता सिवान के कार्यालय से संबंधित, अनुमंडल पदाधिकारी सदर/महाराजगंज के कार्यालय से संबंधित, जिला पंचायती राज शाखा के कार्यालय से संबंधित, पीएचइडी कार्यालय से संबंधित, स्थापना प्रशाखा से संबंधित, प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय से संबंधित जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस के कार्यालय से संबंधित, जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय से संबंधित है। आवेदन पत्र के माध्यम से प्राप्त समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए जिला पदाधिकारी सिवान द्वारा उक्त समस्याओं का स-समय नियमानुसार निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यकतानुसार तत्काल दिशा-निर्देश दिया गया। इसके साथ ही पदाधिकारी, सिवान-सह-द्वितीय अपीलीय प्राधिकार द्वारा बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के अन्तर्गत कुल-02 मामलों की भीसुनवाई की गई। दोनो मामलों यथा (1) श्री वृजभूषण पाण्डेय, पिता-श्री योगेन्द्र पाण्डेय, ग्राम-परमानंदपुर, पो० प्रखण्ड-दरौली, जिला-सिवान एवं (2) श्री सत्यदेव सिंह, ग्राम+पो०-गम्भीरार, थाना- रघुनाथपुर, अंचल-रघुनाथपुर, जिला-सिवान में सुनवाई के लिए आवश्यक कागजातों के साथ अगली तिथि निर्धारित किया गया है।

# बिन मौसम बरसात ने फेरा किसानों की उम्मीदों पर पानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तरैया (सारण)।** प्रखण्ड क्षेत्र में गुरुवार को दोपहर बाद तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। जिससे किसानों द्वारा खेत में काट कर रखे गए गेहूं की फसलों को काफी नुकसान हुआ है। बिन मौसम हुए बारिश ने किसानों की आस पर पानी फेर दिया है। खेतों में काटकर रखी गेहूं की फसल एवं अन्य खड़ी फसले भी भीग गई, जिससे किसानों को काफी नुकसान हुआ है। बिन मौसम बारिश होने से तरैया समेत आसपास गांवों में भी किसानों की फसलों को नुकसान हुआ है। किसानों ने कड़ी मेहनत और इधर-उधर से कर्ज लेकर खड़ी की अपनी फसलों के खराब होने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें ला दी है। किसानों ने बताया कि यह साल फसलों के लिए बिल्कुल अच्छा नहीं रहा। शाहनेवाजपुर के किसान रामेश्वर राय ने बताया कि कर्ज लेकर खेत बुवाई की थी, जो बारिश और तेज हवा के कारण फसलें खराब हो गई। तेज हवा के साथ बारिश के कारण तरैया क्षेत्र के कई गांवों में किसानों की खड़ी एवं



काट कर रखी फसलों को नुकसान हुआ है। इसमें गेहूं और जौ की बाई फसल में करीब 40 प्रतिशत नुकसान का अनुमान है। कृषि विशेषज्ञ बताते हैं कि किसानों को चाहिए कि वे अपनी गिली हुई फसलों को सुखाने का प्रयास करें तथा खेतों में भरे पानी को बाहर निकाले, ताकि उनकी फसल बच सके। वही अपनी फसलों को नुकसान देख अब किसानों को सरकारी मुआवजे की आस है।

# जयप्रकाश विश्वविद्यालय में 119 छात्र-छात्राओं को मिला रोजगार

## फ्लिपकार्ट व डिक्सन टेक्नोलॉजी ने किया चयन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा (सारण)।** जयप्रकाश विवि में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव एक बार फिर सफलता की नई ऊंचाई पर पहुंचा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई के नेतृत्व में शुक्रवार को विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में फ्लिपकार्ट व डिक्सन टेक्नोलॉजी लिमिटेड जैसी नामचीन कंपनियों ने हिस्सा लिया। इस प्लेसमेंट में कुल 119 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। जिनमें 89 पुरुष और 30 महिलाएं शामिल हैं। चयनित अभ्यर्थियों को आगामी 18 से 20 अप्रैल के बीच संबंधित कंपनियों में जॉइन करना होगा। उन्हें 18,000 से 29,000 रुपए मासिक इनहैंड सैलरी के अलावा पीएफ, मेडिकल व ट्रांसपोर्ट जैसी सुविधाएं भी



प्रदान की जाएंगी। बताया गया है कि यह विश्वविद्यालय का तीसरा सफल कैंपस प्लेसमेंट था। कुलपति प्रो. बाजपेई द्वारा छात्र हित में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल का गठन किया गया है, जिसकी देखरेख में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस सेल में डॉ. कृष्ण कुमार, स्निग्धा सिंह और डॉ. शची मिश्रा की सक्रिय भूमिका रही है। इससे पहले ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल व टेक महिंद्रा जैसी कंपनियां भी विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट आयोजित कर चुकी हैं। कैंपस में उपस्थित कंपनी अधिकारी राहुल पांडेय ने विश्वविद्यालय प्रशासन की सराहना की और भविष्य में भी सहयोग जारी रखने की बात कही।

# बाइक पर सवार होकर गंडक के दियारा क्षेत्र में निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गंडक का दियारा क्षेत्र जहां इस गर्मी के मौसम में गाहे बेगाहे चरवाहों की टोली या राह पकड़ जाते राहगीर दिख जाते है। ऐसे विराना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह अचानक धूल उड़ता देख दियारा क्षेत्र के गांवो में हलचल फैल गयी। जब धूल के गुब्बारों के बीच बाइक का काफिला गांव में पहुंचा तो एकाएक पहले वहां मौजूद लोग कुछ समझ नही पाये लेकिन बाद में लोगो को मालूम हुआ कि ये हमारे डीएम दिनेश कुमार राय है जो दियारा क्षेत्र के ठकराहां प्रखंड के गांवो में औचक निरीक्षण के लिएपहुंचे है। इस दौरान जिलाधिकारी के साथ उप विकास आयुक्त सुमीत कुमार भी थे। वहीं बेतिया के अनुमंडल पदाधिकारी डा. विनोद कुमार, जिलाधिकारी के विशेष

## डीएम के साथ अधिकारियों का रहा काफिला



कार्य पदाधिकारी सुजीत कुमार के अलावे समाहरणालय के कई कर्मी भी थे। सबसे पहले डीएम ने बैरिया प्रखंड के आंगनबाड़ी और स्कूलों का औचक निरीक्षण किया और उसके बाद वे गंडक पार कर ठकराहा प्रखंड क्षेत्र में पहुंच गए। वैसे ठकराहां बगहा अनुमंडल का एक प्रखंड क्षेत्र है जो बेतिया से सटे बैरिया एवं उतरप्रदेश की सीमा के बीच में पड़ता है। डीएम दिनेश कुमार राय बेतिया के बैरिया होते हुए उत्तरप्रदेश बिहार सीमा पर अवस्थित ठकराहा पहुंचे। इस दौरान डीएम ने आंगनबाड़ी, पीडीएस दुकान, सरकारी विद्यालयों समेत प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण किया। अचानक उन्हें बाइक से कार्यालय पहुंचा देख कर्मी सकते में आ गए। डीएम को इस रूप में देखकर अधिकारियों और कर्मियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। जिलाधिकारी ने बताया कि दियारावर्ती इलाकों के लोगों की कई समस्याएं होती हैं। खासकर बरसात में उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कटावरोधी कार्यों की प्राथमिकता को समझते हुए मैंने ठकराहा के श्रीनगर समेत अन्य बाढ़ग्रस्त इलाकों का दौरा किया। इस दौरान मैंने पीडीएस, आंगनबाड़ी, स्कूलों के साथ कई सरकारी विभागों में सरकारी योजनाओं की गहन जाँच की. ग्राउंड पर पहुंच कर समस्याओं के निराकरण को लेकर अधिकारियों से कार्यो की समीक्षा की और कई दिशा निर्देश भी दिया।

# डीआईजी ने की लंबित मामलों की समीक्षा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चंपारण रेंज के डीआईजी हरकिशोर राय ने शुक्रवार को रेंज के तीनों जिलो के पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में विभिन्न लंबित कांडो की समीक्षा की। स्थानीय पुलिस केंद्र के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में बेतिया एसपी डा. शौर्य सुमन, मोतिहारी एसपी स्वर्ण प्रभात एवं बगहा के एसपी सुशांत कुमार सरोज के अलावे विभिन्न अनुमंडलो के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने बारी बारी से संज्ञेय अपराधों की समीक्षा करते हुए इसमें बेहतर कार्य करनेवाले पुलिस पदाधिकारियों को पुरस्कृत करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया।



इस दौरान उन्होंने लंबित मामलो की त्वरित गति से निष्पादन एवं पर्यवेक्षण करने का निर्देश दिया। इस दौरान डीआईजी ने काम में कोताही बरतने वालों को कड़ी फटकार लगाई। डीआईजी ने कहा कि मुख्यालय से प्राप्त निदेर्शों का शत प्रतिशत पालन करना होगा। इसमें जो भी लापरवाही बरतेगा उस पर कार्रवाई तय है। बेहतर काम करने वाले सदर एसडीपीओ विवेक दीप, नरकटियागंज एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह समेत कई इंस्पेक्टर और थानाध्यक्षों को प्रशस्ति पत्र मिला। समीक्षा बैठक में बेतिया, बगहा व मोतीहारी पुलिस जिला के एसडीपीओ, इंस्पेक्टर, थानाध्यक्ष व अन्य पुलिस पदाधिकारी भी शामिल हुए। इस दौरान डीआईजी ने लंबित कांडों का समीक्षा किया और कांड निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। इसके पूर्व डीआईजी को पुलिस लाइन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बेतिया एसपी ने पुलिस लाइन में उनका स्वागत किया।

# दहेज हत्या व पॉस्को एक्ट मामले में एक महिला समेत दो गिरफ्तार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर पुलिस ने दहेज हत्या एवं पॉस्को एक्ट के अलग अलग मामले में एक महिला समेत दो लोगो को गिरफ्तार किया है। जिसे शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपित सेमरा चौक की रबेया खातून एवं भसुरारी गांव निवासी मुरारी कुशवाहा है। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि 24 नवम्बर 2023 को दहेज को लेकर एक विवाहिता हत्या कर दी गई थी। इस मामले के शिशवा बहुअरवा निवासी मृतका के मा शाहनाज खातून ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। एफआईआर में सेमरा चौक निवासी मृत विवाहिता के पति आलमगीर मियां, रबेया खातून, भोला मियां, सन्नी मियां, आरिफ मियां को नामजद किया है। उन्होंने बताया कि आरोपित रबेया खातून को गिरफ्तार किया गया गया है। हालांकि अन्य आरोपित फरार चल रहे है। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# सिवान में जीविका द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शुक्रवार को जीविका सिवान जिला परियोजना समन्वय इकाई की ओर से जिला पदाधिकारी सिवान के मार्गदर्शन में एक दिवसीय गैर-आवासीय प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में सभी प्रखंड परियोजना इकाइयों के कर्मचारियों सहित कम्युनिटी कोऑर्डिनेटर, एरिया कोऑर्डिनेटर, बीपीएम, लेखापाल, कार्यालय सहायक, एवं जिला स्तरीय सभी कर्मियों सहित लगभग 300 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें महिला संवाद कार्यक्रम के सम्पूर्ण क्रियान्वयन प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें विभिन्न समितियों के गठन, समुदाय का सशक्तिकरण, व्यापक प्रचार रणनीतियाँ, एमआईएस प्रणाली व अनुश्रवण, पूर्व तैयारियाँ, गतिविधियों की चेकलिस्टिंग, उपयोग में लाए जाने वाले टूल्स व तकनीकें, अन्य विभागों के साथ समन्वय और आपातकालीन स्थितियों से निपटने की योजना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय उप विकास आयुक्त के द्वारा की गई। साथ ही कार्यक्रम में जिला संरक्षक, डीपीएम जीविका, वित्त प्रबंधक जीविका सिवान तथा अन्य विषयगत प्रबंधकगण भी उपस्थित रहें और प्रतिभागियों को प्रेरणादायक मार्गदर्शन प्रदान किया।

# संभावित हीट वेब व सुखाड़ से बचाव को लेकर प्रशासन सतर्क

## मुख्य सचिव ने की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा (सारण)।** संभावित हीट वेव एवं सुखाड़ के प्रभाव को देखते हुए राज्य के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्देश दिया गया कि सभी जिलों में निर्धारित मानक संचालन



प्रक्रिया के अनुरूप पूर्व तैयारी सुनिश्चित की जाए, जिससे किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। सारण जिला में स्वास्थ्य विभाग ने हीटवेव से प्रभावित मरीजों के इलाज हेतु 60 बेड आरक्षित किए हैं। सभी अस्पतालों में ओआरएस व आईवी फ्लूड की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। अग्निशमन विभाग ने जिले में कुल 25 फायर ब्रिगेड वाहनों को तैयार स्थिति में रखा है, जिनमें सदर अनुमंडल में 13, मढ़ौरा में 7 और सोनपुर में 5 वाहन शामिल हैं। वहीं पीएचईडी द्वारा प्रत्येक प्रखंड में चापाकल मरम्मत दल को सक्रिय कर दिया गया है। पशुपालन विभाग ने भी सभी पशु अस्पतालों में 30 प्रकार की आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई हैं। सार्वजनिक बसों में पीने का पानी और ओआरएस की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश परिवहन विभाग ने बस संचालकों को दिया है। वहीं, नगर निकायों द्वारा शहरी क्षेत्रों में प्याऊ की व्यवस्था की जा रही है।

# महिला संवाद कार्यक्रम को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के सभी पंचायतों में 17 अप्रैल से महिला संवाद कार्यक्रम किया जाएगा। इसको लेकर सभी नोडल अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण शुक्रवार को प्रखंड सभागार में हुआ। प्रशिक्षण में पीपीटी के माध्यम से कार्यक्रम को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। जीविका के बीपीएम रितेश किशोर सहाय ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर एक रोस्टर तैयार किया गया है। इसमें जीविका की ओर से महिलाओं को एकत्रित किया जाएगा जो सरकार से सीधे संवाद करेगी। कार्यक्रम की सारी व्यवस्था जीविका करेगी। उन्होंने बताया कि प्रखंड में यह कार्यक्रम 58 दिन तक चलेगा। 17 अप्रैल से यह कार्यक्रम दो शिफ्ट में अलग अलग जगहों पर किया जाएगा। वही 13 मई के बाद से इस कार्यक्रम को चार शिफ्ट में चार जगहों पर आयोजित किया जाएगा। बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित कर रही है। जिसमें महिलाओं के सभी योजनाओं के बारे बताया जाएगा। महिलाएं भी अपनी बात रखेंगी और उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। प्रशिक्षण में एसडब्ल्यूओ ओम प्रकाश नारायण सिंह, एमओ अमरेंद्र कुमार, बीईओ राजेश कुमार यादव, सीडीपीओ मो. सोहैल अहमद, बीसीओ सौरभ कुमार, आरओ अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# जिस घर में बेटी होती है उस घर में लक्ष्मी का वास होता है : प्रियंका शास्त्री

**हसनपुरा /सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के पकड़ी पंचायत के महुअल महाल में चल रहे आठ दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ सह रामकथा के पांचवें दिन कथावाचिका साध्वी प्रियंका शास्त्री ने बताया कि जब भगवान श्री राम ने जन्म लिया अयोध्या में तो सूरज चंद्रमा सारे देवता आए, यहां तक की श्री भोले बाबा वेष बदल कर-के भगवान के दर्शन करने आए। तत्पश्चात भगवान ने गुरु कुल में जाकर के शिक्षा दीक्षा संस्कार ग्रहण किया। गुरु के बिना इस भवसागर से तारांतरण हमारा नहीं हो सकता। विश्वामित्र जी यज्ञ की रक्षा के लिए भगवान राम व लक्ष्मण को ले गए। उसके बाद जनकपुर लेकर के जाते हैं। जनकपुर जाकर के धनुष मंजन किया। सीता स्वयंवर हुआ। राजा जनक ने अपनी चारों बेटियों की विदाई की। विदाई के समय दीदी जी ने बेटियों की महिमा का दर्शन कराया। कहा कि बेटा बेटी में कभी कोई फर्क



नहीं करना चाहिए। बेटी पराया धन होती है, जब भी आप अपनी बेटी की शादी करो सुंदर वर देखो, घर अच्छा हो या ना हो लेकिन वर अच्छा होना चाहिए। जो लोग जल्दबाजी करते हैं तो आज बेटियों के साथ क्या हो रहा है,यह सब जानते हैं, बेटियों को ससुराल में प्रताड़ित किया जाता है। जिस घर में बेटियां होती है वहां लक्ष्मी वास करती है।बेटियां अपना भाग्य स्वयं लेकर के आती है। सुनीता विलियम्स आज ब्रह्मांड की सैर कर रही है। वह भी तो एक बेटी है, हमारे भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी तो एक बेटी है, रानी महारानी लक्ष्मीबाई वह भी एक बेटी थी। इस महायज्ञ के यज्ञाचार्य पंडित श्री लक्ष्मी निधि मिश्र, अनूप पांडे, सोमनाथ शुक्ला,सौरव उपाध्याय,विष्णु कांत व मुकेश इत्यादि है। मुख्य यजमान कृष्णदेव मिश्रा,अनूप मिश्रा विपिन सिंह,राकेश सिंह,उमा सिंह भूपेंद्र पांडे, संजय पांडे, राजेंद्र पांडे, राजमंगल पांडेय व अनूप सिंह है।

# पंचायत के किसी भी वार्ड में नहीं मिल रहा नल का जल

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में हर घर नल का जल योजना को लेकर प्रशासन लगातार प्रयासरत है कि योजना का लाभ सभी को मिल सके। लेकिन क्या इस योजना का लाभ धरातल पर मिल रहा है। जहां एक तरफ सरकार का लक्ष्य इस योजना को हर घर तक पहुचाने का है वही योजना की निर्माण में अनिमितता एवं उसके सफल संचालन नही होने से धरातल पर इसका लाभ नही मिल पा रहा है। मामला प्रखंड के रखई चम्पापुर पंचायत का सामने आया है। जहां हर घर नल जल योजना का लाभ पंचायत वासियों को नही मिलने को लेकर अब पंचायत वासी गोलबंद हो गए है। पंचायत के सूरज कुमार, विनय कुमार यादव, सुरेंद्र शाह, ताहिर देवान, अंकित कुमार, सुरेंद्र साह, ध्रुव राम, दीनानाथ साह, मोतीचंद साह, गुड्डू महतो, नरेश महतो, रहमत मियां, शुरेश शर्मा, लखबीर राम, सोनेलाल राम, प्रेम राम, प्रदीप साह, मुकेश कुमार, सहनवाज आलम समेत करीब पांच दर्जन से अधिक पंचायत वासियों ने योजना की संचालन की मांग उठाई है। इसको लेकर पंचायत वासियो ने बीडीओ से शिकायत किया है। ग्रामीणों ने बताया है कि पंचायत में कुल 15 वार्ड है। और किसी भी वार्ड में नलजल योजना का संचालन नही हो रहा है। जिससे योजना का लाभ धरातल पर नही मिल रहा है। लोगो का आरोप है कि योजना के निर्माण में करीब तीन करोड़ की राशि की निकासी कर बंदरबाट की गई है।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में मनाई गई जयंती

**गुठनी/सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाज सेवा,शिक्षा व महिला अधिकारों बेहतर कार्य करने वाली,स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका अदा करने वाली राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की अर्धांगिनी कस्तूरबा गांधी जी की जयंती बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में आयोजित जयंती कार्यक्रम के दौरान आवसीय विद्यालय में रहकर आठवीं तक पढ़ाई करने वाली छात्राओं का विदाई भी किया गया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय से आठवीं उतीर्ण कुल 15 छात्राओं को कॉपी,किताब,बैग,पानी बोतल,छतरी सहित अन्य सामानों का कीट विदाई में दिया गया साथ ही उनके द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में किये गये उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये विद्यालय के संचालक सह उत्क्रमित आदर्श उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश चौहान ने कहा कस्तूरबा का जीवन हर क्षेत्र में अनुकरणीय है। कार्यक्रम के दौरान कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति से अतिथियों व अभिभावक दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का आरंभ कस्तूरबा गांधी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। छठवीं व सातवीं की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत व धार्मिक धुन पर नृत्य की प्रस्तुति की गई। जिन छात्राओं को विदाई दी गयी उनमें चुलबुली कुमारी,गुड़िया कुमारी,चंदू कुमारी,चांदनी कुमारी,मुस्कान,निरमा,प्रियांशू, निशु, पिंकी, कल्पना, कुसुम, निसु, रागिनी, प्रीति व प्रीति कुमारी शामिल है। विद्यालय की वार्डन सुमन कुमारी,अंशकालिक शिक्षिका सुनीता चौधरी,लेखपाल मृत्युंजय कुमार के अलावा अभिभावक महिलाओं में शामिल बुजुर्ग महिलाओं से छात्राओं को सम्मानित करवाया गया।



# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में व्याप्त अनियमितता पर डीएम ने जताई नाराजगी

## बारून स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्रखंड सह अंचल कार्यालय के निरीक्षण क्रम में जिलाधिकारी ने दिए कई निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बारुन एवं प्रखंड- सह- अंचल कार्यालय बारुन का जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बारुन के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, चिकित्सकीय उपकरणों की उपलब्धता और मरीजों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया गया। इसके अतिरिक्त ओपीडी, प्रसव कक्ष, दवा भंडारण कक्ष, प्रयोगशाला एवं हिट वेव वार्ड, पंजीकरण एवं साफ-सफाई, विभिन्न प्रकार का पंजियों के साथ विभिन्न बिंदुओं को बारीकी से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में साफ-सफाई संतोषजनक पायी गयी, परंतु दवा भंडारण अव्यवस्थित पाया गया। दवा भंडार में फ्रीज कार्यशील नहीं पाया गया, परंतु उस फ्रीज में दवायें रखी हुई थी। दवा भंडार के कर्मी द्वारा बताया गया कि फ्रीज एक सप्ताह से खराब है। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि फ्रिज में रखी गई दवा की गुणवत्ता 1 सप्ताह में प्रभावित हुई होगी। चिकित्सा पदाधिकारी का रोस्टर समुचित ढंग से डिस्प्ले नहीं पाया गया जिससे यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि किस चिकित्सक की ड्यूटी कब है, साथ ही मरीजों की संख्या थोड़ी कम पाई गई। इस कुव्यवस्था के लिए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को स्पष्टीकरण किया गया। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि रोस्टर के अनुसार सभी चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित करायें एवं ससमय रोस्टर के अनुसार ही ओपीडी का संचालन करेंगे ताकि दूर-दराज से आये हुए मरीजों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को अस्पताल में स्वच्छता का बेहतर इंतजाम सुनिश्चित करने तथा रोगियों को उपलब्ध तमाम तरह की सुविधाओं का समुचित लाभ उपलब्ध कराने का निर्देश दिए। प्रखंड- सह- अंचल कार्यालय निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखंड एवं अंचल कमियों एवं को ससमय कार्यालय आने और कार्य अवधि तक उपस्थित रहने का सख्त हिदायत देते हुए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि योजनाओं का क्रियान्वयन मानक के अनुरूप कराना सुनिश्चित करें।

## गेहूं फसल कटनी कर उत्पादन का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के सीसीई एग्री ऐप के माध्यम से बीआरएफएसवाई (बिहार राज्य फसल सहायता योजना) अंतर्गत पंचायत स्तरीय फसल कटनी प्रयोग का निरीक्षण मगध प्रमण्डल गया के उप निदेशक (सांख्यिकी) उपेन्द्र कुमार द्वारा औरंगाबाद जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत फेसर पंचायत के बसडीहा कला गांव में किया गया। बसडीहा कला गांव के किसान मिथलेश सिंह के खेत में गेहूं फसल का फसल कटनी प्रयोग किसान सलाहकार दिपक कुमार द्वारा किया गया। प्रयोग के दौरान वैज्ञानिक विधि से निर्धारित प्रक्रिया द्वारा 10 गुना 5 वर्ग मीटर में मिथलेश सिंह के खेत में गेहूं फसल का हरा दाना वजन 15.580 किलो ग्राम अर्थात 31.16 क्विंटल प्रति हेक्टेयर या 12.46 क्विंटल प्रति एकड़ ग्राम प्राप्त हुआ। प्रयोग के दौरान जिला सांख्यिकी पदाधिकारी मोती कुमार दिनकर, सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार सिंह, प्रखण्ड सांख्यिकी पदाधिकारी जितेन्द्र कुमार के साथ किसान एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाया गया पीएनबी का 131वां स्थापना दिवस

## पौधारोपण, ग्राहक सम्मान व सामाजिक कार्यक्रमों की रही धूम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** पंजाब नैशनल बैंक अपने गौरवशाली इतिहास के 131वें स्थापना दिवस को पूरे देश में उत्साह और गरिमा के साथ मना रहा है। इस उपलक्ष्य में 7 से 12 अप्रैल तक विशेष सप्ताह के रूप में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। औरंगाबाद मंडल के अंतर्गत आने वाली सभी शाखाओं व कार्यालयों में शुक्रवार को स्थापना दिवस से जुड़ी गतिविधियों की श्रृंखला में कई कार्यक्रम संपन्न हुए। दिन की शुरुआत ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), औरंगाबाद में पौधारोपण कार्यक्रम के साथ हुई जिसमें बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। पर्यावरण संरक्षण के संदेश को प्रकट करते हुए विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। इसके बाद मंडल कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बैंक के संस्थापक लाला लाजपत राय के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देने से हुई। बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों और सभी कर्मचारियों ने राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण करते हुए उनके सिद्धांतों पर चलने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर बैंक के पुराने और प्रतिष्ठित ग्राहकों को विशेष रूप से आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। उन्हें प्रतीक चिन्ह और सम्मान-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में ग्राहकों ने भी अपने अनुभव साझा किए और बैंक के प्रति अपने विश्वास को प्रकट किया। बैंक प्रबंधन ने सभी ग्राहकों के सहयोग और भरोसे के लिए आभार व्यक्त करते हुए पारस्परिक संबंधों को और मजबूत करने की बात कही। मंडल प्रमुख प्रवीण कुमार, उप मंडल प्रमुख, अग्रणी जिला प्रबंधक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी इस मौके पर उपस्थित रहे। सभी ने बैंक की विकास यात्रा को साझा किया और भावी योजनाओं की जानकारी दी। स्थापना सप्ताह के अंतर्गत पूरे सप्ताह शाखाओं में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम, सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े आयोजन, ऋण जागरूकता शिविर, स्वच्छता अभियान तथा डिजिटल बैंकिंग पर कार्यशालाएं आयोजित की जा रही है। बैंक प्रबंधन ने आशा जताई कि आने वाले वर्षों में ग्राहक सेवा, नवाचार और सामाजिक सरोकार के प्रति प्रतिबद्धता के साथ पीएनबी नई ऊंचाइयों को छुएगा।

# दीवार के नीचे दबकर अधेड़ की मौत

## चार बच्चों के सर से उठा पिता का साया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

- आंधी-तूफान से गिरी दीवार के नीचे आया व्यक्ति
- बाल-बच्चों के समक्ष भुखमरी की नौबत

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र में बीते गुरूवार की देर शाम आई आंधी-तूफान ने संडा गांव के एक गरीब परिवार की खुशियां उजाड़ दी। जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी 43 वर्षीय राजकुमार चौधरी तूफान के वक्त दीवार के किनारे बैठे हुए थे। इस दौरान दीवार उनके ऊपर गिर गई। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने मलबे को हटाकर उन्हें बाहर निकाला और इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरिहरगंज ले गए। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। चिकित्सक ने बताया कि दीवार के नीचे दब जाने से उन्हें गंभीर चोटें आई थीं। घटना की सूचना मिलने पर कुटुंबा थाना की पुलिस मृतक के घर पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम के पश्चात शव के अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया जाएगा। मृतक मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। इस घटना ने चार मासूम बच्चों के सर से बाप का साया छीन लिया। मृतक के दो पुत्र एवं दो पुत्रियां है। परिजनों ने सरकार से मदद की गुहार लगाई है।

## एसीएमओ को दी गई विदाई

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** करीब चार साल से तैनात अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. किशोर कुमार सेवानिवृत्त हो गए हैं। शुक्रवार को समारोहपूर्वक सदर अस्पताल में भावभीनी विदाई दी गई। विदित हो कि डॉ किशोर बीते 31 मार्च को सेवानिवृत हुए थे। इस अवसर पर डॉ. किशोर ने यहां के कार्यकाल के दौरान सहकर्मियों से मिले सहयोग को याद करते हुए उनके प्रति आभार प्रकट किया। इस कार्यक्रम का संचालन डीएस सुरेंद्र सिंह ने किया। वहीं आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यह जीवन एक सच है कि जब आप नौकरी करते है तो एक दिन आप को रिटायर करना ही है।

# होम्योपैथी सस्ती, सुरक्षित और बेहद प्रभावी चिकित्सा पद्धति : डॉ. मनोज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर शहर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. मनोज कुमार सहित कई चिकित्सकों ने होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति की उपयोगिता और संभावनाओं पर प्रकाश डाला। यह दिवस होम्योपैथी के जनक, महान वैज्ञानिक डॉ. क्रिश्चियन फैब्रिक सैमुअल हैनिमैन की जयंती के रूप में मनाया जाता है, जिनका जन्म 10 अप्रैल 1755 को जर्मनी के माइसेन में हुआ था। डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि होम्योपैथी एक सस्ती, सुरक्षित और प्रभावी चिकित्सा पद्धति है, जो विशेष रूप से पुरानी और जटिल बीमारियों में कारगर साबित होती है। उन्होंने कहा कि ''स्वस्थ शरीर जब रोगग्रस्त होता है, तो इलाज लक्षणों के आधार पर किया जाना चाहिए, न कि केवल रोग के नाम पर।'' डॉ. मनोज कुमार ने दावा किया कि उन्होंने अपने 27 वर्षों के चिकित्सा अनुभव में अब तक लगभग 25,000 मरीजों का निःशुल्क उपचार किया है। उन्होंने 'पीपीपी' यानी प्रेजेंट, प्रीडॉमिनेटिंग और पर्सिस्टिंग लक्षणों के आधार पर इलाज की पद्धति को बेहद प्रभावी बताया। इस आधार पर एड्स, कैंसर, पैरालिसिस, आर्थराइटिस जैसी असाध्य बीमारियों में भी राहत दी जा सकती है। इस अवसर पर डॉ. कमलेश कुमार, डॉ. सत्येंद्र कुमार, डॉ. विपिन सहित कई अन्य चिकित्सक मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि होम्योपैथी न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में तेजी से लोकप्रिय होती जा रही है। भारत में यह चिकित्सा पद्धति अपनी मीठी गोलियों और कोमल उपचार प्रणाली के कारण घर-घर में पहचानी जाती है। एक अनौपचारिक अध्ययन के अनुसार देश की लगभग 10% जनसंख्या अपनी स्वास्थ्य आवश्यकताओं के लिए केवल होम्योपैथी पर निर्भर करती है। कार्यक्रम का समापन हैनिमैन के योगदान को स्मरण करते हुए और होम्योपैथी को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ हुआ।

# डायबिटीज पर विशेषज्ञ चिकित्सकों के सफल कांफ्रेंस के आयोजन को लेकर आभार कार्यक्रम

## शानदार आयोजन की सफलता का श्रेय डॉ बीके सिंह को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** रिसर्च सोसायटी फॉर द स्टडीज ऑफ डायबिटीज इन इंडिया (आरएसएसडीआई) के बिहार चैप्टर के सातवें वार्षिक कांफ्रेंस के शानदार एवं सफल आयोजन होने को लेकर आज यहां जसोईया के बियाडा स्थित एमएलएस कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी के सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का संयोजन आरएसएसडीआई के बिहार चैप्टर के आयोजन सचिव एवं प्रख्यात चिकित्सक डॉ बी के सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ सिंह ने कहा कि औरंगाबाद जैसी जगह में राज्य एवं देश के ख्याति प्राप्त डायबिटीज विशेषज्ञों का महाजुटान और सफल कांफ्रेंस का आयोजन इससे जुड़े लोगों के सहयोग एवं मेहनत से ही संभव हो सका। आयोजन के प्रचार-प्रसार में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने संस्था की ओर से सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक कमल किशोर ने डायबिटीज पर वृहद एवं सफल कांफ्रेंस कराने का पूरा श्रेय आयोजन सचिव डॉ. बीके सिंह को दिया और कहा कि उनके इस शानदार आयोजन एवं कदम से औरंगाबाद का सम्मान पूरे राज्य तथा देश के चिकित्सा जगत में बढ़ा है। कार्यक्रम में वरीय पत्रकार संजय सिन्हा, गणेश प्रसाद, प्रियदर्शी किशोर, समाजसेवी अमिताभ सिंह मुन्ना जी ने भी अपने विचार रखे। आरंभ में एमएलएस कॉलेज आफ फार्मेसी की चेयरपर्सन सरिता सिंह के नेतृत्व में महिलाओं ने केक काटा एवं बधाई दी। स्वागत गान संस्थान की छात्राओं ने प्रस्तुत किया।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम का औरंगाबाद आगमन आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** कुटुंबा विधायक राजेश राम को कांग्रेस बिहार प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। शुक्रवार को जिला अतिथि गृह में जिलाध्यक्ष राकेश कुमार उर्फ पप्पू सिंह ने प्रेसवार्ता कर बताया कि राजेश राम जी को प्रदेश अध्यक्ष बनने से कार्यकर्ताओं में उत्साह है। उम्मीद है, उनके मार्गदर्शन में पार्टी को मजबूती मिलेगी और बिहार में महागठबंधन की सरकार बनेगी। वक्ताओं ने कहा कि इस बार कांग्रेस पार्टी ने एक दलित के बेटे को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। राजेश राम काफी अनुभवी नेता है। वरिष्ठ नेता अजय कुमार चौधरी ने कहा कि बिहार में एक दलित नेता की तलाश वर्षों से थी। राजेश राम शनिवार की सुबह पटना से औरंगाबाद के लिए रवाना होंगे। इस दौरान उनका पटना के नौबतपुर, अरवल मोड़ पर, औरंगाबाद के ठाकुर बिगहा, भखरुआ मोड़ पर कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया जाएगा। इसके बाद ओबरा के खरांटी पूल पर शहीद जगतपति, जगदेव प्रसाद एवं श्रीकृष्ण सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे, फिर ओबरा के शंकरपुर होते हुए रमेश चौक पर, अनुग्रह बाबू के स्मारक पर, शंकरदयाल सिंह, सत्येंद्र बाबू, रमेश चौक, सिन्हा कॉलेज, समाहरणालय स्थित भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए नगर भवन में कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

# डॉ. आयुष्मान को मिला स्वास्थ्य मंत्री से प्रशंसा पत्र

## फरवरी में सर्वाधिक बाह्य रोगियों को दी सेवा, पूरे राज्य में रहे अव्वल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मदनपुर (औरंगाबाद)।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में पदस्थापित डॉ. आयुष्मान को फरवरी माह में बिहार राज्य में सर्वाधिक बाह्य रोगियों को चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय द्वारा प्रशंसा पत्र दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने पत्र के माध्यम से डॉ. आयुष्मान के समर्पण, सेवाभाव और चिकित्सा कौशल की सराहना करते हुए कहा कि आपकी विशेषज्ञता और सजगता से अनेक मरीजों को राहत मिली है। यह कार्य आपकी कर्मठता का प्रमाण है। गौरतलब है कि डॉ. आयुष्मान ने फरवरी-2025 में रिकॉर्ड संख्या में बाह्य रोगियों को परामर्श एवं उपचार प्रदान किया। उनके नेतृत्व में सीएचसी मदनपुर पर प्रतिदिन सैकड़ों मरीजों का इलाज हुआ, जिससे यह केंद्र राज्य में सबसे अधिक मरीजों को सेवा देने वाले स्वास्थ्य केंद्रों में शामिल हो गया। स्थानीय लोगों और सहयोगी स्टाफ ने भी डॉ. आयुष्मान को इस उपलब्धि पर बधाई दी है। डॉ. आयुष्मान ने प्रशंसा पत्र मिलने पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें और अधिक निष्ठा के साथ जनसेवा के लिए प्रेरित करेगा।

## सड़क दुर्घटना में सात घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** एनएच 19 पर एक अनियंत्रित कार बाइक में टक्कर मारते हुए सड़क किनारे जा गिरी। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के कुशहा मोड़ की है, जिसमें सात लोग घायल हो गए। घटना शुक्रवार शाम की है। घायलों की पहचान बाइक सवार थाना क्षेत्र के हाजीपुर गांव निवासी विजय ठाकुर, सुबोध ठाकुर, अशोक कुमार, गया मेडिकल निवासी प्रदीप कुमार की पत्नी गुलामी देवी, पुत्र शुभम कुमार, सन्नी कुमार एवं पुत्री गायत्री कुमारी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार औरंगाबाद की ओर से आ रही तेज रफ्तार एक अनियंत्रित कार ने बाइक में टक्कर मार दी।

# श्रमिकों के कल्याण व सुरक्षा पर श्री सीमेंट में संवाद कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** श्री सीमेंट लिमिटेड औरंगाबाद में 'श्रम संवाद' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह संवाद दो चरणों में सम्पन्न हुआ। प्रथम चरण में 80 श्रमिकों की उपस्थिति रही, जबकि द्वितीय चरण में प्लांट प्रबंधन के साथ विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम यूनिट हेड अतुल शर्मा के नेतृत्व व मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्लांट के एचआर हेड बी.एस. राठौड ने मनोज कुमार चौधरी का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गया अंचल के कारखाना निरीक्षक मनोज कुमार चौधरी थे, जिन्होंने प्रथम चरण में उपस्थित श्रमिकों को संबोधित करते हुए फैक्ट्री अधिनियम के अंतर्गत उपलब्ध सातों प्रमुख स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कल्याण सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने श्रमिकों को जागरूक करते हुए बताया कि इन कानूनी प्रावधानों का उद्देश्य कार्यस्थल को सुरक्षित, स्वस्थ एवं सहयोगपूर्ण बनाना है। दूसरे चरण में श्री चौधरी ने प्लांट प्रबंधन टीम के साथ संवाद करते हुए श्रमिकों के लिए लागू स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कल्याण कार्यक्रमों की समीक्षा की। इस दौरान कार्यस्थल पर श्रम कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा सतत सुधार की दिशा में भी चर्चा हुई। यह संवाद कार्यक्रम श्रमिकों और प्रबंधन के बीच पारदर्शिता, जागरूकता और सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल रही, जो कार्यस्थल को और अधिक सुरक्षित एवं श्रमिकों के अनुकूल बनाने की दिशा में सहायक सिद्ध होगी।


### शपथ-पत्र

मैं मोहम्मद अजहर, उम्र- 43 वर्ष, पिता- मोहम्मद महमूद खान, पता- ग्राम- चतरा मोड़, भैरोपुर (दृष्टि आंख अस्पताल), थाना- औरंगाबाद मुफस्सिल, जिला- औरंगाबाद (बिहार) निम्न बातों को शपथ एवं निष्ठापूर्वक बयान करता हूं जो इस प्रकार है:-

1. यह कि Alvi Azhar Khan मेरा पुत्र है। इनकी माता का नाम Rinki Khatoon है।
2. यह कि Alvi Azhar Khan का जन्मतिथि 29.01.2015 ई0 है।
3. यह कि Alvi Azhar Khan अब Ewaan Azhar के नाम से जाने जायेंगे।
4. यह कि दिनांक 11.04.2025 ई0 से मेरा पुत्र Alvi Azhar Khan अब Ewaan Azhar के नाम से जाने जायेंगे।

इस संबंध में लेख्य प्रमाणक, औरंगाबाद के समक्ष शपथ पत्र संख्या 6584 दिनांक 11.4.25 दाखिल किया जा चुका है।

**मोहम्मद अजहर**
शपथकर्ता



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269


# यातायात नियमों के उल्लंघन में 7 करोड़ 27 लाख रूपये शमन की हुई वसूली

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में बैठक में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने दिए कई निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा सडक दुर्घटनाओं के आंकड़े का विश्लेषण के क्रम में पाया गया कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत माह मार्च 2025 तक कुल मृतकों की संख्या 91 तथा घायलों की संख्या 50 है, जो अत्यंत ही चिंता का विषय है। इस संबंध में सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि ब्लैक स्पॉट वाले स्थानों के पास साईनेज, बोर्ड एवं रम्बल स्ट्रीप आदि लगाना सुनिश्चित करेंगे तथा जिला परिवहन कार्यालय के सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि लगातार दोपहिया वाहन का सघन रूप से हेलमेट का जांच करना सुनिश्चित करेंगे। मोटरयान निरीक्षक के द्वारा बताया गया कि परिवहन विभाग, बिहार पटना से प्राप्त निर्देश के आलोक में हेलमेट एवं सीट बेल्ट का विशेष अभियान चलाकर जांच किया जाता है। वर्तमान में भी हेलमेट एवं सीट बेल्ट का विशेष जांच अभियान इस जिला में जारी है। इसके लिए हमारे स्तर, प्रवर्तन अवर निरीक्षक एवं सभी थाना औरंगाबाद जिला द्वारा नियमित रूप से हेलमेट एवं सीट बेल्ट का विशेष अभियान चलाकर जांच किया जाता है तथा जांच में जप्त वाहनों से जुर्माने की राशि वसूली जाती है। यातायात नियमों के उल्लंघन के दौरान अप्रैल 2024 से अब तक जिला परिवहन पदाधिकारी, मोटरयान निरीक्षक प्रर्वतन अवर निरीक्षक एवं सभी थाना द्वारा कुल 10 करोड़ रूपये लक्ष्य के विरुद्ध 7 करोड़ 27 लाख रूपये की शमन की राशि वसूल की गई है। हिट एंड रन से संबंधित मामले में औरंगाबाद जिला अंतर्गत 01 अप्रैल 2022 से प्राप्त कुल आवेदन 330 में से जिलाधिकारी द्वारा 317 मामले को स्वीकृत कराकर जीआईसी, एमयूएमएआई को भेजा गया है, जिसमें से 248 लाभुकों को उनके खाते में भुगतान कर दिया गया है। नन हिट एंड रन से संबंधित मामले में औरंगाबाद जिला से मामले का निष्पादन हेतु कुल-116 मूल संचिका को ट्रिब्यूनल कोर्ट, गया में भेजा गया है। पुलिस उपाधीक्षक द्वारा सभी थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक महीने सड़क दुर्घटनाओं से सबंधित डाटा (पोस्टमार्टम रिपोर्ट एफआईआर एवं अन्य दस्तावेज) की एक प्रति जिला परिवहन कार्यालय, औरंगाबाद को जमा करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक, सिविल सर्जन, परियोजना निदेशक एनएचएआई सासाराम के सदस्य, एनएच-139 के सदस्य, एनएच-120 के सदस्य, एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## बाइक चोरी

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** अज्ञात चोरों द्वारा एक बाइक चोरी का मामला सामने आया है। मामला नगर थाना क्षेत्र के रमेश चौक के समीप एक मॉल की है। घटना को लेकर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तेंदुआ गांव निवासी अभिमन्यु कुमार ने बताया किवह जोमैटो कंपनी में काम करता हैं। एचडीएफसी बैंक के समाने एक निजी मॉल में रात करीब 8 बजे ऑर्डर डिलीवरी करने गया था। जब वापस लौटा तो देखा वहां से स्प्लेंडर बाइक गायब था। अपने स्तर से काफी खोजबीन की, लेकिन बाइक नहीं मिला। उसने बताया कि इस संबध नगर थाना में तहरीर समर्पित कर खोजबीन की मांग की हैं। इधर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बाइक चोरी की सूचना मिली है।

CMYK